वर्ष : 17 अंक : 200 लखनऊ सोमवार, 28 जुलाई, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 5:14
सूर्यास्त : 7:04
अधिकतम : 33:00°
न्यूनतम : 28:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4



ट्रोलर्स बोले- शादी कर लो बूढ़ी हो रही हो 10

6 लाख अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा 2
एको रूद्र द्वितीयो नास्ति 6
दीवार न होती तो हरिद्वार के मनसा देवी ... 12

# हरिद्वार में भगदड़, छह की मौत

## मनसा देवी मंदिर में भारी भीड़ जुटने से 25 सीढ़ी पहले हादसा, 29 घायल

● सीएम धामी ने दिये मजिस्ट्रेट जांच के आदेश ● मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख का मुआवजा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**हरिद्वार।** हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह तकरीबन 9:15 बजे भगदड़ मच गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 लोग घायल हैं। यह मंदिर पहाड़ के ऊपर बना हुआ है और यहां पहुंचने के लिए करीब 800 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं।

हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा- मनसा देवी मंदिर में भगदड़ में 35 लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी। इन्हें अस्पताल लाया गया, लेकिन 6 लोगों की मौत हो गई। बाकी का इलाज चल रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना को लेकर मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी इस हादसे पर गहरा दुख जताया है।

मंदिर पहुंचने के लिए करीब 25 सीढ़ियां बची थीं, तभी हादसा हुआ। रविवार को भीड़ बहुत ज्यादा थी। इस बीच कुछ लोग वहां लगे तार को पकड़कर आगे बढ़े। इस दौरान कुछ तार छिल गए और उनमें करंट आ गया। इससे अफरा-तफरी मच गई और सीढ़ियों पर गिरने से लोग मारे गए। इधर हरिद्वार पुलिस ने मंदिर में करंट फैलने की बात को अफवाह बताया। गढ़वाल डिवीजन के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने कहा कि मंदिर में भारी भीड़ जुटने की वजह से हादसा हुआ। मनसा देवी मंदिर हरिद्वार में शिवालिक पहाड़ियों पर बिल्व पर्वत पर स्थित है। यह हर की पौड़ी से लगभग 3 किमी दूर स्थित है और यहां 1.5 किमी की चढ़ाई वाले रास्ते से या रोपवे के माध्यम से पहुंचा जा सकता है।






### उत्तर प्रदेश के मृतक


1. आरूष पुत्र पंकज उर्फ प्रवेश, उम्र 12 वर्ष, निवासी-सौदा बरेली।
2. विक्की पुत्र रिक्का राम सैनी, उम्र 18 वर्ष ग्राम-विलासपुर थाना - विलासपुर कैमरी रोड़ नगलिया कला मजरा रामपुर।
3. वकील पुत्र भरत सिंह निवासी मौहतलवाद, जिला बाराबंकी।
4. श्रीमती शान्ति पत्नी रामभरोसें बदायू उत्तर प्रदेश।

» तार में करंट उतरने की फैलायी गयी थी अफवाह

हादसे पर मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी की मानें तो भगदड़ की घटना मंदिर के अंदर किसी के फिसलकर गिरने के कारण हुई न कि बिजली का तार टूटने की अफवाह की वजह से। वहीं हरिद्वार जिला प्रशासन का कहना है कि वह अफवाह फैलाने वाले एंगल से भी घटना की जांच करेगा।

हरिद्वार के जिला मजिस्ट्रेट मयूर दीक्षित ने कहा कि हमें तस्वीरों और वीडियो की जांच से पता चला है कि किसी ने बिजली का तार टूटने की अफवाह फैलाई थी। हालांकि तार टूटने के संकेत नहीं मिले हैं। ऐसे में हम जांच करेंगे कि अफवाह किसने फैलाई? मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा- मनसा देवी मंदिर तक जाने के तीन रास्ते हैं - रोपवे, वाहनों का रास्ता और हर की पौड़ी से सीधा एक प्राचीन रास्ता। रविवार को मंदिर परिसर में भारी भीड़ जमा होने पर पुलिस को सूचित किया गया। इसके बाद बैरिकेड्स लगाए गए लेकिन फिर भी भीड़ ऊपर आ गई। इसी बीच एक व्यक्ति फिसल गया, जिसके कारण यह पूरी घटना घटी।पुरी ने आगे कहा- जब मंदिर के अधिकारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तो सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। यह पूरा हादसा बिजली का करंट लगने की घटना नहीं है। इस तरह की घटना होने के कोई संकेत नहीं हैं... हम पीड़ित परिवारों की सहायता करेंगे। वहीं राज्य आपदा प्रबंधन केंद्र ने बताया कि हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जबकि 23 अन्य को मामूली चोटें आई हैं। इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के जिला अस्पताल का दौरा किया और घायलों से मुलाकात की। कुछ घायलों को उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है।

संबंधित खबरे पेज 12 पर...



सियाचिन ग्लेशियर पर रविवार को जेसीओ से मुलाकात करते आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी

# भारत के दुश्मनों के लिए कोई पनाहगाह नहीं

## चोल सम्राट राजेन्द्र चोल के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में पीएम बोले

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया को दिखाया कि अगर भारत की संप्रभुता पर हमला हुआ, तो वह किस तरह जवाब देगा और सीमा पार सैन्य कार्रवाई ने पूरे देश में एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां चोल सम्राट राजेंद्र चोल के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह भी साबित कर दिया कि भारत को निशाना बनाने वाले दुश्मनों और आतंकवादियों के लिए कोई जगह सुरक्षित नहीं है। यह कार्यक्रम महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती को रेखांकित करता है, जिसे 'आदि तिरुवथिरई' (तमिल माह आदि में राजा का जन्म नक्षत्र तिरुवथिरई है) उत्सव के रूप में मनाया जाता है।



प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में कहा, "दुनिया ने देखा कि अगर कोई भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर हमला करता है, तो वह कैसे जवाब देता है।'' उन्होंने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि भारत के दुश्मनों के लिए, आतंकवादियों के लिए, कोई पनाहगाह नहीं है। जब मैं हेलीपैड से यहां आया, तो तीन-चार किलोमीटर की दूरी अचानक एक रोड शो में बदल गई, और हर कोई ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा कर रहा था।" प्रधानमंत्री ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में एक नई जागृति, एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। दुनिया को भारत की ताकत का एहसास होना चाहिए।" मोदी ने कहा कि सम्राट राजराज चोल और उनके पुत्र राजेंद्र चोल-प्रथम के नाम भारत की पहचान और गौरव के पर्याय हैं । उन्होंने घोषणा की कि तमिलनाडु में उनकी भव्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी और ये प्रतिमाएं हमारे ऐतिहासिक जागरण के आधुनिक स्तंभ होंगी।

### धनखड़ को बतानी होगी पूरी बात : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि उन्हें जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने की असली वजह के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि धनखड़ को बताना होगा कि असली में क्या हुआ था, क्योंकि मामला उनके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच का है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि धनखड़ ने हमेशा सरकार का पक्ष लिया। उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष ने मुद्दे उठाने की कोशिश की, चाहे वह किसानों या गरीबों से संबंधित हो या विदेश नीति से जुड़ा हो, उन्होंने कभी भी विपक्ष को ऐसा करने की अनुमति नहीं दी।

यह सवाल पूछे जाने पर कि क्या धनखड़ को किसानों के पक्ष में बोलने के कारण इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा, खड़गे ने कहा, "मुझे ये सब जानकारी नहीं है।

# संयम नहीं, अब आक्रामक जवाब देगा भारत

## नया युद्ध सिद्धांत : भविष्य के खतरों से पहले ही निपटेगी सेना

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना आतंकवाद और नयी तरह की चुनौतियों से निपटने के लिए 'नया युद्ध सिद्धांत' अपनाने की तैयारी में है। दरअसल, दशकों से सीमापार से प्रायोजित आतंकवाद से लड़ाई और हाल के ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबक इसका आधार बनेंगे।

नये युद्ध सिद्धांत में दर्ज होगा कि आतंकी हमले देश के खिलाफ युद्ध हैं। नॉन स्टेट एक्टर्स की आड़ में आतंक को 'स्टेट पॉलिसी' के तौर पर इस्तेमाल करने वालों से निपटने के लिए सैन्यबल 24 घंटे तैयार रहेंगे। ऐसी आक्रामक रणनीति नई युद्ध नीति का आधार होगी। सैन्य मामलों का विभाग नए युद्ध सिद्धांत के तमाम पहलुओं पर काम कर रहा है।

### सियाचिन में अफसरों से मिले आर्मी चीफ

सियाचिन। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने विश्व के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में एक अग्रिम चौकी का दौरा किया और 18 जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स के जवानों से मुलाकात की। यह दौरा बेहद भावनात्मक रहा, क्योंकि यहीं से वे कभी एक युवा अधिकारी के रूप में सेना में नियुक्त हुए थे और इसी बटालियन का उन्होंने नेतृत्व भी किया था। दौरे के दौरान एक अत्यंत मार्मिक क्षण उस समय आया, जब जनरल द्विवेदी की मुलाकात उन्हीं सात जूनियर कमीशंड अधिकारियों और जवानों से हुई, जिन्होंने उनके नेतृत्व में बतौर युवा सैनिक अपनी सेवाएं देनी शुरू की थीं। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद उसी बटालियन में अपने पुराने साथियों से मिलना एक भावुक क्षण था। उन्होंने बर्फीली ऊंचाइयों में अपने पुराने दिनों को याद करते हुए सैनिकों से लंबी बातचीत भी की।

नए सिद्धांत में 'सामरिक संयम' की जगह 'प्रोएक्टिव डेटेरेंस', 'प्रिएम्टिव स्ट्राइक्स' और 'प्रिवेंटिव कार्रवाई' पर जोर रहेगा। इनका मतलब है कि दुश्मन को पहले ही डराकर रोकना, खतरा दिखे तो हमला करना और भविष्य के खतरों से पहले ही निपटना।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की निगरानी में इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। शुरुआत में सेना ने एक फ्यूचर वॉरफेयर एनालिसिस ग्रुप बनाया है, जो युद्ध के तौर-तरीकों का अध्ययन करेगा। इस ग्रुप की सिफारिश पर नया ट्रेनिंग सिस्टम, सैन्य बलों के आधुनिकीकरण, खरीदारी और ऑपरेशनल प्लानिंग तय की जाएगी। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने शांगरीला डायलॉग में उन सामरिक बदलावों का जिक्र किया था, जिनकी वजह से नई युद्ध रणनीति जरूरी है। इसके तहत तीन बदलाव होंगे। वेपन सिस्टम्स सब-सोनिक से सुपर और हाइपर-सोनिक हो गए। स्टेल्थ टेक्नोलॉजी ने वार व बचने की कला को नई परिभाषा दी है। एआई, मशीन लर्निंग और लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स से निर्णय लेने की क्षमता में तेजी आई है। वारफेयर का इंटेलीजेसन हुआ है।

# बिहार की वोटर लिस्ट से 65 लाख नाम हटाये गये

## कांग्रेस नेता सिंघवी ने कहा- यह नागरिकता परीक्षण, चुनाव आयोग को इसका हक नहीं

विश्ववार्ता ब्यूरो

**पटना।** चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट की विशेष गहन पुनरीक्षण के पहले चरण के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके मुताबिक बिहार में अब 7.24 करोड़ वोटर हैं। पहले यह आंकड़ा 7.89 करोड़ था। वोटर लिस्ट रिवीजन के बाद 65 लाख नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इस बीच कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने निर्वाचन आयोग से बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को रोकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह कवायद नागरिकता परीक्षा बन गई है। भाकपा, राजद और माकपा नेताओं ने भी निर्वाचन आयोग के इस कदम पर सवाल उठाए। हटाए गए नामों में वे लोग शामिल हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं या फिर कहीं और स्थायी रूप से रह रहे हैं या जिनका नाम दो वोटर लिस्ट में दर्ज था। इनमें से 22 लाख लोगों की मौत हो चुकी हे। 36 लाख मतदाता स्थानांतरित पाए गए, जबकि 7 लाख लोग अब किसी और क्षेत्र के स्थायी निवासी बन चुके हैं।






यह विशेष अभियान 24 जून 2025 को शुरू हुआ था, जिसका उद्देश्य फर्जी, दोहरे नामांकन और स्थानांतरित मतदाताओं को सूची से हटाना और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ना था। इस व्यापक पुनरीक्षण के तहत 7.24 करोड़ नागरिकों के वैधता फॉर्म इकट्ठे किए गए। इसके लिए बूथ स्तर अधिकारी और बूथ स्तर एजेंट ने अहम भूमिका निभाई। इन्होंने घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक जानकारी एकत्र की। 25 जुलाई 2025 तक पहले चरण को 99.8% कवरेज के साथ सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया।

अब अगले चरण में, 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 के बीच ऐसे सभी योग्य नागरिक जिनका नाम किसी कारणवश सूची में शामिल नहीं हो सका है, उन्हें ड्राफ्ट लिस्ट में नाम जुड़वाने का मौका मिलेगा। वहीं जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं, उनका नाम केवल एक स्थान पर रखा जाएगा। आयोग ने यह भी बताया कि बिहार में इस अभियान की सफलता को देखते हुए इसे अब पूरे भारत में लागू करने की योजना बनाई जा रही है। सिंघवी ने रविवार को कहा कि निर्वाचन आयोग को 'संस्थागत अहंकार' नहीं रखना चाहिए और बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को रोकना चाहिए। भाकपा लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज झा और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नेता नीलोत्पल बसु के साथ नयी दिल्ली में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सिंघवी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा की जा रही कवायद एक 'नागरिकता परीक्षा' बन गई है और उन्होंने इसकी वैधता पर सवाल उठाया।

### यूपी के कई जिलों में ड्रोन की दहशत

**बुलंदशहर।** यूपी के कई जिलों में इन दिनों ड्रोन की दहशत फैली है। इसके चलते ग्रामीण रात भर पहरा देने को मजबूर हैं। औरंगाबाद थाना क्षेत्र के 20 से अधिक गांवों में शनिवार रात ड्रोन देखे गए। राजगढ़ी में ड्रोन चोरों को देख ग्रामीणों ने फायरिंग कर उन्हें खदेड़ दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ड्रोन चोरों की खोजबीन की है, लेकिन पुलिस के कोई हत्थे नहीं चढ़ सका है। बता दें कि शनिवार रात 11 बजे गांव राजगढ़ी में कई स्थानों पर ड्रोन उड़ते हुए ग्रामीणों को दिखाई दिए।

ड्रोन देखने को ग्रामीण सड़कों पर उतर आए। गांव में ड्रोन चोर आने का हल्ला देख ग्रामीणों ने तीन राउंड फायरिंग कर दी। ग्रामीणों के अनुसार ड्रोन चोर गन्ने के खेत में घुस गए। ग्रामीणों ने खेत को घेरकर उनकी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर आ गई।

# भारत को शेर बनना है, सोने की चिड़िया नहीं

## देश के नाम का अनुवाद नहीं होना चाहिए अन्यथा यह पहचान खो देगा

एजेंसी

**कोच्चि।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हमें फिर से सोने की चिड़िया नहीं बनना है, बल्कि हमको शेर बनना है। दुनिया शक्ति की ही बात समझती है और शक्ति संपन्न भारत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'भारत' का अनुवाद नहीं किया जाना चाहिए अन्यथा यह अपनी पहचान और विश्व में इसे जो सम्मान प्राप्त है, वह खो देगा। मोहन भागवत ने कहा कि मनुष्य के पास भगवान या राक्षस बनने का विकल्प है। राक्षस बनकर वह अपनी और दूसरों की जिंदगी बर्बाद करता है, जबकि भगवान बनकर वह स्वयं और समाज का उत्थान करता है। शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को सही दिशा में ले जाना है, ताकि वह भूखा न रहे और आत्मनिर्भर बन सके। शिक्षा केवल आजीविका तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह व्यक्ति को नैतिक और सांस्कृतिक रूप से भी सशक्त बनाए।



भागवत ने स्पष्ट किया कि विकसित भारत और विश्व गुरु भारत कभी युद्ध का कारण नहीं बनेगा, बल्कि यह विश्व में शांति और समृद्धि का संदेशवाहक होगा। भारत की यह पहचान उसकी शिक्षा प्रणाली और सांस्कृतिक मूल्यों से और मजबूत होगी।

भागवत ने कहा कि इंडिया तो 'भारत' है लेकिन जब हम इसके बारे में बात करते हैं, लिखते हैं या बोलते हैं तो इसे इसी रूप में रखा जाना चाहिए फिर चाहे वह सार्वजनिक रूप से हो या व्यक्तिगत रूप से। उन्होंने कहा कि ₹क्योंकि यह भारत है₹ इसलिए भारत की पहचान का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा, '"भारत एक व्यक्तिवाचक संज्ञा है। इसका अनुवाद नहीं किया जाना चाहिए। यह सच है कि 'इंडिया भारत है'। लेकिन भारत, भारत है। इसलिए बातचीत, लेखन और भाषण के दौरान फिर चाहे वह व्यक्तिगत हो या सार्वजनिक हमें भारत को भारत ही रखना चाहिए।"

उन्होंने कहा, "भारत को भारत ही रहना चाहिए। भारत की पहचान का सम्मान किया जाता है क्योंकि यह भारत है। अगर आप अपनी पहचान खो देते हैं तो चाहे आपके कितने भी अच्छे गुण क्यों न हों आपको इस दुनिया में कभी सम्मान या सुरक्षा नहीं मिलेगी। यही मूल सिद्धांत है।"

### विपक्ष मुझे देशद्रोह करार देने पर उतारू था : निकम

**मुम्बई।** मुंबई आतंकी हमले के बाद पकड़े गए पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब की चर्चा एक बार फिर होने लगी है। राज्यसभा सदस्य एवं 26/11 मुंबई आतंकवादी हमला मामले में सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम ने कहा है कि कुछ विपक्षी नेताओं ने मुकदमे को लेकर निराधार दावे किए थे। निकम ने सांसद बनने पर आयोजित एक सम्मान समारोह में कहा, 'यहां तक कि पाकिस्तान ने भी यह दावा नहीं किया कि अजमल कसाब के खिलाफ गलत मुकदमा चलाया गया था। पाकिस्तान ने कभी नहीं कहा कि कसाब को (अपनी बेगुनाही साबित करने का) मौका नहीं दिया गया।' उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं ने मुझे भी देशद्रोही करार दे दिया। कसाब उन 10 आतंकवादियों में से एकमात्र जीवित बचा था, जिन्होंने नवंबर 2008 में मुंबई पर आतंकी हमला किया था, जिसमें 166 लोगों की मौत हो गई थी।

# चंद्रास्वामी और सऊदी हथियार डीलर खशोगी से भी थे फर्जी राजदूत के संबंध

## 300 करोड़ के घोटाले से भी जुड़े हैं तार, एटीएस की जांच में कई नये राज खुले

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में फर्जी दूतावास चलाने के आरोप में गिरफ्तार हर्षवर्धन जैन के तार 300 करोड़ रुपए के घोटाले से भी जुड़ रहे हैं। कवि नगर में जैन के फर्जी दूतावास पर छापेमारी के दौरान पुलिस को विवादास्पद धर्मगुरु चंद्रास्वामी और सऊदी अरब के एक हथियार डीलर के साथ उसकी तस्वीरें भी बरामद हुईं। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते द्वारा गिरफ्तार किए गए हर्षवर्धन जैन के खिलाफ जांच के दौरान 300 करोड़ रुपए के घोटाले से उसके जुड़े होने की संभावना का पता चला है। गाजियाबाद के कवि नगर में जैन के फर्जी दूतावास पर छापेमारी के दौरान पुलिस को विवादास्पद धर्मगुरु चंद्रास्वामी और सऊदी हथियार डीलर अदनान खशोगी के साथ उनकी तस्वीरें बरामद हुईं।







चंद्रास्वामी 80 और 90 के दशक में सुर्खियों में आए। उन्हें तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों- पीवी नरसिम्हा राव, चंद्रशेखर और वीपी सिंह का आध्यात्मिक सलाहकार माना जाता था। उन्हें 1996 में वित्तीय धोखाधड़ी के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर राजीव गांधी की हत्या के लिए धन मुहैया कराने का भी आरोप था। उनके आश्रम पर छापे में हथियार डीलर खशोगी से उनके संबंधों का भी खुलासा हुआ था। यूपी एटीएस ने जांच के दौरान पाया कि चंद्रास्वामी ने जैन को 2000 में लंदन में खशोगी और अहसान अली सईद से मिलवाया था। यूपी पुलिस के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि सईद ने कथित तौर पर फर्जी राजदूत के साथ मिलकर 25 फर्जी कंपनियां खोलीं। इनका इस्तेमाल सौदों में दलाली के लिए किया गया।

सईद स्विट्जरलैंड स्थित वेस्टर्न एडवाइजरी ग्रुप नाम का एक कंपनी भी चलाता था। यह कंपनी ब्रोकरेज के बदले अन्य कंपनियों को कर्ज दिलाने में मदद करती थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने कथित तौर पर लगभग 300 करोड़ रुपए (25 मिलियन पाउंड) की ब्रोकरेज वसूली की और देश से भाग गई। इसके बाद सईद को 2022 में लंदन में गिरफ्तार कर लिया गया।

### फर्जी राजदूत हर्षवर्धन जैन है कौन?

बताया जा रहा है कि हर्षवर्धन जैन लंदन कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंस से एमबीए है। वह सात साल से 'वेस्टआर्कटिका' जैसे छोटे देशों के लिए एक फर्जी दूतावास चला रहा था, जिसे किसी भी देश द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। उसने सबोरगा, पोल्विया और लोडोनिया जैसे अस्तित्वहीन देशों का राजदूत होने का दावा किया। वह गाजियाबाद के एक व्यापारी का बेटा है। उसके परिवार के पास राजस्थान में संगमरमर की खदानें थीं। उसके पिता के निधन के बाद परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी दौरान जैन की मुलाकात चंद्रास्वामी से हुई, जिन्होंने उसे लंदन जाकर कई कंपनियां खोलने में मदद की। चंद्रास्वामी की मौत के बाद जैन गाजियाबाद वापस आ गया और फर्जी दूतावास चलाने लगा। उसके ठिकानों पर छापेमारी के दौरान पुलिस ने फर्जी राजनयिक नंबर प्लेट वाली चार लग्जरी कारें, जाली दस्तावेज, विदेशी मुद्रा और हवाला रैकेट चलाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामान जब्त की।

पुलिस अब 300 करोड़ रुपए के घोटाले में जैन की संलिप्तता की जांच कर रही है। यूपी एसटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्रा ने बताया कि खशोगी से उसके संबंधों को देखते हुए हथियारों के सौदे में उसकी संलिप्तता भी जांच के दायरे में है।

### यूक्रेनी हमलों से डरा रूस, नेवी डे परेड रद्द

**मास्को।** रूस ने 27 जुलाई को हर साल मनाई जाने वाली अपनी पारंपरिक और प्रतिष्ठित नौसेना परेड को रद्द कर दिया। 'नेवी डे' के मौके पर सेंट पीटर्सबर्ग में होने वाली इस परेड को सुरक्षा कारणों के चलते पहली बार रद्द किया गया है। खास बात ये रही कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस बार परेड में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हुए। उन्होंने सिर्फ एक वीडियो संदेश के ज़रिए नौसैनिकों को संबोधित किया। दरअसल, एक दिन पहले यूक्रेन ने कई रूसी शहरों पर 100 से अधिक ड्रोन हमले किए। इनमें 10 ड्रोन सेंट पीटर्सबर्ग में भी किए गए, जहां यह परेड होनी थी।

रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, "यह निर्णय मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए लिया गया है। सुरक्षा सर्वोपरि है।"

## एक नजर

### डीएम व एसपी की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा संयुक्त रूप से आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़, रोजी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़, बद्री विशाल पीजी कालेज फर्रुखाबाद, मॉडन पब्लिक स्कूल रेलवे रोड फर्रुखाबाद, केआर रस्तोगी इंटर कालेज फर्रुखाबाद,गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल पांचाल घाट रोड लाल दरवाजा फर्रुखाबाद केंद्र में मौजूद सभी अधिकारियों को परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये। परीक्षा जनपद के 29 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई, जिसमे पंजीकृत 12936 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4796 परीक्षार्थी उपस्थिति रहे व 8140 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे।

### संवृद्धि का सशक्तिकरण : भारत की एमएसएमई क्रांति के लिए रोडमैप : अशोक



**लखनऊ।** भारत का आर्थिक भविष्य उसके एमएसएमई क्षेत्र के सतत वृद्धि और सशक्तिकरण पर निर्भर करता है। अतः, इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य है, जो देश की उद्यमशीलता की भावना और आर्थिक लचीलापन को बढ़ावा देता है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 30%, निर्यात में लगभग 46% का योगदान करने और कारोबारी क्षेत्र में श्रमशक्ति को 62% रोजगार प्रदान करने वाला एमएसएमई भारत की आर्थिक रीढ़ है 125 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाले 5.93 करोड़ एमएसएमई की भूमिका को क्षेत्रीय विकास, आजीविका सृजन और औद्योगिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि, इन संभावनाओं के बावजूद एमएसएमई को ऋण संबंधी बाधाओं, सीमित बाजार पहुंच और बुनियादी संरचना की बाधाओं जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनका समाधान करने के लिए एक मजबूत प्रणालीगत सहयोग की आवश्यकता है।

### डॉ. कलाम की पुण्यतिथि पर प्रदेशभर में आयोजन

**लखनऊ।** पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर आज पूरे उत्तर प्रदेश के समस्त मान्यता प्राप्त मदरसों में विविध कार्यक्रमों और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ स्थित मदरसा दारुल उलूम वारसिया में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन माननीय अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी जी ने किया। उन्होंने छात्रों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडलों और नवाचारों की सराहना की तथा कहा: इस प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों को डॉ. कलाम साहब के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, उनके प्रेरणादायक विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान से जोड़ने का प्रयास किया गया है। डॉ. कलाम न केवल एक महान वैज्ञानिक थे, बल्कि युवाओं के लिए एक आदर्श व्यक्तित्व भी है। ऐसे आयोजन बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।" कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री कुँवर बासित अली, प्रदेश मंत्री सुश्री नेहा खान, एवं श्री मोहम्मद आरिफ अहमद (मोनू) सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। डॉ. कलाम की स्मृति में आयोजित इस प्रदर्शनी में छात्रों ने विज्ञान, तकनीक और रचनात्मकता से जुड़ी प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों ने अत्यंत सराहा।

### सपा सांसद प्रिया सरोज ने की केंद्रीय शिक्षा मंत्री से स्कूल मर्जर नीति को रद्द करने की मांग



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की मछलीशहर से सांसद प्रिया सरोज ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश में विद्यालयों के एकीकरण (स्कूल मर्जर) की नीति की समीक्षा कर मर्जर रद्द करने की मांग की है। सांसद प्रिया सरोज ने पत्र में कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय में विद्यालयों के एकीकरण (स्कूल मर्जर) की नीति का पालन किया जा रहा है, जो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम की मूल भावना के प्रतिकूल प्रतीत होती है। केंद्र सरकार द्वारा लागू शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत यह प्रावधान है कि 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को उसके निवास स्थान से समीपतम दूरी में प्राथमिक विद्यालय से एक किलोमीटर के भीतर पर नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराई जाए और एक किलोमीटर की परिधि में कोई विद्यालय उपलब्ध नहीं है, तो सरकार का यह उत्तरदायित्व है कि वह समीपवर्ती विद्यालय में बच्चे का प्रवेश सुनिश्चित कराए। परंतु उत्तर प्रदेश सरकार की 50 या उससे कम नामांकित छात्रों वाले विद्यालयों को मर्ज करने की वर्तमान नीति इस अधिनियम की भावना को आघात पहुंचा रही है। इससे न केवल विद्यालय, जो बच्चों के घर के समीप स्थित थे, अब बंद या एकीकृत कर दिए गए हैं, जिससे बच्चों को काफी दूरस्थ विद्यालयों में जाना पड़ रहा है। इससे अनेक बच्चों के लिए विद्यालय तक पहुंच बाधित हो रही है, जिससे राज्य में ड्रॉपआउट दर में वृद्धि देखी जा रही है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के 2.5 लाख शिक्षक और स्कूल स्टाफ की नौकरी को भी खतरा है।

### जन-जन तक पहुंचाना होगा परशुराम विचारधारा को : सुनील



**हापुड़।** रविवार को राष्ट्रीय परशुराम परिषद की क्षेत्रीय संगठनात्मक बैठक को परिषद के संस्थापक एवं पूर्व मंत्री सुनील भराला ने मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया। इस विशेष बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, युवा जागरण, ब्राह्मण समाज की एकता एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण हेतु भावी योजनाओं पर गंभीर व सकारात्मक चर्चा की गई। बैठक में संस्थापक सुनील भराला ने उपस्थित समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं परशुराम भक्तजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संगठन केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक सामाजिक दायित्व है जो सनातन मूल्यों, सामाजिक न्याय और ब्राह्मण स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह आवश्यक है कि हम सभी संगठित होकर जन-जन तक परशुराम विचारधारा को पहुँचाएं। साथ ही यह भी आग्रह किया कि आने वाले कार्यक्रमों में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो, ताकि संगठन की शक्ति धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे। बैठक में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी, भाजपा गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, बिहार के बक्सर के ब्लॉक प्रमुख दुर्गा चरण मिश्रा, परशुराम स्वाभिमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू पंडित, परशुराम स्वाभिमान सेना के क्षेत्रीय अध्यक्ष संजीव पंडित, कार्यालय प्रमुख लखनऊ आशीष शुक्ला, प्रदेश संयोजक अनुराग गौड़, हापुड़ जिलाध्यक्ष आयुष शर्मा, गगन शर्मा, संतोष पंडित, अभिषेक अग्रवाल, राष्ट्रीय परशुराम परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम विनोद शर्मा, जिला अध्यक्ष बुलंदशहर अनिल शर्मा, प्रदीप, राम शर्मा, सुभाष शर्मा मौजूद रहे।

# 6 लाख अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## लखनऊ में 129 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा : एआई से निगरानी, परीक्षार्थी बोले- जीएस टफ था, यूपी और संविधान से जुड़े प्रश्न पूछे गए





विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा संपन्न हो गई। लखनऊ में 61,512 परीक्षार्थियों के लिए 129 केंद्र बने थे। परीक्षा सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे परीक्षा हुई। परीक्षार्थियों ने कहा जीएस के प्रश्न काफी टफ थे। संविधान और यूपी से जुड़े प्रश्न भी आए थे।

सुबह 8 से 8:45 बजे परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इसके बाद पहुंचने वालों को एंट्री नहीं मिली। परीक्षा में कुल 150 सवाल आए हैं। 1/3 की नेगेटिव मार्किंग होगी। जिलाधिकारी कार्यालय से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए निगरानी की।

लाइव सीसीटीवी स्ट्रीमिंग के साथ एआई तकनीक का ऐसा पहरा रहा। जिलाधिकारी विशाख जी और संयुक्त पुलिस आयुक्त बब्लू कुमार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। वहीं, परीक्षा में शामिल होने के लिए अलग-अलग शहरों से परीक्षार्थी पहुंचे। बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शनिवार शाम को ही लखनऊ पहुंच गए थे। ठहरने के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण उन्हें रेलवे स्टेशन, बस अड्डे पर पन्नी बिछाकर सोना पड़ा था। अमेठी जिले के तिलोई तहसील से एग्जाम देने आए वसीम अहमद ने बताया कि दूसरी बार उन्होंने ये एग्जाम दिया है। इस बार के पेपर में मॉडर्न हिस्ट्री से जुड़े सवाल थोड़े ज्यादा टफ थे। हिंदी से जुड़े 60 सवाल थे। जिसमें पर्यायवाची और व्याकरण के कुछ कंफ्यूजिंग थे। कुल मिलाकर पेपर को मॉडरेट लेवल का कहा जा सकता है। सेंटर से दो सौ मीटर की दूरी तक के फोटो कॉपी और साइबर कैफे से संबंधित दुकान बंद कराई गई है। जिले में 129 सेंटर हैं। मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल मौजूद है। सोशल मीडिया से लेकर ग्राउंड तक में काम किया जा रहा। हर स्तर पर निगरानी हो रही है। चेकिंग के लिए अलग से पुलिस बल मौजूद है। सर्विलांस सेल भी एक्टिव होकर काम कर रहा है। डीएम विशाख जी ने बातचीत करते हुए कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात हैं। प्रत्येक कमरों में सीसीटीवी लगाए गए हैं। प्रत्येक सेंटर पर एक कंट्रोल रूम है। पूरे जनपद का कमांड कंट्रोल रूम डीआईओएस ऑफिस में बनाया गया है। नकल विहीन परीक्षा शांति पूर्वक कराई जा रही है। जिलाधिकारी विशाख जी और संयुक्त पुलिस आयुक्त ला ऑर्डर बब्लू कुमार लखनऊ के सबसे बड़े सेंटर लखनऊ विश्वविद्यालय में निरीक्षण करने पहुंचे हैं। अमेठी के मुसाफिर खाना से उमाशंकर अपने मित्र राहुल को एग्जाम दिलाने आए हैं। उन्होंने बताया समय से आ गए थे। दोस्त को साढ़े 8 बजे एंट्री मिल गई थी। समय से पहुंचने वालों को कोई परेशानी नहीं हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय परीक्षा केंद्र पहुंचे सेक्टर मजिस्ट्रेट। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी परीक्षा केंद्रों की निगरानी कर रहे हैं।

# प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री समेत कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का अत्यंत लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का 124वां संस्करण लखनऊ महानगर में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री गोविंद शुक्ला,वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव सहित प्रदेश पदाधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग बूथों पर क्षेत्र वासियों के साथ सुना। मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के अंतर्गत बूथों पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने केंट मंडल 3 की बूथ संख्या तीन पर वृक्षारोपण किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधानसभा में बूथ संख्या 288 पर, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने केसरी खेड़ा वार्ड की बूथ संख्या 61 पर, नीरज सिंह ने रफी अहमद किदवई वार्ड की बूथ संख्या 313 पर, एमएलसी मुकेश शर्मा ने उत्तर विधानसभा की बूथ संख्या 394 पर, महापौर सुषमा खर्कवाल ने सनराइज पब्लिक विद्यालय कल्याणपुर में, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड में बूथ संख्या 261 पर, विधायक ओपी श्रीवास्तव ने गोमती नगर में बूथ संख्या 345 पर,मंडल अध्यक्षों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना और उसके बाद वृक्षारोपण अभियान चलाया।



राजधानी में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राजभवन में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

## ऊर्जा मंत्री ने सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो का लिया तत्काल संज्ञान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बस्ती के अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह और मूडघाट बस्ती के उपभोक्ता भरत पांडे के मध्य विद्युत आपूर्ति को लेकर हुई बातचीत के ऑडियो का सोशल मीडिया में वायरल का त्वरित संज्ञान लेकर बस्ती के अधीक्षण अभियंता प्रशांत सिंह पर शख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शम्भु कुमार ने बस्ती के अधीक्षण अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में अधीक्षण अभियंता पूर्वांचल के प्रबंध निदेशक कार्यालय, वाराणसी से संबंध रहेंगे। बस्ती के निलंबित अधीक्षण अभियंता पर विद्युत आपूर्ति को लेकर फोन पर उपभोक्ता से अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने, उपभोक्ता की शिकायत का निस्तारण न कराने तथा कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों में घोर लापरवाही बरतने के प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर शख्त कार्रवाई की गई और उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्तुति की जा रही।

# भाजपा सरकार ने की बिजली व्यवस्था चौपट : अखिलेश

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की बिजली व्यवस्था की दुर्दशा कर दी है। उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग का ट्रांसफॉर्मर उड़ गया है, मंत्री-अधिकारी के बीच के तार टूट गये हैं और त्रस्त जनता के बीच सरकार पर भरोसे के खंभे उखड़ गये हैं। जनआक्रोश का मीटर खटाखट बढ़ रहा है। उत्पादन का चक्का जाम है, संचार खंडित है और डिस्ट्रीब्यूशन के नाम पर भ्रष्टाचार की कमाई का वितरण चालू है।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में बिजली नहीं, केवल बिजली का बिल आ रहा है और ये बेइंतहा बिल लोगों की जेबें खा रहा है। समाजवादी पार्टी की सरकार में बिजली व्यवस्था को ठीक करने के लिए जो भी कार्य किए थे, भाजपा सरकार ने 9 साल में सब बर्बाद कर दिया। पूरे प्रदेश की जनता अघोषित विद्युत कटौती से त्रस्त है। सरकार सिंचाई के लिए भी किसानों को बिजली नहीं दे पा रही। गांव और छोटे शहरों की तो छोड़िए बड़े शहरों और जिला मुख्यालय में भी बिजली का भारी संकट है। राजधानी लखनऊ के विभिन्न इलाकों में घंटों बिजली कटौती हो रही है। कटौती से आम जनता, व्यापारी, छात्र सब परेशान है। जब तक उपकेन्द्रों पर पहुंचकर लोग धरना-



प्रदर्शन नहीं करते है तब तक सरकार होश में नहीं आती है। बिजली के लिए जब राजधानी लखनऊ के लोग धरना देने पर मजबूर हो तो प्रदेश के अन्य जिलों और ग्रामीण इलाकों में हालात कितना बुरा होगा इसकी सिर्फ कल्पना की जा सकती है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली उत्पादन बढ़ाने का काम नहीं किया। बिजली की मांग हर साल बढ़ रही है लेकिन भाजपा सरकार ने कोई नया बिजली घर नहीं लगाया। उत्तर प्रदेश में आज जो भी बिजली मिल रही है वह समाजवादी सरकार में बनाए गए पावर प्लांटों से उत्पादन हो रहा है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में लूट और भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में बिजली चेकिंग के नाम पर किसानों, व्यापारियों और आम जनता से वसूली होती है। बिजली को लेकर भाजपा सरकार का चौतरफा विरोध हो रहा है। बिजली मंत्री का जगह-जगह घेराव हुआ है। सरकार का विरोध हो रहा है। श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार उसे बिजली उपलब्ध कराने में पूरी तरह से फेल हो गई है। भाजपा जाए तो रोशनी आए। जनता किसी भी हालत में भाजपा को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

# उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या द्वारा प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएम एफएमई) योजना एवं उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण नीति-2023 को अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं प्रदेश को एक ट्रिलियन इकोनामी प्राप्त करने में मददगार बताते हुए समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को इस कार्यक्रम के प्रति बेहद सजगता बरतने एवं ध्यान दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को योजना भवन लखनऊ मे प्रदेश के मुख्य विकास अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति व प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष रूप से जोर दिया गया। बताया गया कि प्रसंस्करण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अग्रणी स्थान पर है, सबसे अधिक खाद्य प्रसंस्करण के उद्योग यहां स्थापित हैं। कोशिश है कि फलो व सब्जियों का अधिक से अधिक प्रसंस्करण किया जाय इससे किसान भाई सीधे लाभान्वित होंगे। अपर मुख्य सचिव, खाद्य एवं प्रसंस्करण, बी०एल० मीणा द्वारा प्रस्तुतिकरण में अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में लगभग 65000 खाद्य प्रसंस्करण इकाईया स्थापित हैं। 3.5 लाख इकाईया असंगठित क्षेत्र (एम०एस०एम०ई०) की है। 2800 इकाई लगभग रू 500 करोड़ टर्न-वोवर चाली है। पीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत इस वर्ष स्वीकृत प्रस्ताव सर्वाधिक हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत है जो कि प्रथम स्थान पर है। पीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत 17900 से अधिक इकाईयों



को अनुदान स्वीकृति प्रदान की गयी है। खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से 4.60 लाख से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन किया गया है। अग्रेत्तर अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण नीति-2023 अंतर्गत रेडी टू ईट अंतर्गत 62 इकाईया, सोलर पावर अंतर्गत 58 ईकाईयाँ, कोल्ड चेन अंतर्गत 31 इकाईयाँ, चावल, एवं तिलहन प्रसंस्करण अंतर्गत 57 इकाईयों,फल एवं सब्जी प्रसंस्करण अंतर्गत 21 इकाईयाँ, दूग्ध प्रसंस्करण अंतर्गत 14 इकाईयों, रेडी टू सर्व अंतर्गत 12 इकाईयों, मसाले प्रसंस्करण अंतर्गत 11 इकाइयों, राईस ब्रान आयल अंतर्गत 9 इकाईयों, मल्टीग्रेन फ्लोर अंतर्गत 8, रिफर वाहन अंतर्गत 8 इकाइयों तथा अन्य खाद्य प्रसंस्करण अंतर्गत 18 इकाईयों को लेटर आफ कम्फर्ट जारी किया गया है। यह भी अवगत कराया कि प्रदेश के 75 जनपदों में से 62 जनपदों में परियोजनाए स्थापना हेतु लेटर आफ कम्फर्ट जारी है, परन्तु 13 जनपदों यथा -औरैया, अयोध्या, बलिया, भदोही, इटावा, फर्रुखाबाद, जालौन, कौशाम्बी, महोबा, मेरठ, मीरजापुर, सिद्धार्थ नगर एवं सोनभद्र की किसी भी इकाई को लेटर आफ कम्फर्ट जारी नहीं है। इसके अतिरिक्त अवगत कराया गया कि उ०प्र० खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 योजनान्तर्गत अनुदान दो किश्तों में दिये जाने की व्यवस्था है। द्वितीय किश्त के भुगतान के समय अन्य थर्ड पार्टी इन्पेक्शन एजेन्सी की रिपोर्ट के साथ आवश्यक प्रपत्रों में से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी अन्तिम प्रमाण पत्र एवं प्रपत्रों की भी आवश्यकता होती हैं, परन्तु जनपद सुल्तानपुर, अमरोहा, रामपुर, उन्नाव, शाहजहांपुर, बांदा, बदायूं, लखनऊ, फतेहपुर, बरेली, बुलन्दशहर, मथुरा, कानपुर नगर, रामपुर, अमेठी एवं वाराणसी की 17 इकाईयां को फायर एन ओ सी अप्राप्त है, वहीं जनपद-सुल्तानपुर, सीतापुर, अमरोहा, रामपुर, बरेली, फतेहपुर, बुलन्दशहर, मथुरा, कानपुर नगर एवं अमेठी की 13 इकाईयां को प्रदूषण एनओसी अप्राप्त है। इस सम्बंध में सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि जनपद में स्थापित इकाईयों को नियमानुसार यथा-आवश्यक फायर / प्रदूषण अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जनपद से इनोवेटिव फूड प्रोसेसिंग प्रस्तावों को तैयार कराकर पोर्टल पर अपलोड करवायें एवं थर्ड पार्टी इन्सपेंक्शन एजेन्सी से ब्यापक समन्वय सुनिश्चित किया जाये।

# अब गोमतीनगर स्टेशन कहलाएगा
## अटल बिहारी वाजपेयी टर्मिनल




विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊवासियों के लिए गर्व और भावना से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को अब देश के पूर्व प्रधानमंत्री और लखनऊ से पांच बार सांसद रहे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से जाना जाएगा। इस ऐलान के साथ ही न सिर्फ शहर के गौरव में इजाफा हुआ है, बल्कि अटल जी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने की दिशा में एक और अहम कदम भी बढ़ाया गया है। रेलवे अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को जल्द ही 'अटल बिहारी वाजपेयी टर्मिनल' के नाम से आधिकारिक पहचान मिल जाएगी। यही नहीं, स्टेशन परिसर में अटल जी की एक विशाल प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी, ताकि आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों और देशहित में किए गए कार्यो की प्रेरणा मिलती रहे। यह निर्णय हाल ही में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति की बैठक में लिया गया, जो विराम खंड स्थित मनीषा मंदिर में आयोजित हुई थी। इस बैठक में लोगों को बेहतर सुविधाएं देने पर विचार हुआ और स्टेशन का नाम अटल जी के नाम पर रखने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में मौजूद रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए न सिर्फ स्टेशन का नाम बदलने का समर्थन किया, बल्कि अटल जी की प्रतिमा लगवाने की भी घोषणा की।

# मुख्यमंत्री से ऊर्जा विभाग अपने पास रखने की अपील : संघर्ष समिति

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से निवेदन किया है कि वे स्वयं ऊर्जा विभाग अपने पास ले लें और निजीकरण का निर्णय निरस्त कर दें तो बिजली कर्मी द्विगुणित उत्साह के साथ उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सेवा देने हेतु कृतसंकल्प हैं। बिजली कर्मियों का उन पर पूरा विश्वास है। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण के एजेंडे के तहत देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले उत्तर प्रदेश के ऊर्जा निगमों को बेवजह बदनाम नाम किया जा रहा है। वस्तुतः देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले ऊर्जा निगम उत्तर प्रदेश का गौरव हैं। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश की कोर कमेटी की आज हुई बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री से ऊर्जा विभाग का दायित्व अपने पास लेने का निवेदन किया गया। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मियों ने भीषण गर्मी के दौरान सीमित संसाधनों के बावजूद सर्वाधिक बिजली आपूर्ति का नया राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाया है। यद्यपि बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में आंदोलनरत है किंतु बिजली कर्मियों ने अपने आंदोलन के साथ उपभोक्ता सेवा को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। निजीकरण का एजेंडा लेकर चलने वाले लगातार मिल रही सफलता को विफलता में बदल देने पर तुले हुए हैं। संघर्ष समिति ने कहा जो लोग ऊर्जा विभाग में शीर्ष पदों पर हैं और जो संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए विद्युत वितरण निगमों को असफल बता रहे हैं, दरअसल इसके पीछे उनका निजीकरण का एजेंडा है, उन्हें अपने पदों से त्यागपत्र दे देना चाहिए।

संघर्ष समिति ने कहा कि संघर्ष समिति के साथ लिखित समझौता कर मुकर जाने वाले ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा बिजली कर्मियों का विश्वास पहले ही खो चुके हैं। अब ऊर्जा मंत्री और पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष के बीच मचे घमासान में आम जनता पिस रही है। ऐसे में आम जनता के हित में मा मुख्यमंत्री जी को ऊर्जा विभाग अपने पास रखना चाहिए। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आज यहां कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रदेश की बिजली व्यवस्था के प्रति चिंता सर्वथा उचित है। उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता मुख्यमंत्री के प्रति पूरा विश्वास रखते हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में लगातार सुधार कर रहे बिजली कर्मियों के प्रयास से 2017 में चल रही 41% लाइन हानियां घटकर अब 15% से नीचे आ गई हैं। एक वर्ष के अंदर अंदर उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण निगमों की लाइन हानियां राष्ट्रीय मानक से काफी नीचे आ जायेंगी इसकी पूरी संभावना है। उन्होंने कहा कि विद्युत वितरण निगमों में सुधार के लिए केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को 44000 करोड रुपए मिला है। निजीकरण का एजेंडा चलाने वाले इस धनराशि को खर्च करके विद्युत वितरण निगमों को कौड़ियों के मोल निजी घरानों को बेचना चाहते हैं। बिजली कर्मचारी उपभोक्ताओं की सेवा को बनाए रखते हुए इसी के विरोध में गत आठ माह से आंदोलन रत है। संघर्ष समिति ने कहा कि 65 दिन चले महाकुंभ के दौरान बिजली कर्मियों ने दिन रात काम किया और महाकुंभ में पल मात्र के लिए भी बिजली का व्यवधान नहीं आने दिया। बिजली कर्मियों के अथक प्रयास से ही महाकुंभ की बिजली व्यवस्था की आज पूरे विश्व में चर्चा हो रही है। महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक विरासत है और 2025 के महाकुंभ का सबसे बड़ा आकर्षण उच्च कोटि की बिजली व्यवस्था थी जिसे सरकारी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों ने मा योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में कर दिखाया। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण का एजेंडा लेकर चलने वाले झूठे आंकड़े देकर वित्तीय संकट का हौआ खड़ा कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि सरकारी विभागों का बिजली राजस्व का बकाया और सब्सिडी की धनराशि को घाटे में जोड़कर निजीकरण का तर्क दिया जा रहा है। सरकारी विभागों का बिजली राजस्व का बकाया मिल जाए तो उत्तर प्रदेश के विद्युत वितरण निगम किसी घाटे में नहीं हैं।

संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों की एक लाख करोड रुपए की परिसंपत्तियों को बेचने के लिए रिजर्व प्राइस मात्र 6500 करोड रुपए रखना और 42 जनपदों की सारी जमीन मात्र एक रुपए की लीज पर निजी घरानों को सौंप देना यह ऐसे कदम है जो उत्तर प्रदेश सरकार को बदनाम करने के लिए उठाए जा रहे है। निजीकरण के विरोध में आज अवकाश के दिन बिजली कर्मचारियों ने समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर व्यापक जनसंपर्क किया और आम जनता को यह बताने का प्रयास किया कि निजीकरण के बाद

- निजीकरण के एजेंडे के तहत उप्र के बिजली निगमों को किया जा रहा है बदनाम
- देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाने वाले ऊर्जा निगम उत्तर प्रदेश का गौरव हैं

## एक नजर

### पांच साल से राजकीय नलकूप के री बोर का इंतजार कर रहे किसान



**लखनऊ।** धान की फसल के समय पानी की कमी से परेशान किसानों को सरकारी नलकूप भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। गोसाईगंज के भट्ठी बरकत नगर का राजकीय नलकूप करीब पांच साल से खराब पड़ा है। किसान पांच साल से नलकूप के री बोर का इंतजार कर रहे हैं। गोसाईगंज के भट्ठी बरकत नगर गांव में वर्ष 1993-94 में स्थापित राजकीय नलकूप कई वर्षों से खराब पड़ा है। किसानों के बार बार कहने के बावजूद नलकूप ठीक नहीं किया जा सका। बीते समय मुख्य विकास अधिकारी ने भी राजकीय नलकूप को देखा और री बोर का आदेश दिया लेकिन उनके आदेश का भी कोई असर नहीं हुआ। ग्राम प्रधान सविता के प्रतिनिधि रमेश कुमार ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी रही रिया केजरीवाल ने अपने कार्यकाल में 14 सितंबर 2022 को भट्ठी बरकत नगर के राजकीय नलकूप का निरीक्षण किया था। उन्होंने एक्सियन से नलकूप री बोर कराने के लिए कहा था। री बोर के लिए प्रधान के स्तर से पांच महीने पहले भूमि का प्रस्ताव भी जा चुका है लेकिन अब तक री बोर का काम शुरू भी नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि तमाम किसानों की खेती इसी नलकूप के सहारे होती है लेकिन नलकूप ठीक नहीं किया जा सका। धान की फसल को भी नलकूप से पानी मिलने की उम्मीद जा चुकी है। गोसाईगंज क्षेत्र में अब तक खेतों को तर करने वाली बरसात भी नहीं हो सकी है। मेघों का इंतजार करते किसानों ने निजी संसाधनों से धान की रोपाई किया अब सिंचाई के लिए भी फिलहाल निजी साधन का सहारा है। रानीखेड़ा, बस्तियां, दाउदपुर, सैदापुर और बसरहिया गांव की एक किमी की परिधि में चल रहे दर्जन भर पंपिंगसेटों के कारण पर्याप्त पानी भी नहीं निकल रहा है। किसानों का कहना है कि सावन का आधा महीना बीत गया लेकिन बरसात दिखाई नहीं दी। गर्मी के कारण पंपिंग सेटों का पानी पूरा नहीं पड़ रहा है। किसान बताते हैं कि एक बीघा खेत में पानी भरने में कई घंटे लग जाते हैं।

### कारगिल विजय दिवस पर कांग्रेसियों ने काकोरी शहीद मंदिर में शहीदों को किया नमन



**काकोरी।** कारगिल विजय दिवस के अवसर हम कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार कारगिल युद्ध में शहीद हुए बहादुर जवानों की याद में शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बब्लू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कंग्रेस नेताओं ने काकोरी स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन पूर्व सैनिक सुभाष मिश्रा,महीप सिंह,गनेश रावत,महासचिव मोहम्मद रेहान खान,छोटे मियाँ,संतोष मौर्य,मोहम्मद आरिफ,इरशाद अली,शीबू खान,गुफरान,सैनिक राम कुमार,जय प्रकाश सिंह,डीएन सिंह,अजय कुमार,तनवीर हुसेन,अमित कुमार,फिरोज मशी राजन,शिव नारायरण रावत,जितेंद्र कुमार,कामरान,शेलेन्द्र,फेजी, रोहित,अमित सहित आदि मौजूद रहे।

### सिर व रीढ़ की हड्डी की चोट और नुकसान के समाधान बताए



**लखनऊ।** पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने शनिवार को रोगियों और तीमादारों को सिर व रीढ़ की हड्डी की चोट और नुकसान के समाधान बताए। उन्होंने बताया कि न्यूरोसर्जरी विभाग की ओर से न्यूरो ट्रॉमा सपोर्ट ग्रुप की बैठक हर माह के अंतिम शनिवार को आयोजित की जाती है। मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी की चोट से पीड़ित मरीजों और उनके परिवार के सदस्यों को जागरुक किया जाता है। कोई में इसमें शामिल होकर समस्याओं का निराकरण पा सकता है। डॉ. वेद प्रकाश मौर्य एवं डॉ कमलेश सिंह ने तीमारदारों को मरीज की देखभाल एवं उपकरणों के इस्तेमाल की जानकारी साझा की। मनोचिकित्सक डॉ. रोमिल सैनी ने मरीजों और परिचारकों में आने वाले अवसाद, व्यवहार एवं अनुभूति में आने वाले बदलाव का समाधान बताया। स्वास्थ्य लाभ के लिए डीप ब्रीदिंग एवं माइंडफुलनेस की भूमिका को जरूरी बताया। न्यूरोसर्जरी टीम के डॉ. सुधाकर, डॉ. हिमेश, डॉ. अनंता एवं डॉ. अंशु ने स्वस्थ्य रोगियों की नए रोगियों और इनके तीमारदार से मुलाकात करायी। मरीज के पुनर्वास में फिजियोथेरेपी की भूमिका समझाने एवं डायटिशियन के जरिये सही आहार लेने की जानकारी दी गई।

### सिपाही की पत्नी ने किया सुसाइड



**लखनऊ।** एक सिपाही की पत्नी ने सुसाइड कर लिया। सुसाइड करने से उसने पहले पति और ससुराल वालों पर मारने-पीटने का आरोप लगाया। सिपाही की तैनाती बीकेटी थाने में है। थाने के पास ही दोनों किराये के कमरे रहते थे। मृतका की पहचान सौम्या कश्यप (25) के रूप में हुई है। उसने अपने सिपाही पति अनुराग कुमार पर दूसरी शादी करने के लिए उससे मारपीट करने का आरोप लगाया। रविवार को उसने अपने कमरे में पंखे पर दुपट्टे के सहारे लटककर सुसाइड कर लिया। वह पति के साथ बीकेटी आई थी। सुसाइड से पहले सौम्या ने इंस्टाग्राम पर दो वीडियो पोस्ट किए। इन वीडियो में उसने अपने पति और ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। उसने बताया कि उसके ससुराल वाले पति की दूसरी शादी कराना चाहते हैं। उसके जेठ ने उसे मारने की धमकी दी। शादी से पहले भी दोनों लखनऊ में साथ रहते थे। उसके बाद शादी की बात आने पर सिपाही अनुराग मुकर गया था। इसके बाद सौम्या ने थाने में तहरीर दी थी। मुकदमे के बाद सिपाही ने उससे मंदिर में शादी कर ली थी।

### पीजीआई दवा विक्रेता वेलफेयर समिति का पांचवा स्थापना दिवस मनाया

**लखनऊ।** पीजीआई दवा विक्रेता वेलफेयर समिति का पांचवा स्थापना दिवस रविवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष विनय शुक्ला एवं वरिष्ठ महामंत्री अमित शुक्ला ने बताया कि आयोजन के दौरान संस्था के नव निर्वाचित सदस्यों को उनके पद के मनोनयन पत्र सौंपे गए,और उन्हें संस्था के हितों के लिए काम करने की शपथ दिलाई गई। समारोह में चेयरमैन विनोद भावनानी कार्यवाहक अध्यक्ष अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलमान वरिष्ठ संगठन मंत्री इंद्रेश सिंह महामंत्री सुरेंद्र मिश्रा परेश शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा नितिन टंडन अमित राय गुप्ता मोहन कुमार, विपुल भाटिया अमित सक्सेना अरविंद गुप्ता राकेश सोनकर शैलेंद्र मिश्रा मनीष शर्मा मनोज ,अरुण गौर सहित अन्य दवा व्यापारी उपस्थित रहे।

### सिटी बस से उतरते समय मोबाइल फोन चोरी

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के डेन्टल कॉलेज चौराहे से पीजीआई अस्पताल तक सिटी बस के यात्री के दो मोबाइल फोन चोरों ने पार कर दिया, पीड़ित की तहरीर पर पीजीआई कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हरि राम पाल , 16 ए फ. कहलों गार्डन, सहकारी समिति सेक्टर 12 वृंदावन कालोनी, लखनऊ में रहते हैं उन्होंने बताया कि बीती 22 जुलाई शाम करीब 7 बजे 8 बजे के बीच डेंटल कालेज से पीजीआई' की तरफ बस से जा रहे थे। जब वह बस से उतरने लगे तो उन्हें धक्का लगा, लेकिन पीछे देखा तो कोई नजर नहीं आया। कुछ देर बाद मैं जब उन्होंने अपने मोबाइल फोन निकालने लगे तो पता चला कि उनके दोनों फोन चोरी हो चुके थे। पीजीआई कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# बॉल उठाने गया बच्चा ट्रांसफॉर्मर से चिपका

## पिता ने सऊदी अरब से वीडियो कॉल पर देखा मृत बेटे का चेहरा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी में 8 साल के बच्चे की बिजली के ट्रांसफॉर्मर में चिपकने से मौत हो गई। वह क्रिकेट की बॉल उठाने गया था। ट्रांसफॉर्मर का गेट खुला होने की वजह से बिजली की चपेट में आ गया। यह देखकर वहां खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया। शोर सुनकर स्थानीय लोग जुट गए। लोगों ने कड़ी मशक्कत करके उसे ट्रांसफॉर्मर से अलग किया।

उसका चाचा उसे गोद में उठाकर हॉस्पिटल के लिए भागे। पार्क के पास खड़े ऑटो से उसे हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना रविवार को फूल बाग स्थित शंकरपुरी कॉलोनी में हुई। बच्चे की पहचान मो. फहद के रूप में हुई। लोगों का कहना है कि ट्रांसफॉर्मर पार्क में जमीन पर रखा है। उसका गेट काफी दिनों से खुला है।



बिजली विभाग से गेट सही कराने की कई बार मांग की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अफसरों की लापरवाही से बच्चे की जान चली गई। विधायक रविदास मल्होत्रा पीड़ित परिवार से मिले। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कॉलोनी के बच्चे रोज की तरह पार्क में खेल रहे थे। क्रिकेट का बॉल ट्रांसफॉर्मर के पास चला गया। गेट खुला होने के कारण बच्चा ट्रांसफॉर्मर के पास तक पहुंच गया। अचानक तेज झटके के साथ वह उसमें चिपक गया। घटना के बाद पार्क में अफरा-तफरी मच गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर बच्चे को ट्रांसफॉर्मर से अलग किया और तुरंत पास के हॉस्पिटल ले गए। स्थानीय निवासियों में बिजली विभाग के प्रति भारी रोष है। अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फहद के पिता सऊदी अरब में हैं। परिजनों ने फोन करके उन्हें घटना की जानकारी दी। वीडियो कॉल से उन्हें बेटे का चेहरा दिखाया। इस दौरान फहद के पिता और परिजन रोते-बिलखते रहे। परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से मना कर दिया है। स्थानीय पुलिस पोस्टमॉर्टम कराने के लिए दबाव बना रही है। तीन भाइयों में फहद सबसे बड़ा था। उससे छोटे दो भाई फरहान और अजान हैं। अधिशासी अभियंता हुसैनगंज अनिल कुमार भारती ने बताया कि हुसैनगंज खंड के 33/11 केवी विधानसभा उपकेंद्र के नजरबाग फीडर पर शंकरपुरी कॉलोनी में 400 केवीए ट्रांसफॉर्मर लगा है। उसके चारों ओर बैरिकेडिंग है। आज उसमें एक गेंद चली गयी। 8 साल का बच्चा बैरिकेडिंग का गेट खोलकर गेंद उठाने अंदर चला गया। उसको फ्यूज यूनिट से करंट लग गया। उसकी अस्पताल में मौत हो गई।

### दैनिक जीवन में बढ़ता जा रहा है कृत्रिम बुद्धिमता का प्रभाव : न्यायाधीश

**लखनऊ।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने कहा कि दैनिक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। आधुनिक जीवन को सुगम बनाने में एआई के कई लाभ हैं। लेकिन इसके विनाशकारी दुष्प्रभाव न केवल खतरनाक हैं, बल्कि जानलेवा भी हो सकते हैं। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया रविवार को सरोजनीनगर स्थित कैप्टन मनोज पाण्डेय उप्र सैनिक स्कूल की छात्राओं के लिए नवनिर्मित छात्रावास उद्घाटन के दौरान छात्र सैनिको को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने स्कूल में स्थित युद्ध स्मारक पर सभी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया 1972 में कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल के कैडेट थे। वह अपनी पत्नी वैशाली धूलिया के साथ यहां पहुंचकर अपनी पुरानी यादों, स्थानों और बचपन की गतिविधियों को याद करते हुए भावुक हो रहे थे। स्कूल के प्रिंसिपल कर्नल राजेश राघव, रजिस्ट्रार कर्नल डीएस चौहान और हेडमास्टर लेफ्टिनेंट कर्नल सचिन चमोली ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने 150 लड़कियों की क्षमता वाले नव पुनर्निर्मित गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया और कर्नल राघव को एक नई स्कूल बस की चाबी भी भेंट की। उन्होंने इस तथ्य पर संतोष व्यक्त किया कि कर्नल राजेश राघव एक महान कर्ता होने के नाते इस संस्थान की भौतिक और शैक्षणिक दोनों तरह से निरंतर प्रगति के लिए असाधारण रूप से काम कर रहे हैं। इस अवसर आईएएस निदेशक उद्योग राज कमल यादव, ओल्ड बॉयज़ एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर त्यागी और ओबीए के सचिव अमित जायसवाल भी मौजूद रहे।

## ताऊ के पास रह रहे किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पश्चिम में अपने ताऊ के घर रह रहे किशोर ने रविवार दोपहर बाद करीब 4 बजे कमरे में पंखे के हुक से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली,जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतक जीतू सिंह16 वर्ष, अपने 6 साल के छोटे भाई के साथ अपने ताऊ राम सिंह के साथ कल्ली पश्चिम में रहता था। पिता देशराज सिंह और मां में अनबन चल रही है, मां घर छोड़कर चली गई, वहीं पिता ने भी अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया है और शराब पीने का आदी है। जिससे दोनों भाई ताऊ राम सिंह के साथ रहते थे। राम सिंह ने बताया कि दोपहर में खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया था, दरवाजा अंदर से बंद था,जब बहुत देर तक जीतू सिंह 16 वर्ष बाहर नहीं आया तो आवाज लगाई,जबाव नहीं मिलने पर खिड़की से झांक कर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही लग रहा है। रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### धोखाधड़ी के मामले में शातिर गिरफ्तार

**लखनऊ।** कम्पनी जयरानी इन्फा बोल्ड प्रा0लि0 का फर्जी सी0एम0डी0 बनकर सीधे-साधे लोगो से जमीन व प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधडी कर पैसा हडप लेने वाला शातिर आरोपी को पीजीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अशोक कुमार यादव, पूर्व सैनिक उम्र लगभग 49 वर्ष पुत्र स्व0 राम शंकर यादव निवासी- ग्राम भवन की मड़ैया, झीझक कानपुर देहात की लिखित तहरीर के आधार पर बावत अभियुक्त द्वारा वादी को जमीन दिलाने के नाम पर कम्पनी जयरानी इन्फा बोल्ड प्रा0नि0 के खाता मे पैसे जमा करवा लेने व जमीन भी नही दिलवाने तथा अपना पैसा वापस मांगने पर गाली गलौज व धमकी देने, भेष बदल -बदल कर सीधे-साधे लोगो के साथ ठगी करने के सम्बन्ध पंजीकृत कराया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया अभियुक्त घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था जिसमें थाना स्थानीय टीम द्वारा अथक मेहनत एवं प्रयासोपरान्त साक्ष्य संकलन, मैनुअल एवं टैक्निकल साक्ष्यो के आधार पर मुकदमें में वांछित चल रहे अभियुक्त राहुल यादव उर्फ राहुल सिंह पुत्र हाकिम सिंह निवासी - हैबतमऊ मवैया चुंगी पोस्ट बीआरए यूनिवर्सिटी थाना पीजीआई जनपद लखनऊ उम्र 35 वर्ष को थाना पीजीआई क्षेत्रान्तर्गत सेक्टर 10सी वृन्दावन योजना से गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा कम्पनी जयरानी इन्फा बोल्ड प्रा0लि0 का फर्जी सी0एम0डी0 बनकर सीधे-साधे लोगो से जमीन व प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधडी कर पैसा हड़प लेता था। इस पर दो मुकदमें दर्ज हैं।

## मेघ मल्हार में खूब बरसा आनंद

**लखनऊ।** सावन और हरियाली तीज के पावन अवसर पर लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड द्वारा होटल रोसेल इन में आयोजित सांस्कृतिक संध्या मेघ मल्हार ने श्रोताओं का मन मोह लिया। इस आयोजन में श्रावण मास की पावनता, नारी शक्ति की भक्ति, और लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत को खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। इस भव्य आयोजन की योजना जनाब शोएब कुरैशी, रश्मि मिश्रा, राहुल पांडेय, राजीव सक्सेना, प्रदीप शुक्ला, विनोद श्रीवास्तव, नीरजा शुक्ला और राजेन्द्र सिंह पवार द्वारा मिलकर की गई। कार्यक्रम की रूपरेखा श्री पवार ने संभाली, जबकि मंच संचालन रश्मि मिश्रा और राहुल पांडेय ने ऊर्जा और आत्मीयता के साथ किया। मुख्य अतिथि आकाशवाणी लखनऊ के निदेशक अजीत चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ : टिप टिप टिप टिप बारिश शुरू हो गई पर्वराजेन्द्र पवार, अन्विता, रमा, प्रियंका और मीनाक्षी द्वारा जोश से भरी प्रस्तुति दी। वहीं हरियाली लोकगीतों पर नीरजा शुक्ला, सुषमा प्रकाश, शशि किरण, अन्विता, ममता श्रीवास्तव और इन्दु सरस्वत की



मनभावन प्रस्तुति दी। जबकि सावन मोहे तरसाए पर ईला गुप्ता द्वारा भावपूर्ण शास्त्रीय नृत्य पेश किया गया। मेघ मल्हार में ना झटको ज़ुल्फ से पानी राहुल पांडेय और हाय रे हाय नींद नहीं आए राहुल पांडेय एवं रश्मि मिश्रा की मधुर युगल प्रस्तुति दी। हाय हाय ये मजबूरी नम्रता मिश्रा और सावन का महीना पवन करे शोर सौरभ और अंकिता गुप्ता की मोहक युगल प्रस्तुति सराही गई। रिमझिम गिरे सावन रमन श्रीवास्तव ने सधी हुई प्रस्तुति दी। ग्रुप प्रबंधक शोएब कुरैशी ने सभी महिला प्रतिभागियों को सावन और तीज के उपलक्ष्य में उपहार भेंट कर गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश की। इस अवसर पर नीरजा- अनिल शुक्ला, शशि किरण - ध्रुव खरे, और रिचा - डी.के. श्रीवास्तव की वैवाहिक वर्षगाँठ, तथा रिचा श्रीवास्तव, प्रियंका पांडेय, चित्रा वेंकटरमन, डॉ. अनिल कुमार अग्रवाल, राखी लखन, विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव और मृदुला श्रीवास्तव के जन्मदिन मंच पर धूमधाम से मनाए गए। इस सुंदर आयोजन का संयोजन अन्विता मनीष और मनीष भारती ने किया। कार्यक्रम के दौरान LCWW की ई-पत्रिका 'Lucknow Connection Worldwide Group' के चौथे संस्करण का लोकार्पण भी मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य संपादक अल्का प्रमोद और सह-संपादक कविता मिश्रा उपस्थित रहीं। पर्दे के पीछे से अथक परिश्रम करने वाले अन्विता मनीष, अनिल शुक्ला जूनियर, रमा कर्णवाल, ममता श्रीवास्तव, इशु गुप्ता, अनामिका गुप्ता सूरी और पवन सूरी के योगदान को सराहते हुए धन्यवाद दिया गया। LCWW के पूर्व कार्यक्रम स्वर संजीवनी में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले डॉ. विश्वास वर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मेघ मल्हार ने एक बार फिर सिद्ध किया कि LCWW न केवल लखनऊ की सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ा है, बल्कि उसे जीवंत और समृद्ध बनाए रखने के लिए समर्पित भी है।

# खतरे से खाली नहीं राजधानी के जर्जर स्कूल

## राजस्थान हादसे में सात बच्चों की मौत पर सभी दुखी





**राम दशरथ यादव**

**लखनऊ।** राजस्थान में शुक्रवार को उस स्कूल की छत ढह गई जिसमें बच्चे पढ़ रहे थे। सात नौनिहाल मौत का शिकार हो गए। घटना से सभी दुखी हैं। राजधानी में भी ऐसे स्कूल हैं जो नौनिहालों के लिए खतरा हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने राजस्थान हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसे स्कूलों से बच्चों को दूर रखा जाए। राजधानी के गोसाईगंज विकासखंड का माढ़रमऊ प्राथमिक विद्यालय 1963 का स्थापित है। वर्ष 1989 में विद्यालय भवन का निर्माण हुआ। उस समय ग्राम प्रधान करन सिंह यादव, उप प्रधान विशुन सिंह और प्रधानाध्यापिका इलताश परवीन थी। गंजरिया फार्म माढ़रमऊ विद्यालय भवन देखने में ही जर्जर लगता है। जर्जर होने के बाद भी 36 साल पुराने स्कूल को नया भवन नहीं मिल सका। गांवसभा नगरीय क्षेत्र में शामिल होने के बाद कोई हाल खबर लेने वाला भी दिखाई नहीं दिया। सौनई प्राथमिक विद्यालय का भवन दो कमरों का है जो जर्जर हो चुका है। काकोरी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय महिपतमऊ का स्कूल भवन काफी जर्जर स्थिति में है। विद्यालय को एक नया कमरा मिला लेकिन पर्याप्त न होने के कारण तिरपाल का छप्पर डालना पड़ा है। स्कूल के ऊपर से हाइटेंशन विद्युत लाइन भी निकली है। प्रधानाध्यापिका ने काफी लिखा पढ़ी किया लेकिन बिजली विभाग ने बच्चों के सिर से गुजरी हाइटेंशन लाइन नहीं हटाया। मलिहाबाद के दतली स्कूल का बरसात में प्लास्टर गिरने के कारण एक कमरा पहले बंद कर दिया गया था। उसके बाद गत वर्ष दूसरा कमरा भी कमजोर हो गया और उसे भी बंद कर दिया गया था। अब दतली स्कूल को नए भवन का इंतजार है। गोसाईगंज के प्राथमिक विद्यालय मोहारी खुर्द की स्थिति अच्छी नहीं। उच्च प्राथमिक विद्यालय आदमपुर नौबस्ता का भवन भी कमजोर हालत में है। ग्रामीणों के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय रामपुर और देई टीकर भी जर्जर हैं। गोसाईगंज के ही प्राथमिक विद्यालय शेखनापुर का जर्जर भवन ध्वस्त कर नए भवन का निर्माण करवाया जा चुका है लेकिन विद्यालय बच्चों के लिए सुरक्षित फिर भी नहीं है। असुरक्षा का कारण स्कूल प्रांगण में बंद हो चुकी दूध डेरी का जर्जर भवन है। इस भवन से बच्चों के लिए खतरा रहता है। शिक्षिकाएं और प्रधान सभी चाहते हैं कि विद्यालय प्रांगण से जर्जर भवन को हटा दिया जाए। प्राथमिक विद्यालय मटेरा भी जर्जर बताया गया है। गोसाईगंज का रामपाल त्रिवेदी इंटर कालेज भी काफी पुराना हो चुका है। इसके कुछ कक्ष ज्यादा पुराने हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वीरेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, योगेंद्र सिंह, अजय कुमार और अतीश ने राजस्थान हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए प्रदेश और राजधानी के जर्जर स्कूलों से बच्चों को सुरक्षित रखने पर जोर दिया है। राजधानी के कई स्कूल जर्जर हालत में हैं जिनको नए भवन की जरूरत है। मालूम हो कि राजस्थान के झालावाड़ा जिले के पिपलोदी गांव में स्थित सरकारी स्कूल की छत शुक्रवार को ढह गई। घटना में सात बच्चे मौत का शिकार हो गए जिनमें दो भाई बहन बताए गए। घायल 21 बच्चों को दो अस्पतालों में भर्ती करवाया गया जहां नौ की हालत गंभीर थी। लखनऊ के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के लिए आदेश जारी किया है कि जर्जर विद्यालय भवनों या कमरों को चिन्हित करके उनको बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा है कि जर्जर कमरों में बच्चों को किसी भी दशा में न बैठाया जाए और न हो कोई गतिविधि संचालित की जाए, बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

**सम्मान** वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी को पहला स्व. ज्ञानेंद्र शर्मा स्मृति उत्कृष्ट पत्रकार सम्मान

# इमरजेंसी के दौरान ज्ञानेंद्र जी की लेखनी बहुत धारदार थी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय ज्ञानेंद्र शर्मा की स्मृति में यूपी जर्नलिस्ट गिल्ड के तत्वावधान में रविवार को पत्रकारों की एक संगोष्ठी का आयोजन यूपी प्रेस क्लब में किया गया। गोष्ठी की शुरुआत यूपी प्रेस क्लब के पूर्व सेक्रेटरी वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बहादुर सिंह के संबोधन से हुई। श्री सिंह ने स्व. शर्मा के साथ बिताए दिनों को याद करते हुए कहा कि स्व. शर्मा पत्रकारिता की खुली किताब थे। जिसे पढ़कर आज के युवा सच्ची पत्रकारिता सीख सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्व. शर्मा आज के दौर की पत्रकारिता के गिरते स्तर को लेकर चिंतित रहा करते थे। खासकर इस बात पर कि युवा पत्रकारों में सीखने की ललक खत्म होती जा रही है।

उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने स्वर्गीय शर्मा को याद करते हुए उन्हें अपना गुरु बताया। उन्होंने कहा कि वह मेजर असाइनमेंट पर हमेशा अच्छे से अच्छा आउटपुट चाहते थे। स्वर्गीय शर्मा आज की तुलना में पत्रकारिता के गूगल थे। किसी भी खबर पर उनका रेफरेंस बहुत ही जोरदार रहता था। वह मीटिंग में पूरी तैयारी से आते थे। उनसे नई पीढ़ी को सीखना चाहिए। बीबीसी के पूर्व संवाददाता वरिष्ठ पत्रकार रामदत्त त्रिपाठी ने बताया कि उस जमाने में स्वर्गीय शर्मा ने अपने आप को तकनीक के हिसाब से बहुत अपडेट रखा था। वह अपनी खबरों को खुद ही टाइपराइटर पर टाइप किया करते थे। इमरजेंसी के दौरान में उनकी लेखनी बहुत धारदार थी। वह हमेशा जन पक्षधर पत्रकारिता किया करते थे। स्व. ज्ञानेंद्र शर्मा के पारिवारिक मित्र डॉ. वीके मिश्रा ने उनसे अपने व्यक्तिगत लगाव की स्मृतियों को ताजा किया। उन्होंने कहा की सहनशीलता और भरोसा जैसे मानवीय गुण उन्होंने ज्ञानेंद्र शर्मा से ही सीखा। उनकी अनुपस्थिति से हमारे आसपास एक बड़ा शून्य बना है। स्वर्गीय शर्मा के भाई हरेंद्र शर्मा ने स्मृतियों को ताजा करते हुए बताया कि उनकी पढ़ाई से लेकर नौकरी तक बड़े भाई के रूप में स्व. शर्मा ने जिम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी किया। उनके पुत्र अनुपम शर्मा ने कहा कि ज्ञानेंद्र शर्मा ने पत्रकारिता के अलावा आरटीआई के क्षेत्र में भी बहुत काम किया। वह हर फील्ड के माहिर थे। वरिष्ठ पत्रकार जगदीश जोशी ने उनके साथ बिताए अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि स्व. शर्मा पत्रकारिता के अलावा बैडमिंटन और टेबल टेनिस का भी शौक रखते थे और अक्सर




लखनऊ क्लब में मिल जाया करते थे। एक संपादक के रूप में ज्ञानेंद्र जी से उन्हें बहुत सीखने को मिला। वरिष्ठ पत्रकार मुदित माथुर में कहा कि स्व. शर्मा एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिनसे हर कोई सीखता था। वह राजनीति में होने वाली उठा पटक पर बारीक नजर रखते थे और भविष्य की गतिविधियों के घटनाक्रम पर पकड़ रखते थे। अगर किसी सहयोगी की स्टोरी उनको मिल जाती थी तो उसे और निखार देते थे। उन्होंने इस बात का विशेष जिक्र किया कि स्व. शर्मा के नियमित कॉलम 'प्रसंगवश' के टाइटल को पूर्व राज्यपाल मोतीलाल बोरा ने अपनी किताब में लिया। वरिष्ठ पत्रकार नवेद शिकोह ने कहा कि आज की पत्रकारिता की तुलना में स्वर्गीय शर्मा सौ पत्रकारों पर भारी थे। एक रिपोर्टर के तौर पर वह जोरदार पत्रकार तो थे ही, संपादक के तौर पर भी उन्होंने अपनी बेहतरीन छाप छोड़ी। लखनऊ विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर रहे रमेश दीक्षित ने स्व. शर्मा के संग बिताए दिनों को याद करते हुए बताया कि वह एकमात्र ऐसे पत्रकार थे जो राजनेताओं की आंखों से आंखें मिलाकर बात करते थे। उन्होंने पॉलिटिकल रिपोर्टिंग के मानक तय किए जिनका मुकाबला आज भी कोई नहीं कर सकता। मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में उनके कार्यकाल की भी तुलना किसी से नहीं की जा सकती। वह हर फन में माहिर थे। पत्रकारिता के साथ-साथ मित्रता और परिवार का दायित्व भी उन्होंने बखूबी निभाया। वरिष्ठ पत्रकार शरत प्रधान ने कहा कि जब उन्होंने अपनी पहली किताब लिखी तो उसमें सहयोग के लिए और सबसे पहले स्वर्गी शर्मा के पास ही गए क्योंकि उन्हें पता था कि उनके पास जो जानकारी होगी और किसी और के पास नहीं मिलेगी। उनसे उन्होंने पत्रकारिता के सही वैल्यू सीखे। उन्होंने वाकई सच्ची पत्रकारिता की जबकि आज के दौर में चाटुकारिता, पत्रकारिता पर भारी है। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि स्व. शर्मा मूल्य के धनी पत्रकार थे। उन्होंने भोपाल से पत्रकारिता की शुरुआत की। उनकी स्मरण शक्ति बहुत जबरदस्त थी और साहित्य पर भी उनकी जबरदस्त पकड़ थी। वरिष्ठ पत्रकार प्रद्युम्न तिवारी ने बताया कि उन्होंने विधानसभा की रिपोर्टिंग स्व. शर्मा से ही सीखी। जूनियर साथी को भी साथ में लेकर चलने की कला स्व. शर्मा में भरपूर थी। वरिष्ठ पत्रकार सिद्धार्थ कलहंस ने स्वर्गीय शर्मा के साथ के दिनों के चर्चा की। एक प्रसंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे स्व. शर्मा ने एक लाइन में यह कह कर बहस समाप्त करवा दी थी कि 'पत्रकार को निष्पक्ष होकर नहीं बल्कि निरपेक्ष होकर लिखना चाहिए।' अंत गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी ने उनके साथ बिताए दिनों की याद ताजा करते हुए कहा कि उनके साथ रिश्तों की व्याख्या नहीं की जा सकती। वह अंतरंग रिश्ते को समझते थे और उसके हिसाब से जीवन जीते थे। महफिलों में शेर-ओ- शायरी के बीच में उनके चुटकुले लोगों को बहुत पसंद आते थे। उन्होंने स्व. शर्मा के जन्मदिन पर लिखी एक कविता भी सुनाई। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की गिरावट से स्वर्गीय शर्मा चिंतित रहा करते थे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी को 'स्वर्गीय ज्ञानेंद्र शर्मा उत्कृष्ट पत्रकार सम्मान' से सम्मानित भी किया गया। सुरेश बहादुर सिंह ने कहा कि स्वर्गीय शर्मा द्वारा कायम की गई उत्सवधर्मिता परंपरा को वह कायम रखेंगे। यह सम्मान हर साल पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पत्रकारों को दिया जाएगा। संगोष्ठी के दौरान वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम दुबे, हरिश मिश्र, उमेश रघुवंशी, दीपक गिडवानी, मनमोहन व राजू मिश्र के अलावा टीबी सिंह, अशोक राजपूत, राजीव तिवारी बाबा, अजय त्रिवेदी, राजेश मिश्र, आशु बाजपेई, रोहित श्रीवास्तव के साथ ही बड़ी संख्या में स्व. शर्मा के परिजन, मित्रगण व शुभचिंतक भी मौजूद रहे।

# एडीजी ने लिया कांवड़ यात्रा की सुरक्षा का जायजा

## शांति और सौहार्द का संदेश लेकर वनखंडीनाथ मंदिर तक पहुँचे

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** श्रावण मास और कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर बरेली प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहा है। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन बरेली एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना बारादरी क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक वनखंडीनाथ मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, रोशनी, निगरानी व शांति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। निरीक्षण के पश्चात एडीजी व एसएसपी के नेतृत्व में मंदिर से लेकर चक चुंगी तक का पैदल मार्च भी किया गया। यह भ्रमण वनखंडीनाथ मंदिर से शुरू होकर गौसाई गौटिया तिराहा, अल्वी चौराहा, शाहनूरी, हरीशाह की मजार, क्रबिस्तान तिराहा, मौर्य गली होते हुए चक चुंगी तक संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारी दल ने मार्ग पर सुरक्षा संबंधी सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का निरीक्षण किया और आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पैदल भ्रमण के दौरान हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों से मुलाकात कर उनसे शांति और भाईचारे को बनाए रखने की अपील भी की गई। अफवाहों से बचने की सलाह देते हुए एडीजी ने स्पष्ट किया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन हर समय जनता के साथ है और किसी भी प्रकार की अफवाह या उकसावे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भ्रमण के दौरान ड्रोन कैमरों की मदद से क्षेत्र की निगरानी भी की गई, ताकि सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक की गुंजाइश न रहे। अधिकारियों ने विशेष रूप से मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने, उनकी नियमित निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए ताकि रात में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी धर्मों के प्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील करते हुए अधिकारियों ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को वॉलिंटियर के रूप में नियुक्त कर सामाजिक समरसता को और प्रबल किया जाए। ऐसे वॉलिंटियर्स पुलिस के साथ समन्वय बनाते हुए भीड़ प्रबंधन व संवाद कायम रखने में सहायक सिद्ध होंगे। अधिकारियों का यह पैदल मार्च न केवल सुरक्षा व्यवस्था का आकलन था, बल्कि समाज में विश्वास का संदेश भी था। प्रशासन की यह पहल बताती है कि आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के सफल, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जनता से प्रशासन की अपील है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें, शांति बनाए रखें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो तत्काल नजदीकी पुलिस को सूचित करें। शांति, सहयोग और सौहार्द ही त्योहारों की सबसे बड़ी कामयाबी है।

# देश और समाज की सेवा की मिसाल पेश की अटल बिहारी वाजपेई ने : डॉ . श्वेत केतु

## शब्दांगन द्वारा अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी वर्ष में वीरेंद्र अटल को किया सम्मानित



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** साहित्यिक और सामाजिक संस्था शब्दांगन के द्वारा गत वर्ष 25 दिसंबर से देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों विशेष काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्था के द्वारा आठवे कार्यक्रम में ओजस्वी वक्ता के रूप में लोकतंत्र रक्षक सेनानी वीरेंद्र कुमार अटल को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर श्वेत केतु शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई एक अच्छे पत्रकार, ओजस्वी वक्ता, श्रेष्ठ कवि और निर्भीकता की मिसाल थे। इस अवसर पर लोकतंत्र रक्षक सेनानी वीरेंद्र कुमार अटल ने कहा कि स्वर्गीय वाजपेई ने राजनीति के द्वारा देश और समाज की सेवा करते हुए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। राजनीति का क्षेत्र उनके लिए जन-जन की सेवा का था, ना कि व्यापार। सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम में अजय राज शर्मा, रामकुमार अफरोज, जनार्दन आचार्य, विनोद कुमार गुप्ता, प्रवीण भारद्वाज, विशाल शर्मा, रणधीर प्रसाद गौड़, ए के सिंह, डॉ अखिलेश चंद्र गुप्ता, बिंदु सक्सेना, निर्भय सक्सेना, रितेश साहनी, संतोष कपूर, ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई से जुड़े संस्मरण और कविताएं प्रस्तुत की। समारोह का संचालन इंद्रदेव त्रिवेदी ने किया।

## एक नजर

### दामाद से झगड़ा हुआ तो दबंगों ने ससुर को पीटकर किया लहूलुहान

**भोजीपुरा।** एक परचून दुकानदार ने उधार के रुपये मांगे तो दबंगों ने उसकी दुकान पर ईंट के टुकड़े मारे। दुकानदार ने दुकान में बंद कर जान बचाई। हमलावरों को रास्ते में दुकानदार के ससुर मिल गए। तभी हमलावरों ने दुकान दार के ससुर 70 वर्षीय रफीक अहमद की लोहे की राडों से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। हमलावर मरणासन्न अवस्था में बुजुर्ग को छोड़कर फरार हो गए। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा धौंराटांडा निवासी रफीक अहमद के दामाद पड़ोसी गांव ईसापुर निवासी फीरोज की परचून की दुकान कस्बा धौंराटांडा के वार्ड 15 में है। परिजनों ने बताया फीरोज के दुकान के बारह हजार रुपये इसी वार्ड के रहने वाले मुजीब पर आ रहे थे। रविवार को फीरोज ने उधार के रुपये मांगे। तभी मुजीब आग बबूला हो गया और पुत्र मुदिस्सर के साथ मिलकर फीरोज की दुकान पर ईंट पत्थर बरसाने लगा। फीरोज ने दुकान में कैद होकर जान बचाई। तभी हमलावर घर जा रहे थे उनके मकान के सामने फीरोज के ससुर जाते हुए दिखाई दिए। तभी पिता पुत्र ने अपने अन्य परिजन की मदद से लोहे रांडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने मुजीब, मुदिस्सर व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### चोर समझकर पीटने वाले दो ग्रामीणों पर रिपोर्ट

**भोजीपुरा।** ड्रोन चोर समझकर मजनुओं को पीटने वाले बिबियापुर कायस्थान के दो ग्रामीणों के खिलाफ भी पुलिस ने मकान मालिक सुरेन्द्र की तहरीर पर मारपीट का मामला दर्ज किया है। गांव में रात में लड़कियों को लेकर आसनाई करने पहुंचे दो युवकों के साथ बिबियापुर कायस्थान निवासी मकान मालिक सुरेन्द्र ने भोजीपुरा पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में गांव के दो युवक रिंकू पिंकू के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने सुरेन्द्र की तहरीर के आधार पर बिबियापुर निवासी पिंकू, रिंकू के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि ग्रामीणों और पुलिस का भी कहना है। दोनों लड़कियों और तीनों युवकों इन लोगों ने बचाकर अपने घर पर सुरक्षित बैठा लिया था। उधर आसपास गांवों में बिबियापुर कायस्थान में चोरों के पकड़े जाने की खबर फैल गई। ग्रामीणों ने शनिवार की शाम ड्रोन उड़ते देख लिया था।तभी रात में दो बजे जनक जागीर में चोरों के आने का शोर मच गया। चोरों के डर से रात भर ग्रामीण जागते रहे।

### अधिकारी ने विभिन्न ग्रामो का किया निरीक्षण

**बरेली।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विश्राम सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की प्रगति का निरीक्षण किए जाने हेतु खंड विकास क्षेत्र मीरगंज के अति संवेदनशील ग्राम बल्लिया एवं चनेटा का निरीक्षण किया गया और वहां पर साफ सफाई, नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई ईवा एंटीलार्वा एवं फॉगिंग के बारे में जानकारी ली गई। भ्रमण के समय साफ सफाई होते हुई पाई गई। एंटीलार्वा एवं फॉगिंग का कार्य भी कार्ययोजना के अनुसार किया गया पाया गया। तत्पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्राम चनेटा में मलेरिया मरीजों के उपचार के बारे में जानकारी ली गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के भ्रमण के समय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी, जिला मलेरिया अधिकारी अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चिकित्सा अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी, ग्राम प्रधान, आशा, आंगनवाड़ी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने धोपेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक कर प्रसाद किया ग्रहण

## कावड़ियों हेतु बनाये गए विश्राम घर व जनपद बदायूं की सीमा तक भ्रमण कर व्यवस्थाओ का लिया जायजा

» धोपेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप वितरित किये गये पौधे

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज धोपेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना जलाभिषेक कर प्रसाद ग्रहण किया। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर कावड़ियों के लिये कि गयी तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी द्वारा मंदिर में कावड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं व शिव भक्तों को प्रसाद स्वरूप पौधों को वितरित किया गया। जिलाधिकरी ने कावड़ियों हेतु बनाये गए विश्राम घर में जाकर व्यवस्थाओ का जायजा लिया और भमौरा एवं रामगंगा में आयोजित भंडारो में कावड़ियों को प्रसाद वितरण किया और पुष्प माला पहनायी तथा कांवड़ियों के जत्थे पर पुष्प वर्षा कर उन्हे आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बरेली बदायूं मार्ग की सीमा तक जाकर कछला से जल लाने वाले कावड़ियों हेतु की गयी तैयारियों का भी मुआयना किया, जहाँ जनपद बदायूं के विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने जिलाधिकारी का पटका पहनाकर स्वागत किया और साथ में शिव भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कावड़ियों का जत्था पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ कछला व हरिद्वार से जल लाकर भोलेनाथ को जल चढ़ाने जाते हैं। कावड़ियों हेतु श्रावण मास के प्रत्येक रविवार तथा सोमवार को जनपद प्रशासन की ओर से भंडारे का आयोजन कराया जा रहा है, कावड़ियों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल कैम्प भी लगाए गये है। जिलाधिकारी ने कहा कि नाथ नगरी के नाम से जाना जाता है। जितने भी नाथ मन्दिर हैं वहां पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था की गयी है, इस बार महिलाओं की संख्या कांवड़ियों में अधिक होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा हर मन्दिरों में अलग से महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की गयी है तथा ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने कांवड़ियों पर फूल वर्षा की



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के भोजीपुरा से विधायक शहजिल इस्लाम ने घघोरा पिपरिया मॉडर्न विलेज स्थित शिव मंदिर पर विधायक शहजिल इस्लाम ने सभी कांवड़ियों शिव भक्तों पर फूल वर्षा कर मिष्ठान वितरण किया।

शिव भक्तों ने बम बम भोले हर-हर महादेव के उदघोष के साथ यात्रा प्रारंभ की। इस अवसर पर कावड़ यात्रा के आयोजकों लाल यादव रितेश यादव प्रीतम सिंह मुनेंद्र यादव पिंटू गंगवार समेत सभी शिव भक्तों को प्रेम और सौहार्द के साथ संपन्न होने की कामना की एवं सभी शिव भक्तों को बधाई दी।

इस कार्यक्रम में विधायक शहजिल इस्लाम, प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला, तनवीर इस्लाम, अखिलेश पटेल, आबिद हुसैन, हरि प्रकाश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# खिरनीबाग में शिव महापुराण कथा तीज पर निकलेगी कलश यात्रा

» 5 अगस्त को रुद्राभिषेक, 6 को भंडारा, तैयारियां पूरी

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** सावन माह के पावन अवसर पर खिरनीबाग में शिवमहापुराण कथा का आयोजन कल से शुरू होगा। आयोजन स्थल को आकर्षक सजावट और धार्मिक वातावरण के बीच तैयार किया गया है। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

कथा का समापन 5 अगस्त को रुद्राभिषेक और 6 अगस्त को विशाल भंडारे के साथ होगा। कथा का वाचन शिव महापुराण के विद्वान व्याख्याता शेवाचार्य प्रशांत प्रभु महाराज करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि कथा प्रतिदिन श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, उपदेश और लीलाओं का रसपान कराएगी। कथा के पहले दिन यानी 27 जुलाई को हरियाली तीज के अवसर पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा बाबा विश्वनाथ मंदिर से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए गर्रा घाट पहुंचेगी। वहां से पवित्र जल लेकर श्रद्धालु कथा स्थल पहुंचेंगे। कथा के अंतिम दिन 5 अगस्त को सामूहिक रुद्राभिषेक होगा। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु एक साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। अगले दिन 6 अगस्त को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील आयोजन समिति के संयोजक हरिशरण बाजपेई ने शहरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करें और शिव कृपा का लाभ लें।

# पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, लूट का माल बरामद

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** देवरनियां थाना क्षेत्र में पुलिस और शातिर लुटेरों के बीच हुई मुठभेड़ में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ में पुलिस ने लुटेरों के कब्जे से चोरी का माल, अवैध हथियार और नकदी बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त क्षेत्र में कई लूट की घटनाओं में शामिल थे।

घटना देर रात रहपुरा घनश्याम नहर पटरी के पास हुई, जब देवरनियां थाना पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस के अनुसार, संदिग्धों ने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में जवाबी कार्यवाही करते हुए मुठभेड़ में कांस्टेबल नितीश पंघाल घायल हो गए, दोनों अभियुक्त भी घायल हुए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दिनेश पुत्र सियाराम, निवासी ग्राम भुजिया सुमाली, थाना भोजीपुरा, और शिवम पुत्र रामौतार, निवासी ग्राम गुलड़िया, थाना मीरगंज, के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने 15 जुलाई को देवरनियां क्षेत्र के ग्राम बंजरिया जागीर और कुआ टांडा के बीच शर्राफा व्यापारी विनोद कुमार रस्तोगी के साथ हुई लूट की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इस लूट में व्यापारी से नकदी और आभूषण लूटे गए थे।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो चांदी के आभूषण (कीमत करीब 50 हजार रुपये), 30 हजार रुपये नकद, दो अवैध तमंचे (315 बोर) के साथ चार जिंदा और दो खोखा कारतूस, और एक चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। चोरी मोटरसाइकिल का इसका उपयोग लूट की वारदातों को अंजाम देने में किया जा रहा था।

घायल अभियुक्तों और पुलिसकर्मी को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और अन्य लूट की घटनाओं में उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

यह मुठभेड़ क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस की सक्रियता को दर्शाती है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई की पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# भाजपा द्वारा कारगिल विजय दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर फतेहगंज पश्चिमी के डिग्री कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह रहे। संगोष्ठी में कारगिल युद्ध में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि आज का दिन भारत के महान वीर सपूतों को याद करने का दिन है। इस दिन भारत ने ऑपरेशन विजय को पूर्ण करते हुए पाकिस्तान को धूल चटाने का काम हमारे वीर सैनिकों ने किया। हम भारत के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। ये दिन भारत की सेना के शौर्य का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध पाकिस्तान ने भारत पर थोपा था जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर जवानों ने दिया।

कारगिल एक चुनौतीपूर्ण जगह थी इस बेहद चुनौतीपूर्ण हालात में भी हमारे जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान के कायरों को धूल चटा दी। उस समय पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ अमेरिका गए और भारत पर दबाव डालने की कोशिश की, पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि अमेरिका हो या दुनिया की कोई भी ताकत भारत किसी के सामने नहीं झुकेगा और अंत में पाकिस्तान को आत्मसमर्पण करना पड़ा और घुसपैठियों को भागना पड़ा। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि कारगिल युद्ध 1999 में लगभग 2 महीने तक भारत-पाकिस्तान के बीच चला। इस दौरान पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। भारत ने ऑपरेशन विजय शुरू किया और पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ दिया। इसके परिणामस्वरूप भारतीय सेना की जीत हुई। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय के बाद देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों के शौर्य और पराक्रम को हम नमन करते है। जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल युद्ध में देश के सैकड़ों जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत की रक्षा की। उन्होंने बताया कि यह दिन हर देशवासी के लिए गर्व और सम्मान का प्रतीक है। शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे देशभक्ति की भावना को सदैव अपने भीतर जीवित रखें। कारगिल विजय को याद करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने विषम परिस्थितियों में भी दुश्मन को पराजित कर तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के समय के पूर्व कैप्टेन जमुना प्रसाद फौजी व पूर्व कैप्टेन प्रेमपाल गंगवार सहित 60 पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया।

# जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति व राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के संबंध में की बैठक

## ग्रामीण क्षेत्रों में झांड़ियों की कटाई, जलभराव, फागिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव करवाने के दिए निर्देश

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में ल जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक बैठक, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाये जाने के संबंध तथा संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के संबंध में बैठक की।

टीकाकरण में सी.एच.सी. नवाबगंज तथा क्यारा में स्थिति ठीक नहीं है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित डॉक्टरों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गए कि जननी सुरक्षा योजना में जो भी लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसे शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अर्बन क्षेत्रों में अभी कुछ सी.एच.सी. केन्द्रों पर अल्ट्रासॉउन्ड हेतु क्यू आर कोड जनरेट नहीं हो पाया है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित डॉक्टरों को अतिशीघ्र क्यू आर कोड जनरेट करने के निर्देश दिये। आशाओं का समय पर मानदेय नहीं मिलता है, जिस पर सम्बंधित सी.एच.सी के डाक्टरों को आशाओं का शत प्रतिशत भुगतान करने के निर्देश दिये। आभा आई.डी. बनाने में अर्बन क्षेत्रों में केवल दो प्रतिशत बढोतरी हुई है। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गए कि इसकी लगातार मॉनिटरिंग करते हुए सुधार लाया जाए। बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। क्षय रोग अधिकारी को निर्देश दिये कि टीबी के जो भी मरीज आ रहे है उनकी समय समय पर जांच करायी जाए तथा मरीजों को पुष्टाहार की किट व धनराशि उचित मात्रा में उपलब्ध करायी जाए। बैठक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अन्तर्गत वर्ष में दो बार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी और 10 अगस्त को मनाया जाता है। इसके अंतर्गत1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए एल्बेंडाजोल की गोली दी जाती है, जो कृमि संक्रमण को रोकने में मदद करती है। इसलिए बच्चों को दवाई अवश्य दी जाये। इस कार्य में बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी का भी सहयोग लिया जाए।

जिलाधिकारी ने पाया कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत जनपद में अभी और कार्य किये जाने की आवश्यकता है जिस पर निर्देश दिए कि अभियान समाप्त होने से पूर्व सुधार किया जाए। निर्देश दिए गए कि ग्रामीण क्षेत्रों में झांड़ियों की कटाई, जलभराव, फागिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के जिन गांवों में साफ-सफाई की आवश्यकता अधिक है वहां पर अधिक साफ सफाई करायी जाये जिससे कि उस गांव में डेंगू तथा मलेरिया के केस कम हो सकें। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत सम्बंधित नोडल अधिकारी की रैंकिंग खराब आयेगी उसके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# भाजपा महानगर कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन



विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी महानगर ने कार्यालय पर कारगिल विजय दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर डॉक्टर उमेश गौतम, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य के ने कहा कारगिल युद्ध के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सैनिकों के दम पर ही आज देश सुरक्षित है। युद्ध अत्यंत कठिन परिस्थितियों में लड़ा गया 1999 में कारगिल विजय के बाद देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों के शौर्य, पराक्रम व बहादुरी के लिए सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी देते हुए कहा हमें सैनिकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि हर समय देश की सेवा के लिए समर्पित रहते हैं कठिन परिस्थितियों में भी देश की सेवा करते हैं। महापौर डॉक्टर उमेश गौतम ने भी सैनिकों के सम्मान में विस्तार से बताया और कहा कारगिल युद्ध के 26 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और आज इसी लिए 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी देते हुए कहा हम सभी को सैनिकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह देश की सेवा में रहते है इसके बाद सभी सैनिकों को सम्मान किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, सांसद छत्रपाल गंगवार, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों, महापौर डॉ उमेश गौतम, समस्त महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षद एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया स्पेशल शैल का गठन

» समाज सेवी प्रतिपाल सिंह को मिली जिम्मेदारी

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा विधिक सहायता और जनजागरूकता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक स्पेशल शैल का गठन किया गया है। इस विशेष टीम में समाजसेवा से लेकर कानून के क्षेत्र से जुड़े लोगों को शामिल किया गया है, जो जिले में विधिक सेवा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग देंगे।

इस स्पेशल शैल में बरेली की सक्रिय सामाजिक संस्था एक गूंज सेवा समिति के अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह को महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। साथ ही, पैनल अधिवक्ता के रूप में आफताब इस्माईल को शामिल किया गया है, जो विधिक सहायता कार्यों में विशेषज्ञता रखते हैं। इसके अतिरिक्त चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के रूप में बालेश कुमार मिश्रा को नियुक्त किया गया है।

पराविधिक स्वयंसेवकों की श्रेणी में साधना कुमारी, प्रभा गंगवार, भुवनेश कुमार यादव, आरिफ खान और सत्यपाल सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। ये स्वयंसेवक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंदों को निशुल्क विधिक सलाह देने, विधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने और न्याय तक आमजन की पहुंच सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे। नव नियुक्त एक गूंज सेवा समिति के अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह ने कहां है जो जिम्मेदारी मिली है उसे समाज सेवा के रूप में कुछ नया करने को मिलेगा।

# आरक्षण दिवस के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

विश्ववार्ता संवाददाता



**बरेली।** समाजवादी पार्टी द्वारा आरक्षण दिवस एवं संविधान मान स्तंभ के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने की। कार्यक्रम मे मुख्यातिथि बदायूं के सांसद आदित्य यादव सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के रोजगार और शिक्षा को खत्म करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां पर पीडीए के लोग हैं, वहां के स्कूल बंद किए जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप ने कहा कि आरक्षण सामाजिक न्याय का सिद्धांत है। जिसे डॉ अम्बेडकर ने दिया है।

महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा, आरक्षण दिवस हक और बराबरी की लड़ाई का प्रतीक है। संविधान को कमजोर करने वाली ताकतों को समाजवादी पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। विधायक शहजिल इस्लाम ने अपने संबोधन में कहा, संविधान समाज की ताकत है। आज जब आरक्षण पर हमले हो रहे हैं, तब समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती से इसकी रक्षा में खड़ी है। पूर्व विधायक आर.के. शर्मा, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह और पूर्व विधायक सुल्तान बेग ने कहा, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि आरक्षण के अधिकारों पर कोई आंच नहीं आने देंगे। बाबा साहब की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाना ही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने किया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह यादव, बृजेंद्र यादव चौधरी,मनोहर पटेल अंबेडकर वाहिनी सुरेंद्र सोनकर समर्थ मिश्रा, कदीर अहमद, डॉ देवेंद्र सिंह यादव, डॉ अनीस बेग, दीपक शर्मा, राजेश मौर्य, दिनेश यादव, हरिशंकर यादव, सूरज यादव, ई अनीस अहमद, डॉ जीराज, मुकेश मिश्रा, ब्रजेश श्रीवास्तव, सतेंद्र श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम गंगवार, नरोतम दास मुन्ना स्मित यादव, सरताज गजल अंसारी, श्याम वीर यादव, मोहित भारद्वाज, रामवीर दिवाकर यशवीर यादव, संजय वर्मा, सुनील सागर, नमी सरन, राजवीर यादव, छेदलाल दिवाकर, डॉ ब्रह्म स्वरूप सागर, नसीर रजा, नसीम उर रहमान, अनिल गंवार, सुरेश गंगवार, बलराम यादव, इंद्रपाल यादव, शकील सैफी, गौरव सक्सेना, आरिफ कुरैश, अलीम खा सुल्तानी, गुड़िया, और हुरिया खान सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## एक नजर

### सुरजीपुरवा से छोटी काशी के लिए रवाना हुई कांवड़ यात्रा



**निघासन खीरी।** निघासन तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत दौलतापुर के अंतर्गत गांव सुरजीपुरवा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं का कांवड़ यात्रा दल भावभरी आस्था के साथ रवाना हुआ। करीब 120 किलोमीटर पैदल चलकर ये श्रद्धालु छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में भगवान शिव को जल चढ़ाएंगे। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं। श्रद्धालुओं ने गांव से करीब 8 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर बम्हनपुर तक यात्रा की। यहां पहुंचकर गांववासियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें स्नेहपूर्वक विदा किया और उनके मंगलमय यात्रा की कामना की। यह यात्रा सावन के तीसरे सोमवार को जल अर्पण के साथ पूर्ण होगी। इस बीच कस्बा बम्हनपुर के स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने बताया कि यात्रा के दौरान पलिया-निघासन स्टेट हाईवे पर भीड़ और ट्रैफिक की भारी समस्या उत्पन्न होती है, मझगई थाना क्षेत्र में आने वाले इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान विशेष पुलिस व्यवस्था की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े और हादसों से भी बचा जा सके।

### अखिलेश यादव पर पसमांदा मुस्लिमों की अनदेखी का आरोप

**बाराबंकी।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव असल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने में माहिर हैं और पसमांदा मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करते हैं। राईन ने आरोप लगाया कि यादव समाज के मुकाबले दोगुना वोट देने के बावजूद पसमांदा मुसलमानों को न टिकट मिला, न राज्यसभा में भेजा गया और न ही संगठन में कोई भागीदारी दी गई। उन्होंने कहा, पसमांदा मुसलमानों ने सपा को बार-बार सत्ता तक पहुंचाया, फिर भी इस समाज को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने आगे कहा कि अखिलेश यादव सिर्फ अशराफ मुसलमानों को संतुष्ट करने में जुटे हैं और पसमांदा समाज की कोई सुध नहीं लेते। 2027 के चुनाव को लेकर चेताते हुए उन्होंने नारा दिया, हिस्सेदारी नहीं तो वोट नहीं।

### हरिद्वार में मची भगदड़ में बाराबंकी के श्रद्धालु घायल, एक की मौत

**निंदूरा, बाराबंकी।** उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में रविवार को सीढ़ियां चढ़ते वक्त फैली अफवाह के बाद मची भगदड़ में बाराबंकी के बहुपुर कोतवाली क्षेत्र के मौलाबाद गांव के श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी अनुसार मौलाबाद गांव से शुक्रवार को 17 लोग धार्मिक यात्रा पर हरिद्वार गए थे। वकील प्रसाद (48) पुत्र भरत प्रसाद निवासी मौलाबाद की भगदड़ में दबने से मौत हो गई। वहीं, राधिका (40) पत्नी कन्हैयालाल, दुर्गावती (50) पत्नी राम आशीष दोनों निवासी मौलाबाद, और फूलमती निवासी धौरमऊ थाना देवा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज हरिद्वार के अस्पताल में जारी है।

### घर से गायब हुई किशोरी, परिजनों ने युवक पर भगाने का लगाया आरोप

**बाराबंकी।** थाना टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम जगनगर मजरे बराइन में एक किशोरी के अचानक लापता होने से हड़कंप मच गया। किशोरी के परिजनों ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राम रूप रावत ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी 23 जुलाई की सुबह लगभग 11 बजे घर से अचानक गायब हो गई। उस समय परिवार के सभी सदस्य घर में धान की रोपाई कर रहे थे। दोपहर में घर लौटने पर जब बेटी नहीं मिली तो उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन कोई पता नहीं चला। आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की गई पर कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

**मोबाइल कॉल से खुला संदिग्ध युवक का नाम** - बाद में जब बेटी के मोबाइल पर कॉल किया गया तो वह बंद मिला। फिर एक अन्य नंबर से बात करने पर पता चला कि नंबर सत्यनाम पुरवा मजरे कोटवाधाम, थाना बदोसराय निवासी बौव्वा उर्फ रजनीश पुत्र होसिला यादव का है। परिजन जब युवक के घर पहुंचे तो उसके परिजनों ने बताया कि रजनीश भी उसी दिन से लापता है।

**"अब बेटी नहीं लौटेगी" कहकर दी धमकी** - परिजनों का आरोप है कि युवक के पिता और भाई ने उन्हें धमकी दी और कहा कि "अब तुम्हारी बेटी तुम्हारे पास नहीं लौटेगी, ज्यादा दबाव बनाया तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।" इससे परिजन और अधिक चिंतित हो उठे। राम रूप रावत ने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है और अनहोनी की भी आशंका जताई है। कोतवाली प्रभारी रत्नेश पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# खीरी में सख्त निगरानी व कड़ी सुरक्षा में सम्पन्न हुई RO-ARO परीक्षा

## डीएम-एसपी ने किया केंद्रों का औचक निरीक्षण, हर स्तर पर रहा प्रशासन मुस्तैद

**विश्ववार्ता ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा**

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित आरओ-एआरओ परीक्षा रविवार को जनपद के 36 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और प्रशासनिक सतर्कता के बीच शांतिपूर्वक एवं नकलविहीन माहौल में सम्पन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। जनपद के कुल 14849 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 6925 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 7924 अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हुई। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अव्यवस्था की कोई सूचना नहीं मिली।

**निरीक्षण में जुटे डीएम-एसपी, केंद्रों पर ली व्यवस्थाओं की जानकारी**



परीक्षा के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी संकल्प शर्मा स्वयं मॉनिटरिंग मोड में रहे। दोनों अधिकारियों ने जीजीआईसी, डॉन बॉस्को स्कूल, अजमानी इंटरनेशनल स्कूल समेत कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेटों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन हो तथा परीक्षार्थियों को शांत, सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण मिले। एसपी ने पुलिस बल को सतर्क और संवेदनशील रहने के निर्देश दिए।

**हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट की तैनाती, आयोग से भी रही निगरानी**

परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने हेतु 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 36 स्टैटिक मजिस्ट्रेट प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर तैनात किए गए थे। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नामित समन्वय पर्यवेक्षकों ने भी केंद्रों की सतत निगरानी की।

**एडीएम ने संभाली व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों पर विशेष नजर**

अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर परीक्षा केंद्र केन गोवर्स कॉलेज, पब्लिक इंटर कॉलेज, गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज आदि केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधिकारियों को परीक्षा के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## वारंटी पकड़ो अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 9 वांछितों को किया गिरफ्तार



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मैगलगंज खीरी।** कोतवाली मैगलगंज पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष "वारंटी पकड़ो अभियान" के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द किया। इस अभियान का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया, जबकि दबिश टीम में मढियाघाट चौकी प्रभारी संदीप यादव व देवेंद्र सिंह की प्रमुख भूमिका रही। टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर इन सभी आरोपियों को हिरासत में लिया।

गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्त विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे थे और लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार थे। पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि कानून व्यवस्था को सख्ती से बनाए रखने और अपराध पर नियंत्रण के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा, जो भी कानून तोड़ेगा, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस मुहिम से क्षेत्रीय जनता में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और भी मजबूत हुई है।

## आरओ, एआरओ परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न, 389 में से 170 अभ्यर्थी हुए शामिल

**जैदपुर, बाराबंकी।** नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज में रविवार को यूपीपीएससी आरओ, एआरओ परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा सुबह 9 बजे शुरू होकर दोपहर 12:30 बजे तक चली।

प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती बरती। परीक्षा केंद्र पर 389 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से सिर्फ 170 ही शामिल हुए। अयोध्या, अमेठी और बरेली से भी अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे थे। पुलिस प्रशासन ने परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में दुकानें बंद कराईं। परीक्षा समाप्त होने के बाद दोपहर में दुकानें दोबारा खुलवाई गईं। केंद्र पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुई।

## नाले में डूबकर दो मासूम बहनों की मौत, गांव में पसरा मातम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार सुबह दर्दनाक हादसे में दो सगी बहनों की जान चली गई। खेत से लौटते वक्त नाले में फिसलकर डूबने से दोनों की मौत हो गई। घटना से गांव में मातम का माहौल है, तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, तुलसीपुर मजरा पर्वतपुर निवासी मजदूर सुनील वर्मा की बेटियां कंचन (11) और शिवदेवी (14) रविवार सुबह खेत में पिता से मोबाइल लेने गई थीं। पोषाहार केवायसी के लिए उन्हें मोबाइल की जरूरत थी। पिता खेत में धान की फसल में खाद डाल रहे थे और बेटियां मोबाइल लेकर घर लौट रही थीं कि तभी नाले को पार करते वक्त हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छोटी बहन कंचन पहले नाला पार कर रही थी, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पानी में गिर गई। बहन को डूबता देख बड़ी बहन शिवदेवी उसे बचाने के लिए कूद पड़ी, लेकिन नाले में पानी ज्यादा और गहराई अधिक होने के कारण दोनों की डूबकर मौत हो गई। काफी देर तक दोनों बच्चियां घर नहीं पहुंचीं तो परिवार के लोग खोजबीन में जुट गए। दो घंटे बाद जब पिता ने मोबाइल पर कॉल किया तो फोन की घंटी नाले के पास सुनाई दी। ग्रामीणों ने जब नाले में तलाश की तो दोनों बच्चियों के शव पानी में दिखाई दिए। उन्हें बाहर निकालकर डॉक्टर को बुलाया गया।

## सोते समय बच्चे को उठा ले गया तेंदुआ, सुबह गन्ने के खेत में अधखाया शव बरामद, दहशत में ग्रामीण

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गोला खीरी।** लखीमपुर-खीरी में पिता के साथ सो रहे 5 साल के मासूम को तेंदुआ उठा ले गया। उसे अपना निवाला बना लिया। परिजन और ग्रामीण बच्चे को रातभर खोजते रहे। 6 घंटे के बाद गन्ने के खेत में बच्चे का अधखाया शव मिला। पिता ने जैसे ही बेटे का शव देखा तो फफक कर रोने लगे। तेंदुआ बच्चे का दोनों पैर और एक हाथ खा गया था। उसकी कमर से नीचे का पूरा हिस्सा गायब था। अंतड़ियां तक बाहर लटक रही थीं। मासूम की एक हथेली कटी हुई और चेहरे की चमड़ी उधड़ी हुई थी। बच्चा शनिवार रात में अपने पिता के साथ खेत की रखवाली के लिए आया था।वह पिता के साथ खेत में खटिया पर सो रहा था। तभी तेंदुआ दबे पांव आया और बच्चे को मुंह में दबाकर उठा ले गया। अब वन विभाग की टीम तेंदुए की धरपकड़ के लिए गांव में पिंजरा लगा रही है। घटना गोला वन रेंज के फुलबहड़ ब्लॉक की है।



**पूरी घटना विस्तार से**

ज्ञानपुर गांव निवासी सुशील कश्यप शनिवार रात 9 बजे घर से 800 मीटर दूर अपने खेतों की रखवाली करने आए थे। उनके साथ में 5 साल का बेटा बादल कश्यप भी था। रात 11 बजे दोनों खाना खाकर खेत में बनी झोपड़ी में सो गए।सुशील ने बताया- रात 1 बजे मेरी आंख खुली तो देखा बादल खटिया पर नहीं था। मुझे लगा टॉयलेट करने गया है। टॉर्च लेकर बाहर निकला पर बादल नहीं दिखा। झोपड़ी से महज 5 मीटर की दूरी पर तेंदुए के पैरों के निशान देखे तो मैं डर गया। परिवार और गांव के अन्य लोगों को सूचना दी।

20 से ज्यादा की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की तो झोपड़ी से करीब 50 मीटर दूरी पर बादल का कटा हुआ एक पैर मिला। सूचना पर रात 2 बजे वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। रात भर सभी लाठी-डंडे लेकर बादल को खोजते रहे। सुबह 7 बजे झोपड़ी से 150 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत के बीच में बादल का अधखाया शव बरामद हुआ। बेटे का क्षत-विक्षत शव को देखते ही पिता सुशील और अन्य परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

**मां का रो-रोकर बुरा हाल, बार-बार बेहोश हो रहीं**



मां लक्ष्मी ने बेटे बादल का शव देखते ही बेहोश हो गईं। ग्रामीणों के पानी के छींटे मारने पर काफी देर के बाद उन्हें होश आया। लक्ष्मी और सुशील का रो-रोकर बुरा हाल है। लक्ष्मी ने बताया- उनके तीन बच्चे हैं। बादल दूसरे नंबर पर था। अब 12 साल की बेटी और एक साल का बेटा आकाश बचे हैं। इसी साल बादल का स्कूल में दाखिला कराया गया था।

> गोला के जंगल से ज्ञानपुर गांव सिर्फ 5 किमी. दूरी पर है। पिछले कुछ दिनों से जंगल के आसपास के गांवों में तेंदुए और बाघ के दिखने की सूचना मिल रही थी। गांव के चारों ओर गन्ने के घने खेत है, जहां तेंदुए आसानी से छिप सकते हैं। ग्रामीणों को पहले ही सचेत किया गया था कि रात में जंगल की ओर न जाएं।
> **संजीव तिवारी**, वन विभाग के रेंजर

> गोला वन रेंज और शारदा वन रेंज में कुल मिलाकर करीब 8-10 तेंदुए हैं। जो पिछले कई दिनों से आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास घूम रहे हैं। 3-4 दिन पहले इंद्रा मनोरंजन पार्क के पास तेंदुए के देखे जाने की सूचना मिली थी। इसके अलावा 8-10 बाघ भी हैं। हमलावर तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाया गया है।
> **संजय बिस्वाल**, डीएफओ लखीमपुर दक्षिणी वन प्रभाग

## अदालती आदेश के बावजूद निर्माण रोकने गए चाचा भतीजे पर हमला, बांके से वार कर किया लहूलुहान

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर में पुराने भूमि विवाद को लेकर रविवार को बड़ा बवाल हो गया। दीवानी न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद दबंगों द्वारा हो रहे अवैध निर्माण का विरोध करने गए चाचा-भतीजे पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया। घायल हालत में दोनों ने थाने पहुंचकर शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण करवाया है। गांव निवासी नितेश जयसवाल पुत्र स्व. अतुल जयसवाल का अपने चचेरे चाचा संजय जयसवाल से पुश्तैनी जमीन को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा है। यह मामला दीवानी न्यायालय में लंबित है और 1998 से न्यायालय का स्थगन आदेश प्रभावी है।



नितेश के पिता की मृत्यु हो चुकी है, जिससे विवाद और गहरा गया है। पीड़ित नितेश के मुताबिक, रविवार को चाचा संजय जयसवाल ने अपने पुत्र अखिल, रौनक, और निजामपुर निवासी सुरेंद्र व उसके बेटे नवनीत समेत एक दर्जन लोगों के साथ मिलकर विवादित भूमि पर निर्माण शुरू कर दिया। जब नितेश ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया, तो सुरेंद्र ने बांके से उसके सिर पर वार कर दिया। इसके बाद संजय, अखिल, रौनक और नवनीत ने चारों ओर से घेरकर नितेश और उसके नाबालिग चचेरे भाई प्रिंस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। खून से लथपथ हालत में पीड़ित चाचा-भतीजा थाना मसौली पहुंचे और तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने घायलों को सीएचसी बड़ागांव भेजा, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कह रही है।

## तालाब उफनाने से गांव में जलभराव, ग्रामीण बेहाल

### पंचायत की अनदेखी से तीन साल से ध्वस्त पड़ा है निकासी मार्ग




» पटा पड़ा नाला बना मुसीबत, जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी।** विकास खंड की गौरवा उसमानपुर ग्राम पंचायत में जल निकासी की व्यवस्था ध्वस्त होने से बारिश के बाद हालात बिगड़ गए हैं। पंचायत की अनदेखी के चलते शुक्रवार को हुई तेज बारिश के बाद उसमानपुर गांव का मुख्य तालाब उफान पर आ गया और आसपास के घरों में पानी भर गया। गांव के बीचों-बीच स्थित इस बड़े तालाब से जलनिकासी के लिए एक नाला बनाया गया था, लेकिन उसकी वर्षों से सफाई नहीं हुई। बारिश में जब तालाब का जलस्तर बढ़ा तो गाद व कूड़े से भरा नाला पानी निकाल नहीं पाया और तालाब का पानी गांव में फैल गया।

**घर-आंगन में घुसा पानी, शिकायत पर भी नहीं हुई सुनवाई**

स्थानीय निवासी राम अभिलाख पाल, संजय पाल व कुंआरे आदि ने बताया कि नाले की जर्जर हालत की सूचना कई बार ग्राम प्रधान व अन्य जिम्मेदारों को दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बारिश का पानी उनके घरों में घुस गया है। लोगों ने चेताया कि अगर फिर तेज बारिश हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

**तीन साल से ध्वस्त पड़ा तिलोकपुर का पक्का नाला**

इसी पंचायत के तिलोकपुर गांव में भी जलनिकासी की स्थिति बदतर है। गांव के काका के हाता के पास बना पक्का नाला बीते तीन वर्षों से ढहा पड़ा है। सामाजिक कार्यकर्ता सुनील वाजपेयी 'शिवम' ने बताया कि गांव के मध्य स्थित तालाब में घरेलू और बरसाती पानी के साथ खेतीहर इलाके का पानी आता है, लेकिन नाला क्षतिग्रस्त होने के कारण निकासी अवरुद्ध है।

**जिम्मेदार अधिकारी मौन, समाधान की मांग**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत प्रधान और संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, मगर किसी ने सुध नहीं ली। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जलनिकासी की व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाए, वरना आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।

## संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला दम्पति का शव

» सास-बहू में कहासुनी के बाद पुलिस ने किया था शांतिभंग में चालान

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बाराबंकी।** देवा कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव में रविवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक युवक और उसकी पत्नी के शव उनके कमरे में फंदे से लटके मिले। दंपती का चार साल का मासूम बेटा अब अनाथ हो गया है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान रोहित सोनी (30) और मुन्नी देवी (28) के रूप में हुई है। शनिवार को रोहित, उसकी मां और पत्नी मुन्नी के बीच विवाद हुआ था, जिस पर पुलिस ने शांतिभंग में रोहित का चालान कर दिया था। इसके कुछ ही घंटों बाद रविवार सुबह यह हृदयविदारक घटना सामने आई। जब सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजन



चिंतित हो उठे। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर रोहित और मुन्नी के शव फंदे से लटके मिले।

सूचना मिलते ही देवा पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरुआती जांच में दो संभावनाएं सामने आ रही हैं या तो युवक ने पत्नी की हत्या के बाद आत्महत्या की, या फिर पत्नी की आत्महत्या से आहत होकर उसने भी जान दे दी। वहीं मृतका के परिजनों ने रोहित के परिवार पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### अवैध कटान पर वन विभाग की कड़ी कार्रवाई

**सुबेहा, बाराबंकी।** सुबेहा क्षेत्र के शनि बाजार में अवैध रूप से पेड़ काटे जाने की सूचना पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी व वन दरोगा अनुज सिंह की संयुक्त टीम ने ठेकेदार अबूबकर पुत्र अबुल हसन के खिलाफ ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 एवं वन अधिनियम 1978 की धारा 3/28 के तहत मुकदमा दर्ज किया। वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। अधिकारी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे मामलों में कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**बेलहरा, बाराबंकी।** ग्राम चिरैया मजरे गौरा सैलक में रविवार दोपहर एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह घर के पीछे स्थित तालाब के पास गया था, जहां उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। मृतक की पहचान नौमीलाल (32) पुत्र श्रीपाल के रूप में हुई। हादसे के वक्त तालाब के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। उन्होंने परिजनों को इसकी जानकारी दी। जब तक लोग मौके पर पहुंचे और नौमीलाल को तालाब से बाहर निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर बेलहरा चौकी प्रभारी अरविंद कुमार पटेल पुलिस बल के साथ पहुंचे और पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन के अनुसार नौमीलाल चार भाइयों और चार बहनों में दूसरे नंबर पर था और अविवाहित था।

## स्कूल बचाओ पर आप का हल्ला बोल

» 27000 स्कूल बंद, 27308 शराब की दुकानें खुली : आप

» ढपोरशंखों को जगाओ अभियान से सरकार पर कसा तंज




**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बाराबंकी।** प्रदेश में 27,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने रविवार को 'ढपोरशंखों को जगाओ, शंख बजाओ, स्कूल बचाओ' अभियान के तहत जोरदार प्रदर्शन किया। जनपद के मसौली ब्लॉक स्थित ग्राम मदारपुर में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया।

जिलाध्यक्ष जुगराज सिंह ने कहा कि योगी सरकार एक ओर जहां 27,308 शराब की दुकानें खोल चुकी है, वहीं बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए सरकारी स्कूल बंद कर रही है। उन्होंने तंज कसा कि यह डबल इंजन नहीं, 'ढपोरशंखों की सरकार' है, जो शिक्षा को प्राथमिकता नहीं देती। संजय सिंह के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत आप कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक विद्यालय मदारपुर पर जाकर शंख और थाली बजाई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि हाईकोर्ट ने भले ही फिलहाल कुछ स्कूल बंद करने पर रोक लगाई हो, लेकिन सरकार की मंशा साफ है। आप इस निर्णय को वापस करवाने तक संघर्ष जारी रखेगी। 2 अगस्त को लखनऊ के इको गार्डन में 'स्कूल बचाओ आंदोलन' की बड़ी रैली की जाएगी।

## कोठी पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल, किशोरी से दुर्व्यवहार के आरोपी को नहीं किया गिरफ्तार

### पीड़िता को थाने में मिली सुलह की सलाह, मां बोली- पहले शिकायत पर होती कार्रवाई तो न घटती यह घटना

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बाराबंकी।** थाना कोठी पुलिस की कार्यशैली इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। आरोप है कि यहां की पुलिस दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय पीड़ितों को ही समझाने-बुझाने और समझौता करने की सलाह दे रही है। ताजा मामला एक किशोरी से दुर्व्यवहार और मारपीट का है, जिसमें पीड़ित परिवार को अब तक न्याय नहीं मिल सका है। घटना 20 जुलाई की शाम करीब 7 बजे की है। थाना कोठी क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी पास ही स्थित भोलेनाथ मंदिर में पूजा करने गई थी। आरोप है कि उसी दौरान गांव के दबंग अखिलेश द्विवेदी ने किशोरी का हाथ पकड़कर उससे छेड़खानी शुरू कर दी। किशोरी किसी तरह खुद को छुड़ाकर घर पहुंची, लेकिन दबंग पीछा करते हुए घर की कच्ची दीवार फांदकर अंदर घुस गया और उसके साथ दुराचार का प्रयास करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी ने किशोरी के साथ मारपीट की। पीड़िता किसी तरह छत पर चढ़कर चीखने लगी। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग जुटे तो आरोपी मौके से फरार हो गया। जाते-जाते धमकी भी दे गया कि अगर शिकायत की तो अंजाम भुगतने को तैयार रहना।

**पुलिस ने पहले भी नहीं की थी कार्रवाई** - पीड़िता की मां का आरोप है कि इससे पहले 8 जुलाई को भी आरोपी ने घर में घुसकर किशोरी से उस समय बदसलूकी की थी जब वह नहा रही थी। इसकी सूचना तत्काल 112 नंबर पर कॉल करके दी गई थी, लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस उस समय कार्रवाई कर देती, तो यह घटना नहीं होती।

**थाना में एफआईआर की जगह मिली सुलह की सलाह** - घटना के अगले दिन पीड़िता ने अपनी मां के साथ कोठी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच का आश्वासन दिया, लेकिन कोई भी पुलिसकर्मी मौके पर जांच के लिए नहीं गया। जब पीड़िता न्याय की गुहार लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची, तो वहां मौजूद महिला शिकायत प्रकोष्ठ में प्रार्थना पत्र देकर लौटी। इसके बाद कोठी पुलिस हरकत में आई, पीड़िता को थाने बुलाया गया और बयान दर्ज किए गए। पीड़िता की मां का आरोप है कि थाना प्रभारी जेपी सिंह ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय समझौता करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, लड़की का मामला है, कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगेंगे, शादी में दिक्कत होगी, सुलह कर लो।

**थाना प्रभारी ने जमीनी विवाद बताकर टाल दी कार्रवाई** - थाना प्रभारी जेपी सिंह ने कहा कि शिकायत मिली है, जांच कराई जा रही है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा है, यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

# प्लानिंग व टेक्नोलॉजी


सचमुच, भारत दुनिया की भगदड़–राजधानी बनता जा रहा है। हर जगह भगदड़ है। धार्मिक मेलों में, खेल आयोजनों में, रेलवे स्टेशनों पर, राजनीतिक रैलियों और यहां तक स्कूलों में भी। आज सुबह फिर हरिद्वार के मनसा मंदिर में भगदड़ की खबर आई, इसमें अब तक 6–7 लोगों के मरने व तकरीबन 25–30 लोगों के घायल होने की खबर है। ऐसा बताया जा रहा है कि भगदड़ करंट की झूठी अफवाह को लेकर फैली। जानकार लोग कहते हैं कि देश में भगदड़ें इसलिए हो रही हैं, क्योंकि भारत की बहुसंख्य आबादी नागरिक अधिकारों के प्रति अशिक्षित है। लेकिन वे पूरी तरह से गलत हैं। क्योंकि भगदड़ें अशिक्षा नहीं, बल्कि अपर्याप्त और लचर भीड़–प्रबंधन के कारण होती हैं। वैसे भी, एक तरफ देश में साक्षरता दर जिस तेजी से बढ़ रही है, उसी तेजी से देश में हर तरफ भगदड़ों से होने वाले हादसे भी बढ़ते जा रहे हैं। दरअसल, धार्मिक मेलों और खेल आयोजनों में एकत्र हो रही विशाल भीड़ इस बात का संकेत है कि भारत का उभरता हुआ मध्यम वर्ग अपनी समृद्धि का उत्सव मनाना चाहता है। भारतीय बेहद धार्मिक प्रवृत्ति के हैं और धर्मावलम्बी लोग तीर्थयात्राओं पर जाना चाहते हैं। चूंकि उनकी समृद्धि बढ़ी है, इसलिए उनके पास अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए बहुत सारे संसाधन भी उपलब्ध हुए हैं। फिर अपने यहां शुभ अवसरों के बारे में मान्यता है कि मंदिर या तीर्थक्षेत्रों में जाकर पूजा–अर्चना करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसलिए धार्मिक मेलों और शुभ अवसरों पर बड़ी संख्या में लोगों की उमड़ पड़ती है। पिछले पांच साल में देश के अलग–अलग हिस्सों में भगदड़ की दो दर्जन से ज्यादा घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं। येज ज्यादातर धार्मिक त्यौहारों, शुभ अवसरों पर मंदिरों में पूजा–अर्चना व बड़ी जनसभाओं के दौरान हुई हैं। हरेक हादसा – चाहे वह धार्मिक उत्सव के दौरान हुआ हो या सांस्कृतिक उत्सव के दौरान हुआ हो या फिर किसी अचानक उमड़ी भीड़ के चलते–भीड़ प्रबंधन की रणनीतियों और सरकारी तंत्र की कमजोरियों की गंभीर याद दिलाता है। भारत जैसे विविधताओं से भरे और उत्सवों से जीवंत देश में भगदड़ की घटनाएं बार–बार सामने आती हैं, जो हमारी लगातार सतर्कता और सक्रिय उपायों की मांग करती हैं। ऐसे में साफ है कि हमें भीड़ को नियंत्रित करने का अपना तरीका बदलना होगा और पुलिस व्यवस्था के हर स्तर पर नेतृत्व को भी बदलते हालात के मुताबिक ढ़लना होगा। इसी साल 4 जून को आईपीएल के जश्न के दौरान बेंगलुरु में मची भगदड़ से 11 लोगों की मौत हो गई थी। अभी हाल ही में पुरी की रथयात्रा में तीन लोग मारे गए। फरवरी में दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 18 जानें चली गईं। प्रयागराज में महाकुम्भ के दौरान कम से कम 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी और उससे पहले जनवरी में भी तिरुपति की भगदड़ में छह लोग मारे गए थे। पिछले वर्ष भी हाथरस के एक धार्मिक कार्यक्रम में भगदड़ के बाद 121 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 150 को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। इस तरह की घटनाएं हमें बताती हैं कि नाकाफी योजना और प्रतिक्रिया की कितनी बड़ी मानवीय कीमत चुकानी पड़ती है। इन सभी मामलों में या तो भीड़–प्रबंधन बेहद लचर था या इसका पूर्णतः अभाव था। भीड़–प्रबंधन टेढ़ी खीर है और बढ़ते शहरीकरण के साथ यह और दुष्कर होता जा रहा है। अच्छी बात यह है कि इंस्टैंट कम्युनिकेशन की बेहतर क्षमता और भीड़ के मूवमेंट्स के रियल टाइम डेटा के साथ हम इसकी अच्छी योजना बनाते हुए इसका प्रबंधन कर सकते हैं। ग्रीनविच विश्वविद्यालय के फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग समूह ने व्यवहार संबंधी प्रयोगों और गणितीय मॉडलों का उपयोग कर यह समझने का प्रयास किया है कि विभिन्न परिस्थितियों में भीड़ किस प्रकार से चलती है। उन्होंने पाया कि चार व्यक्ति प्रति मीटर से अधिक घनत्व की भीड़ का मूवमेंट जोखिमपूर्ण होता है। ऐसी भीड़ में चल रहे व्यक्ति को यह नहीं दिखता कि उसके आसपास क्या हो रहा है। वह सिर्फ अपने आसपास चल रहे चंद लोगों को ही देख पाता है। उसे इस बात का जरा भी अनुमान नहीं होता कि चारों ओर भीड़ का दवाब बन रहा है। हां, सीटीसी कैमरों के जरिए भीड़ की गंभीरता की निगरानी संभव है और रियल टाइम में सुरक्षाकर्मियों और कार्यकर्ताओं को जोखिम भरे इलाकों की जानकारी दी जा सकती है। रियल टाइम डेटा से निगरानी के अलावा हमें प्रयागराज, तिरुपति, पुरी, वाराणसी, बद्रीनाथ, द्वारका जैसे धार्मिक स्थलों पर प्रवेश के नियम–कायदे बनाने होंगे।

## कटाक्ष

हसन जैदी




# एको रूद्र द्वितीयो नास्ति



हृदयनारायण दीक्षित

**सावन का माह भारत में शिव उपासना की मंगल मुहूर्त है। शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां औषधियां उगती हैं खिलती खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। काशी बहुत जाता हूं। काशी मंदिर में शिव उपासना की मूर्ति है। शिव दर्शन कई बार हुआ। लेकिन सावन में मैंने समूची काशी को सोम शिव पाया।**

सोम चन्द्रमा के पर्याय हैं। वे विराट ब्रह्माण्ड का मन हैं। जैसे चन्द्र कलाएं घटती बढ़ती हैं, वैसी ही हमारे मन की चंचलता है। सोम संसारी देवता हैं। ओम सूक्ष्मतम विराट का एकात्म नाद। परम ध्वनि। अस्तित्व सूक्ष्मतम से भी सूक्ष्म है और विराट से भी विराट। अन्तर्यात्रा स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा है। पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है। जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है। बीज के भीतर अनंत संभावनाएं होती हैं। पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल। फिर-फिर बीज। ओम प्राण शक्ति है और सोम बीज का पल्लवन पुष्पन। ऋग्वेद के सोम कम लोगों को याद हैं लेकिन सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है। सोम से ओम् की यात्रा शिव है। यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं। सोम और ओम् साथ-साथ हैं। सोम शिव के ललाट पर हैं ही। शिव का सोम चन्द्र प्रतीक बड़ा प्यारा है। ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है। सोम असाधारण देवता हैं। आनंददाता भी हैं। ऋग्वेद में रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। नट-राज। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो शिव के डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं लेकिन यही रूद्र शिव भी हैं। ऋग्वेद में "जो रूद्र है, वही शिव भी है।" शिव महाकाल हैं। त्रिशूल उनका हथियार। तीन शूल दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट हैं। भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुखहारी हैं-त्रिशूल धारक जो हैं। सोंचने से मन नहीं भरता। मैं तनाव की स्थिति में यजुर्वेद के शिव संकल्प सूक्त दोहराता हूं-"हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो-तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।" मंच, माला, माइक का त्रिशूल मेरे भीतर है। सोम सामने है, भीतर ओम है। लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। करूं तो क्या करूं? ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था तर्यम्बक रूद्र को-हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो। सावन का माह भारत में शिव उपासना की मंगल मुहूर्त है। शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां औषधियां उगती हैं खिलती हैं खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। काशी बहुत जाता हूं। काशी मंदिर में शिव उपासना की मूर्ति है। शिव दर्शन कई बार हुआ। लेकिन सावन में मैंने समूची काशी को सोम शिव पाया। हर-हर महादेव की गूंज व लोक उल्लास। सत्य, शिव और सुंदर की त्रयी में सत्य परम है। सत्य शिव है। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव में तीनों हैं। शिव और लोकमंगल पर्यायवाची हैं। आस्तिकों के लिए यह ऊर्जा सहज प्राप्य नहीं है। शिव के प्रति लोक आस्था विस्मयकारी है। शिव प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने भड़काया "पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गई। आपका सुंदर हांथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?" शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा "संसार के सारे रूप शिव के ही हैं-विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।" शिव ही सभी रूपों में रूप रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले "अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।" मन करता है कि पूंछू शिव से-महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन शिव तप प्रभाव में स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं। भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूंछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है। लेकिन शिव सब जानते थे। वे सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कण्ठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी हैं लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद् चन्द्र की पूर्णिमा सोम की ही वर्षा करती है। शिव ने सनत् कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दांया नेत्र है और बांया चन्द्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं। शिव अजन्मा हैं। उनका न जन्म हुआ और न ही मृत्यु। वे अजर अमर भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। वे रूद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं। शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी। भीष्म से उन्होंने तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, "शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, "रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत को व्याप्त किया है।" यहां श्रीकृष्ण के विराट का कारण भी शिव तत्व का बोध है। देवों के देव महादेव नमस्कारों के योग्य हैं। पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं। बैल की सवारी और पार्वती से बतरस। 'विज्ञान भैरवतंत्र' में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागी। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दांयी आंख में ही काजल लगाया था, वह बाई आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती शिव जगत के माता पिता हैं। विवाह के बाद देवों ने शुभकामनाएं दीं।" हम भारतवासी बहुदेव उपासक हैं। बहुदेव उपासना हमारी प्रकृति है। शिव एशिया के बड़े भाग में प्रचलित देव हैं। वे हजारों बरस से भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। श्रीराम गोयल ने 'विश्व की प्राचीन सभ्यताएं' (पृष्ठ 416) में शिव उपासना को आर्येतर बताया है। उन्होंने ऋग्वेद के रूद्र को भी परवर्ती शिव से भिन्न बताया है। गोयल आर्यों को भारतीय मूल का नहीं मानते थे। वे देवताओं को भी आयातित मानते थे। लेकिन ऋग्वेद की प्राचीनता से ही ऐसे आरोप निरस्त हो जाते हैं। सिंधु घाटी से प्राप्त मुद्राओं में पशुओं की बहुतायत है। शिव पशुपति हैं ही। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। प्रख्यात माक्र्सवादी चिन्तक डॉ0 रामविलास शर्मा ने लिखा है "वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।" शिव उपासना का मूल केन्द्र भारत है। यजुर्वेद प्राचीन है। इसका 16वां अध्याय शिव की ही स्तुति है। यहां शिव कण-कण में व्याप्त परम चेतना हैं।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे–
vishwavarta.response@gmail.com

# ट्रंप की सनक या तानाशाही



प्रेम शर्मा

अपने अनिश्चित स्वभाव के अनुरूप, अमेरिकी राष्ट्रपति ने वैश्विक व्यापार व्यवस्था के साथ बहुत अधिक खिलवाड़ किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' अभियान प्रवासी विरोधी बनता जा रहा है। ट्रंप की टेक कंपनियों को उनकी ताजा चेतावनी इसी का प्रमाण है। जिसे राष्ट्रपति चुने जाने के लिए भारत में हवन पूजन किया गया हो। जिसे देश के प्रधानमंत्री का बेहतर मित्र कहा जा रहा हो वह राष्ट्रपति भारत के खिलाफ लगातार आग उगल रहा है।हालांकि ट्रंप की ऐसी हर कोशिश उनके ही देश को नुकसान पहुंचाएगी। डोनाल्ड ट्रंप ने जबसे अमेरिकी राष्ट्रपति पद को संभाला है, भारत के खिलाफ ही काम कर रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगला और कहा कि अब वो दिन लद गए जब अमेरिकी कंपनियां भारतीयों को नौकरी दें। इससे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों को एक सख्त मैसेज दिया है, जिसमें भारत से हायरिंग करने को मना किया है। ऐसे कई फैसले जो उन्होंने भारत को हानि पहुचाने वाले लिए है। दूसरे कार्यकाल की शुरुआत ही धमकियों से करने वाले ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिकी कंपनियां केवल अमेरिकियों को ही नौकरी दें। उनका कहना है कि 'हमारी कई बड़ी टेक कंपनियों ने अमेरिकी आजादी का फायदा उठाते हुए चीन में फैक्ट्रियां बनाईं, भारत में कर्मचारियों को नौकरी दी और आयरलैंड में मुनाफा बचाया...।' कुछ अरसा पहले ही ट्रंप ने एपल को चेतावनी दी थी कि अगर उसने भारत में प्रॉडक्शन किया, तो आईफोन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया जाएगा। ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका में बिकने वाला हर सामान अमेरिका में ही बने और उसे बनाएं भी अमेरिकी ही, लेकिन क्या यह संभव है? ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में जब मुक्त व्यापार की बात हो रही है, तब कोई अर्थव्यवस्था खुद में सिमट कर नहीं रह सकती। और सबसे अहम बात, अमेरिकी कंपनियां इसलिए भारत या चीन में प्लांट लगाना चाहती हैं, क्योंकि यहां मैन्युफैक्चरिंग सस्ती है। इसी तरह, सिलिकॉन वैली या दूसरी अमेरिकन इंडस्ट्रीज में भारतीयों ने अपनी बुद्धिमत्ता से जगह बनाई है। दर्जनों विश्व विख्यात कम्पनी के मुख्यकर्ताधर्ता भारतीय मूल के है। सिलिकॉन वैली के करीब एक तिहाई टेक एम्प्लॉई भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्युन 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में टॉप पोजिशन पर भारतीय बैठे हैं। ये भारतीय अमेरिकी इकॉनमी



के इंजन हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे और इनकी टोटल वैल्यू 195 अरब डॉलर आंकी गई थी। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। इसी तरह, अमेरिका की आबादी में 1.5 वाले भारतीय 5-6ः इनकम टैक्स अदा करते हैं।अमेरिकी की टेक इंडस्ट्री या सिलिकॉन वैली आज अगर वैश्विक स्तर पर राज कर रही है, तो इसमें प्रवासियों का बड़ा योगदान है। दुनियाभर की मेधा, खासकर भारत की, ने मिलकर इस इंडस्ट्री को सींचा है। इलॉन मस्क की टेस्ला को जब ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर में सफलता मिली, तो उन्होंने भारतीय मूल के एक रोबोटिक्स इंजीनियर अशोक एल्लुस्वामी का ही नाम पहले लिया था। ट्रंप उस वैश्वीकरण को खत्म करने की बात कर रहे हैं, जिससे सबसे ज्यादा फायदा अमेरिका को ही हुआ है। उनके पास इंडस्ट्री की मांग को पूरा करने लायक वर्कफोर्स नहीं है। भारत के बिना उनका 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' पूरा नहीं हो सकता।वैसे भी जब से ट्रप ने पद सम्हाला है तब से संयुक्त राज्य अमेरिका का व्यापार परिदृश्य एक बड़े बदलाव के दौर से गुज़र रहा है। क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में 20 से ज्यादा देशों में अपने टैरिफ अभियान का विस्तार कर रहे हैं। 50 प्रतिशत तक के प्रतिशोधात्मक शुल्कों के साथ, ऑटोमोबाइल और एल्युमीनियम से लेकर तांबा और ई-कॉमर्स तक, सभी क्षेत्र इस टकराव में फँस गए हैं। इसके लिए कनाडा, ब्राज़ील और भारत जैसे देश छूट हासिल करने के लिए 1 अगस्त की समय सीमा के ख़िलाफ़ दौड़ रहे हैं। जबकि व्यवसाय और उपभोक्ता इसके बाद के झटकों के लिए तैयार हैं। यानि इतना तो तय है कि या तो ट्रम्प किसी सनक का शिकार हो गए है फिर उनको तानाशाही करने में मजा आ रहा है। लेकिन हिन्दुस्तान में यह कहावत आम है कि अकेल चना भाड़ नही फोड़ सकता। इसका आभास जल्द ही ट्रम्प को हो जाएगा।

## कविता



ज्योति रीता

### नियति

हालात के आगे
ना तुम मजबूर थे
ना मैं
ये फ़ैसला नियति ने ही
तय कर रखा था
ना तुम कुछ कर पाये
ना मैं
बस इस फ़ैसले में हाँ–में–हाँ मिलाकर
सहमती जताते रहे,
जानते हुवे
कुछ तो गलत है
फिर भी
ना तुम रोक पाये
ना मैं
कुछ फ़ैसले
ऊपर से ही तय होते हैं शायद!

# डॉ. कलाम : जनता के राष्ट्रपति, बेमिसाल वैज्ञानिक



प्रदीप कुमार वर्मा

**मिसाइल मैन एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की पुण्यतिथि 27 जुलाई पर विशेष...**



सपने वे नहीं होते, जो आपको रात में सोते समय नींद में आए बल्कि सपने वे होते हैं, जो रात में सोने ही न दें।' यह कथन है महान वैज्ञानिक एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का। उन्हें मिसाइल मैन, भारतीय अंतरिक्ष प्रोग्राम का जनक तथा पीपुल्स प्रेसिडेंट भी कहा जाता है। यही नहीं विद्यार्थियों के प्रति विशेष प्रेम को देखते हुए देश और दुनिया में उनके जन्मदिन को 'विद्यार्थी दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। राष्ट्र की सेवा एवं ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए डॉ. अब्दुल कलाम को वर्ष 1981 में पद्म भूषण, वर्ष 1990 में पद्म विभूषण तथा वर्ष 1997 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। डॉ. कलाम ने देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को गति दी। इसके साथ ही मिसाइल तकनीक में विकास के नए आयाम गढ़े जिससे देश सुरक्षा और अंतरिक्ष के मामले में आत्मनिर्भर होने की राह पर चल पड़ा। भारत के 11वें राष्ट्रपति और वैज्ञानिक रहे एपीजे अब्दुल कलाम का आज पुण्यतिथि है। डॉ. कलाम का 27 जुलाई 2015 को आईआईएम शिलांग में लेक्चर देते समय दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम के धनुषकोटि में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम अंसार परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जैनुलाब्दीन और मां का नाम आशियम्मा था। उनका बचपन काफी संघर्षों में बीता और उन्हें आर्थिक परेशानियों को दूर करने के लिए अखबार भी बांटना पड़ा। उनकी बचपन की पढ़ाई रामेश्वर में ही हुई। इसके बाद उन्होंने 1954 में त्रिची के सेंट जोसेफ कॉलेज से साइंस की डिग्री हासिल की। वर्ष 1957 में उन्होंने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। डॉ. कलाम ने भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में भी काम किया। वह रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार भी रहे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के संबंध में प्रचलित मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉ. कलाम बचपन में पायलट बनना चाहते थे लेकिन ऐसा नहीं हो सका लेकिन डॉ. कलाम ने शुद्ध राजनीति के जरिए राष्ट्रपति पद को शोभित किया और इसके बाद आमजन के लिए भी राष्ट्रपति भवन के दरवाजे खुल गए। अपने जीवन काल में डॉ. कलाम एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी में आए, तो इसके पीछे उनके 5वीं कक्षा के अध्यापक सुब्रह्मण्यम अय्यर की प्रेरणा थी। अपने अध्यापक की बातों ने उन्हें जीवन के लिए ना केवल एक मंजिल,बल्कि एक उद्देश्य भी प्रदान किया। अभियांत्रिकी की शिक्षा के लिए उन्होंने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दाखिला लिया। वहां इन्होंने एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में अध्ययन किया। और इस प्रकार डॉ. कलाम वैज्ञानिक बने। वर्ष1958 में डॉ. कलाम ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) में एक वैज्ञानिक के रूप में अपना करियर शुरू किया। इसके बाद में डॉ.कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में काम किया। जहां,उन्होंने भारत के पहले उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएलवी-III) के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिससे जुलाई 1982 में रोहिणी उपग्रह सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया था। कलाम ने स्वदेशी लक्ष्य भेदी नियंत्रित प्रक्षेपास्त्र (गाइडेड मिसाइल्स) को डिजाइन किया। डॉ. कलाम ने अग्नि एवं पृथ्वी जैसे प्रक्षेपास्त्रों को स्वदेशी तकनीक से बनाया था। यही नहीं डॉ. कलाम जुलाई 1992 से दिसम्बर 1999 तक रक्षा मंत्री के विज्ञान सलाहकार तथा सुरक्षा शोध और विकास विभाग के सचिव थे। डॉ. कलाम को भारत के मिसाइल कार्यक्रम के विकास में उनके योगदान के लिए ₹मिसाइल मैन₹ के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने 1998 में पोखरण-द्वितीय परमाणु परीक्षणों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे भारत एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बना। देश को मिसाइल तकनीक देने तथा विज्ञान के क्षेत्र में भारत को प्रगति के रास्ते पर पहुंचने वाले डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम 18 जुलाई 2002 को कलाम भारत के 11वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। इन्हें भारतीय जनता पार्टी समर्थित एनडीए घटक दलों ने अपना उम्मीदवार बनाया था जिसका वामदलों के अलावा समस्त दलों ने समर्थन किया था। इसी क्रम में 25 जुलाई 2002 को उन्होंने संसद भवन के अशोक कक्ष में राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। 5 साल तक देश के राष्ट्रपति के पद को सुशोभित करने वाले डॉकलाम का कार्यकाल 25 जुलाई 2007 को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। डॉ. कलाम ने वैज्ञानिक रहते हुए जितनी ख्याति हासिल की, उससे कहीं ज्यादा राष्ट्रपति रहते हुए मशहूर हुए। उन्होंने राष्ट्रपति भवन के दरवाजे आम लोगों के लिए खुलवाए। अपने 5 साल के कार्यकाल में डॉ. कलाम ने महज 2 बार ही छुट्टी ली थी। ज्ञान-विज्ञान और पठन- पाठन के प्रति उनका संपूर्ण जीवन समर्पित रहा। यह भी एक सुखद संयोग ही रहा कि अपने निधन के दिन भी वे देश की भावी पीढ़ी को ज्ञान-विज्ञान का संदेश देते हुए इस दुनिया से रुखसत हुए। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का आज ही के दिन 27 जुलाई 2015 को शिलांग के आईआईएम में एक व्याख्यान देने के दौरान गिरने के बाद निधन हो गया। उनकी पुस्तकें इंडिया 2020, विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड, माय जर्नी आदि काफी प्रेरक हैं। जीवन भर सादगी के प्रतीक ही रहे डॉ. कलाम जब राष्ट्रपति भवन से विदा हुए तो उनके पास सिर्फ सूटकेस था, जिसमें उनके कुल जमा दो जोड़ी कपड़े और कुछ किताबें थी। इस दुनिया से जाने के बाद भी डॉ.कलाम वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत बने हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने राजनीतिक शुचिता की एक ऐसी लकीर खींच दी है जो अन्य राजनेताओं के लिए एक बेमिसाल नजीर है।

## एक नजर

### मॉरफीन समेत शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



**सीतापुर।** खैराबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त प्रताप पुत्र फुन्दी निवासी ग्राम अनीशपुर थाना खैराबाद को राधेलाल चौराहे के पास आम के बाग से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से 45 ग्राम मॉरफीन (अवैध मादक पदार्थ) बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी मानपुर व खैराबाद थाने पर चोरी, अवैध शस्त्र व अवैध मादक पदार्थ जैसे करीब दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त प्रताप के विरुद्ध 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्यवाही की है।

### तमंचा समेत शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली देहात पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त विकुल पुत्र इंद्रपाल अमीरनगर थाना कोतवाली देहात को 315 बोर असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार विकुल पर रामकोट, कोतवाली देहात व शहर कोतवाली में हत्या व हत्या के प्रयास समेत अन्य मामलों के दर्जन भर केस दर्ज हैं। पुलिस ने विकुल के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

### अवैध असलहों समेत दो गिरफ्तार

**सीतापुर।** महोली व मिश्रिख पुलिस ने दो युवकों को नाजायज असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है। महोली पुलिस ने विपिन मिश्रा पुत्र अशर्फी निवासी कुंवरपुर लच्छा को 315 बोर असलहा व कारतूस के साथ दबोच लिया। विपिन शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में चोरी, नकबजनी, मारपीट व अवैध शस्त्र जैसे दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। मिश्रिख पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त योगेंद्र सिंह उर्फ गोलू पुत्र राजेश सिंह निवासी संजराबाद थाना मिश्रिख को गिरफ्तार कर उसके पास से 315 बोर असलहा व कारतूस बरामद किया है।

### कच्ची दीवार गिरने से बालिका की मौत

**महोली (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के देवकली गांव में रविवार को कच्ची दीवार ढहने से एक बालिका की मौत हो गई। गांव के निवासी संग्राम की 12 वर्षीया पुत्री शालिनी रविवार दोपहर को शौच के लिए जा रही थी। इसी दौरान नेकराम की कच्ची दीवार भर-भराकर गिर गई, जिसके मलबे में शालिनी दब गई। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से मलबे से बालिका को बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात

**लहरपुर सीतापुर।** नगर क्षेत्र के बूथ संख्या 50 के अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी के मोहल्ला बेहटी स्थित आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 124वें संस्करण को नगर मंडल अध्यक्ष विनीत जायसवाल के नेतृत्व में सुना।इस मौके पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करने के लिएभाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी भी उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात में अंतरिक्ष से शुभांशु की सफल वापसी की बात सुनकर भारत माता की जय के जयकारे लगाएं। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अगस्त क्रांति, देश की आजादी व विभाजन की विभीषिका, स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस की फांसी आदि विषयों पर उनके विचारों को सुना। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेश अवस्थी, वीरेंद्र पुरी, रामे बाजपेई , प्रमोद बाजपेई, मनमोहन गुप्ता, प्रमोद अवस्थी, बंशीधर पाठक,मनीष पाठक, कैलाश द्विवेदी, कृपाशंकर पांडेय,सूरज जायसवाल, निशांत नाग, निशांत रस्तोगी, राजू तिवारी, सत्यम शुक्ला, मनीष शुक्ला, सत्यम नाग,प्रदीप वाल्मीकि, संदीप पांडेय सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रीमद्भगवत कथा का हुआ आयोजन



**लहरपुर सीतापुर।** मोहल्ला बेहटी स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार रात्रि बेला में कथा व्यास पं0 शिवा शुक्ला ने भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव की मनोहारी कथा का रसपान कराया, उन्होंने कहा कि, जब जब होई धर्म की हानि, बाढहि असुर अधम अभिमानी, तब तब प्रभु धरि मनुज शरीरा, हरहि दयानिधि सज्जन पीरा। कथा व्यास ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार अनाचार पाप कर्म बढ़ते हैं तब भगवान अपने भक्तों के कष्टों को दूर करने के लिए अवतार लेते हैं। भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रद्धालु, नन्द घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की,जय कन्हैया लाल की हांथी घोड़ा पालकी के भजनों पर थिरकने लगे, प्रभु श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर कथा यजमान माधव राम पाठक एवं मीना देवी पाठक, अक्षय कुमार पाधा, बंशीधर पाठक, राजेन्द्र तिवारी, सत्यप्रकाश शुक्ला, सुरेन्द्र नाथ पाधा, गोकर्ण प्रसाद यादव, राजेन्द्र पाधा, शिव भगवान पाठक, कृष्ण गोपाल पाठक, उमेश मिश्रा, श्यामसुंदर पाधा, राम पाधा, पिंकू पाधा, हैप्पी पाठक, मनीष पाठक, बबिता पाठक, सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### पत्नी ने प्रेमी व उसके साथियों को घर बुलाकर पति को पिटवाया

**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलसुआ में पत्नी ने अपने प्रेमी व उसके साथियों को घर बुलाकर पति को पिटवाया, पुलिस ने दर्ज किया अपराध। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम बेल्सुआ निवासी गया प्रसाद पुत्र शिवदीन ने विगत मंगलवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपराध दर्ज कराया कि रमेश कुमार निवासी ग्राम अमरनगर थाना तंबौर ने मुझे व मेरी पत्नी रूबी को अपने साथ महाराष्ट्र राज्य में काम करने ले गए थे वहीं पर मेरी पत्नी रूबी से शिवपूजन पुत्र रमेश के बीच संबंध हो गया, जिसकी जानकारी जब मुझे हुई तो मैं अपनी पत्नी को लेकर अपने घर चला आया था, पति ने आरोप लगाया है कि दो माह पूर्व मेरी पत्नी रूबी ने फोन करके रमेश कुमार, शिवपूजन व रामू को घर पर बुला लिया और उन लोगों ने मिलकर मुझे गंदी गंदी गालियां देते हुए लोहे की राड से जमकर मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी, जिससे मेरे शरीर में काफी चोटें आई हैं। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### पांच पीएचसी पर हुए 387 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**लहरपुर सीतापुर।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के तहत रविवार को क्षेत्र के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 387 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकैचनपुर फरीदपुर में डॉ प्रज्ञा शरण आनंद ने 80, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरिया में डॉक्टर आदित्य ने 79 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में डॉक्टर अख्तर ने 77 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढखेरा में डॉक्टर तलत जहां ने 78 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरुल्लापुर में फार्मासिस्ट अशोक ने 73 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और दवाइयां वितरित कीं। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद वाजपेई ने बताया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों को परिवार नियोजन अपनाने और संचारी रोग अभियान के तहत संचारी रोगों से बचाव के लिए और साफ सफाई के लिए जागरूक किया गया, उन्होंने बताया कि अधिकांश मरीज खांसी जुकाम-बुखार त्वचा रोग से पीड़ित थे जिनके स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां दी गई।

### रात में फिर दिखा मगरमच्छ



**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदफर में एक बार फिर रात को देखा गया विशालकाय मगरमच्छ, मगरमच्छ देखे जाने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप। जानकारी के अनुसार शनिवार रात भदफर में मगरमच्छ को देखने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और ग्रामीणों की हलचल और शोर के कारण मगरमच्छ वापस तालाब में चला गया। ज्ञातव्य है कि कई बार मगरमच्छ सड़क पर आ चुका है और शोर होने पर तालाब में चला जाता है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है, मगरमच्छ के डर से ग्रामीण रात के समय सड़क पर निकलने से डर रहे हैं।मगरमच्छ देखे जाने पर रविवार को वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। इस संबंध में वन दरोगा अरविंद गिरी ने बताया कि, तालाब लबालब पानी से भरा है और जलकुंभी होने के कारण मगरमच्छ दिखाई भी नहीं देता है, ग्रामीणों को तालाब के पास न जाने के लिए जागरूक किया गया है और मगरमच्छ देखें जाने पर वन विभाग को सूचना देने के लिए अपील की गई है।

# गांजर में दोहराएगा सियासी इतिहास !

विश्ववार्ता विश्लेषण

- भाजपा प्रत्याशी पर भारी पड़ सकते हैं बागी उम्मीदवार
- सपा की राह में नदीम बने रोड़ा, मिल सकती है सहानुभूति

**शिव प्रकाश मिश्र**

**सीतापुर।** सच कहना अगर बगावत है तो समझो हम भी बागी हैं। भाजपा का टिकट न मिलने से आहत बागी प्रत्याशी अतुल वर्मा के तेवर कुछ यही बयां कर रहे हैं। बीते पालिका चुनाव में भाजपा से टिकट न मिलने पर निर्दल चुनाव लड़कर सियासी पंडितों को चौंकाने वाले अतुल इस बार भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी दंगल में ताल ठोंक रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी संजय वर्मा के लिए मुसीबत का सबब सिर्फ अतुल ही नहीं बल्कि बीते पालिका चुनाव में भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़कर रनर रहे अम्बरीश गुप्ता भी कमल खिलने की राह में रोड़ा बन गए हैं। 2018 के पालिका चुनाव में बागी प्रत्याशी के चलते भाजपा उम्मीदवार मोहन प्रसाद बारी महज 1500 मतों के अंदर सिमट गए थे। महमूदाबाद पालिका चुनाव में बागी प्रत्याशियों की कीमत भाजपा को पूर्व में चुकानी पड़ी है ऐसे में एक बार फिर इतिहास दोहरा सकता है। बीते पालिका चुनाव में दिवंगत मो. अहमद के मुकाबिल भाजपा से अम्बरीश गुप्ता चुनावी समर में उतरे थे। भाजपा से टिकट न मिलने से रुष्ट अतुल वर्मा बतौर निर्दल उम्मीदवार चुनावी समर में कूद पड़े थे। चुनावी परिणाम आने पर मो. अहमद विजयी घोषित किए गए, जबकि भाजपा के अम्बरीश गुप्ता को लगभग 8100 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे जबकि बागी अतुल वर्मा ने तकरीबन 7700 वोट पाकर चुनावी विश्लेषकों को चौंका दिया था। सियासी हालात इस बार भी फिलवक्त कुछ ऐसे ही बनते नजर आ रहे हैं, अंतर सिर्फ इतना है कि पिछली बार एक बागी था जबकि इस बार दो बागी पूरी दमखम से चुनावी समर में उतर चुके हैं। समाजवादी पार्टी ने दिवंगत मो. अहमद के शहजादे आमिर अराफात पर दांव खेला है। आमिर अराफात को दिवंगत पिता की सहानुभूति भी चुनाव में मिल सकती है। हालांकि मुस्लिम वोटों में सेंधमारी कर निर्दल नदीम अहमद भी सपा प्रत्याशी की मुसीबत की वजह बन सकते हैं। चुनावी प्रक्रिया के शुरुआती दौर में भाजपा प्रत्याशी को सपा से कम अपनों से अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**विधानसभा का रिहर्सल है उपचुनाव**

महमूदाबाद व मिश्रिख दोनों कस्बों की ऐतिहासिक पहचान है लेकिन दोनों का दृष्टिकोण जुदा है। मिश्रिख-नैमिषारण्य नगर पालिका विश्व विख्यात नैमिषारण्य तीर्थ, मां ललिता देवी मंदिर, व्यास गद्दी व महर्षि दधीचि के नाम से ख्यातिलब्ध है, जबकि महमूदाबाद के खाते में प्राचीन संकटा देवी मंदिर, राजा महमूदाबाद अमीर मोहम्मद खान का ऐतिहासिक किला व जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक जैसी उपलब्धियां जुड़ी हैं। मिश्रिख की सरहद हरदोई जिले से जुड़ी है जबकि महमूदाबाद की सीमा बाराबंकी से सटी हुई है। दोनों शहरों का इतिहास भी अलग है लेकिन दोनों सीटों पर सपा अपना परचम लहराकर विधानसभा चुनाव से पहले सियासी बढ़त लेना चाह रही है। मिश्रिख नगर पालिका के उपचुनाव में पूर्व विधायक अनूप गुप्ता व पूर्वमंत्री रामपाल राजवंशी सपा प्रत्याशी सुनीता को विजयी बनाने में जुट गए हैं तो महमूदाबाद में पूर्वमंत्री नरेंद्र वर्मा ने सियासी गोटें विछाना शुरू कर दिया है। हालांकि भाजपा भी पूरे दमखम से लगी है लेकिन बागियों ने इनकी राह में कांटे बिछा दिए हैं।

**जिलाध्यक्ष की प्रतिष्ठा का चुनाव**

दोनों नगर पालिकाओं का उपचुनाव प्रत्याशी के साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। बतौर जिलाध्यक्ष पहली पारी में हुए लोकसभा चुनाव में जिले से जुड़ी चार लोकसभा सीटों में से तीन पर भाजपा को शिकस्त मिली थी। ऐसे में दूसरी पारी में पालिका उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जितवाकर राजेश शुक्ला को खुद की उपयोगिता साबित करना किसी चुनौती से कम नहीं होगा।

### विहिप पदाधिकारी पर हमला तीन लोगों पर केस दर्ज

**सीतापुर।** पिसावां थानाक्षेत्र के ग्राम रमुआपुर निवासी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री कुमुद सिंह चौहान पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमला पुरानी जमीनी रंजिश के कारण होना बताया जा रहा है।आरोप है कि विपक्षीगण मयंक सिंह पुत्र सर्वेश सिंह, अनिल सिंह पुत्र ज्ञान सिंह, सर्वेश सिंह पुत्र छोटू सिंह, निवासी रमुआपुर ने रविवार की सुबह गावं के ही कुमुद सिंह के घर मे घुसकर बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। आरोप है कि धारदार हथियार से भी हमला किया गया जिससे उन्हें आंख, गले और पीठ में कई चोटें भी आईं है। गांव के ही करतार सिंह, पेशकार सिंह व अन्य लोगो ने बचाया। विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। आरोप यह भी है कि हमले के दौरान उनकी सोने की चेन खो गई साथ ही उनका मोबाइल फोन भी टूट गया। पुलिस ने तीनो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 3231 परीक्षार्थियों ने दिया 15 केंद्रों पर इम्तिहान

## डीएम व एसपी परीक्षा केंद्रों का लगातार लेते रहे जायजा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा-2023 जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल सम्पन्न हो गई।

जिले में पंजीकृत कुल 6432 अभ्यर्थियों में से 3231 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया जबकि 3201 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के विशेष इंतजाम किए गए थे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने रविवार सुबह कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं तथा परीक्षा सामग्री प्रेषण कार्य का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्देश दिए कि लोक सेवा आयोग के निर्देशानुसार समस्त कार्यों को पूरी सुचिता के साथ किया जाय। दोनों अधिकारियों ने महर्षि विद्या मंदिर नैपालापुर, सुमित्रा मॉर्डन स्कूल नैपालापुर एवं आरएमपी इंटर कॉलेज सीतापुर का निरीक्षण कर परीक्षार्थियों के प्रवेश, बायोमैट्रिक स्कैनिंग, कंट्रोल रूम आदि व्यवस्थाओं को देखकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सीतापुर नगर क्षेत्र स्थित राजकीय इंटर कॉलेज, उजागर लाल इंटर कॉलेज, राजा रघुवर दयाल इंटर कॉलेज एवं म्युनिसिपल इंटर कॉलेज का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### तलाक के मामले में पति बना रहा सुलह का दबाव

**लहरपुर सीतापुर।** नगर के मोहल्ला कटरा निवासिनी महिला को पति ने दो वर्ष पहले दिया तीन तलाक, न्यायालय में चल रहा मामला, पति सुलह करने का बना रहा दबाव, पुलिस ने दर्ज किया अपराध। प्राप्त जानकारी के अनुसार सादिया पुत्री साजिद अली निवासी मोहल्ला कटरा ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपराध दर्ज कराया है कि, मेरी शादी मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार अकरम पुत्र असलम निवासी मोहल्ला नरियन टोला थाना तंबौर के साथ हुई थी बाद में मेरे पति, ससुर, सास और अन्य ससुरालीजन मेरे साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे, 2 वर्ष पूर्व उक्त लोगों ने मुझे मारा पीटा और मेरे पति ने तीन तलाक देकर घर से भगा दिया था जिसको लेकर मेरे द्वारा एक मुकदमा लहरपुर ग्राम न्यायालय में किया गया था, विगत 12 जून को मैं लहरपुर तहसील में पेशी पर गई थी तभी रास्ते में अकरम व नफीस में रोक लिया व मुझ पर दबाव बनाने लगे की सुलह कर लो मेरे द्वारा जब विरोध किया गया तो उक्त लोगों ने धमकी दी कि, तुम्हारा चेहरा तेजाब फेंक कर जला देंगे और जान से मारने की धमकी दी, पीडिता ने आरोप लगाया है कि, अकरम व नफीस पेशी पर जाते समय रास्ते में पीछा भी करते हैं और अकरम ने दूसरी शादी भी कर ली है। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि विगत मंगलवार को पीड़िता की तहरीर पर अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।



### घिरे तो मगर बरसे नहीं काले बदरा

- बरसात न होने से उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल
- धान की रोपाई करने वाले किसान भी हुए हताश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** सावन माह में इंद्रदेव रूठे हुए हैं। आसमान में काले बादल तो कई मर्तबा घुमड़े लेकिन हवा के झोकों के साथ ही वह बगैर बरसे से गायब हो गए। ऐसे में उमस भरी गर्मी से बेहाल आमजन के साथ ही धान की रोपाई की तैयारी में जुटे किसानों को भी हताशा हाथ लगी। बरसात न होने के कारण किसानों को इंजन लगाकर अथवा अन्य संशाधनों से खेतों में पानी भरना पड़ेगा। शुक्रवार शाम चली आंधी के साथ हुई बरसात ने कुछ हद तक गर्मी से लोगों को निजात दी थी मगर रविवार को आसमान में रह-रहकर घुमड़ रहे काले बादलों से लोग हताश ही रहे। धान के अलावा गन्ने की फसल में खाद डालने की तैयारी कर रहे किसान इंद्रदेव से बारिश की गुहार लगा रहे हैं मगर मानसून न आने से किसानों को खेती करना महंगा पड़ जाएगा। उमस भरी गर्मी से स्कूलों में नन्हे-मुन्ने बच्चों का बुरा हाल रहा। घरों में कैद महिलाएं भी गर्मी की तपिश से बेहाल नजर आईं। कुल मिलाकर बरसात न होने से जहां एक तरफ जहां उमस से लोग बेहाल हैं वहीं दूसरी तरफ अन्नदाता भी आशाभरी निगाहों से आसमान की तरफ निहार रहा है।

**एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा**

श्रावण मास में बरसात नहीं होने से उमस भरी गर्मी लोगों को रुला रही है तो किश्तों में मिलने वाली लो-वोल्टेज बिजली आमजन को खून के आंसू बहाने को विवश कर रही है। कस्बों व ग्रामीण अंचलों विद्युत आपूर्ति का बुरा हाल है। हालत यह है कि निर्धारित रोस्टर पर बिजली समय से कट हो जाती है मगर तय समय पर विद्युत आपूर्ति कभी नहीं होती है। बिजली न आने से परिषदीय विद्यालय के बच्चे पसीने से लथपथ नजर आते हैं। हालत यह है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर विद्युत अधिकारी सीयूजी नंबर पर भी कॉल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझते हैं।

# पुलिसकर्मी बन ठग ने व्यापारी से 40 हजार ठगे

- कॉपर तार दिलाने की बात कहकर सदरपुर थाने पहुंचा जालसाज
- सीसीटीवी में कैद हुई तस्वीर, खुलासे को गठित की टीम



**सीतापुर।** टप्पेबाजी की घटनाएं तो आम है मगर थाने के अंदर ले जाकर फ्राड करने की घटना ने पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रकरण सदरपुर थाना क्षेत्र का है। सदरपुर थाने में बरामद तार बेचने की बात कह सैंपल दिखाकर पुलिसकर्मी बन शातिर टप्पेबाज ने दुकानदार से 40 हजार रुपए नकद ले लिए। तार देने की बात कहकर व्यापारी के साथी को बाइक पर बैठाकर टप्पेबाज बेखौफ होकर थाने के अंदर ले गया और महिला हेल्प डेस्क के पास उतारकर इंतजार करने की बात कहकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी ऐसी ठगी से दंग रह गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।सदरपुर कस्बे के राजाराम गुप्ता पुत्र कुबेरीलाल की थाना तिराहे पर बर्तन व अन्य लोहे का सामान खरीदने व बिक्री की दुकान है। शनिवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे एक पैशन प्रो बाइक पर सवार हेलमेट लगाए हुए युवक आया और उसने अपना परिचय सदरपुर थाने के दीवान के रूप में देते हुए बताया कि कॉपर का 72 किलो 700 ग्राम तार बरामद हुआ था जिसकी बिक्री करने का आदेश आया है, जिसे आप ले लो। करीब 80 वर्षीय बुजुर्ग दुकानदार राजाराम उसकी बातों में आ गए और तार खरीदने के लिए राजी हो गए। राजाराम ने अपने वहां से गुजर रहे बनवीरपुर के संबारी से बेटे संदीप गुप्त से 40 हजार रुपए मंगवाए और कहा कि युवक के साथ जाकर थाने से तार ले आओ। इस पर युवक ने कहा कि आप रुपये दे दो मैं तार दिलाकर वापस नहीं आऊंगा। राजाराम युवक के झांसे में आ गए और 40 हजार रुपए उसे दे दिए। युवक ने संबारी को बाइक पर बिठाया और सीधे बेखौफ होकर थाने के अंदर कार्यालय के सामने महिला हेल्प डेस्क के निकट बाइक रोक संबारी को उतार दिया। युवक ने किसी को फोन मिलाया और कहा कि रामदास भगवा गमदे वाले को तार की बोरियां दे देना। इतना कहने के बाद युवक ने बाइक स्टार्ट की और थोड़ी देर इंतजार करने की बात कहकर वापस चला गया। घटना को अंजाम देने के दौरान कहीं पर भी टप्पेबाज ने सिर से हेलमेट नहीं उतारा, जिससे किसी भी सीसीटीवी फुटेज में उसका चेहरा नहीं आया है। थोड़ी देर तक जब युवक वापस नहीं आया तो संबारी ने वहां मौजूद चौकीदार से पूछा कि रामदास कौन है, हम तार लेने आए हैं तो चौकीदार ने बताया कि यहां कोई रामदास नहीं है। चौकीदार का जवाब सुन संबारी के होश उठ गए और उन्होंने तत्काल मोबाइल से घटना की जानकारी दुकानदार राजाराम को दी। सूचना मिलते ही राजाराम थाने पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को तहरीर देकर दी। घटना को अंजाम देने से पहले टप्पेबाज खुरवल मोड़ पर स्थित अल्ताफ की गल्ला खरीदने की दुकान पर भी टप्पेबाज गया था और वहां सरसों की बानगी दिखाकर बोला कि 40 कुंतल सरसों बेचना है, 40 हजार एडवांस देकर मेरे साथ चलकर सरसों खरीद लो। अल्ताफ ने कहा कि पहले दुकान पर सरसों लाओ तब पैसे देंगे, जिसके बाद टप्पेबाज वहां से चला गया। सूचना पर पुलिस ने आसपास दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें पैशन प्रो बाइक पर हेलमेट लगाए युवक जाता दिख रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली है, टीम गठित कर मामले की जांच की जा रही है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ा : अचिन मेहरोत्रा



**सीतापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात से देश को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के इस 124वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के रामकोट मंडल के शक्ति केंद्र खटकरी की बूथ संख्या 150 पर कौशल त्रिपाठी के आवास पर सुना। इस मौके पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के हर क्षेत्र पर अपने विचार रखे हैं। उनके विचार स्पष्ट करते हैं कि वह हर दिन भारत को आगे बढ़ते देखना चाहते हैं जिसका प्रयास निरंतर जारी है।पीएम ने मन की बात में कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में, चाहे वह खेल हो, विज्ञान हो या संस्कृति, बहुत कुछ ऐसा हुआ है जिस पर हर भारतीय को गर्व है। हाल ही में अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की वापसी पर देश में खूब चर्चा हुई। अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि पेड़ से ही मनुष्य का जीवन है। पेड़ पौधों के बगैर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पेड़ पौधों के बगैर हम सांस भी नहीं ले सकते हैं। हम सबको पेड़ पौधे अवश्य लगाने चाहिए। इस अवसर पर कौशल त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, प्रतीक त्रिपाठी, सोनू त्रिपाठी, शैलेश त्रिपाठी, शिव पूजन त्रिपाठी, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, जय शंकर त्रिपाठी, मुन्ना लाल त्रिपाठी, सुंदर लाल त्रिपाठी, मिथुन त्रिपाठी, अंकुर तिवारी, उत्तम पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भूरे पुत्र अब्बास निवासी ग्राम सहादतनगर थाना इमलिया सुल्तानपुर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि, उसने अपनी पुत्री रहनुमा 22 वर्ष का निकाह लगभग 4 वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी सलमान पुत्र कल्लू के साथ किया था, रविवार को मेरी बेटी रहनुमा की अज्ञात कारणों के चलते मृत्यु हो गई है, मृत्यु का कारण जानने के लिए शव का पीएम कराया जाए। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि, पिता भूरे की तहरीर पर शव का पीएम कराया जा रहा है, पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**जताया विरोध** पूर्व मंत्री ने बंद विद्यालयों पर लगाया 'स्कूल तुम बहुत याद आओगे' का बैनर

# स्कूल बंद करना सरकार का तुगलकी फरमान : नरेंद्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** वर्तमान सरकार के स्कूलों के बंद करने का निर्णय जन विरोधी है। यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम का खुला उलंघन है। छोटे बच्चे अपने घरों से दूर विद्यालयों में पढ़ने के लिए न तो खुद जा सकते हैं, और समयाभाव के कारण न ही उनके अभिभावक भेजने जा सकते हैं। सरकार विद्यालयों को इसलिए बंद कर रही कि लोग पढ़ लिखकर उससे सवाल जवाब न कर सकें। इस तुगलकी फरमान के वापस होने तक निरंतर संघर्ष जारी रहेगा।

यह बात महमूदाबाद विकास खंड के आम्बा, भलवाही और देवरिया प्राथमिक विद्यालयों में अभिभावकों, ग्रामीणों व विद्यार्थियों की मौजूदगी में आयोजित जन चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्वमंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना को युग्मन का नाम दे रही है लेकिन यह युग्मन अथवा विलय न होकर स्कूलों की सीधे-सीधे बंदी है।

सरकारी विद्यालयों में गरीबों और वंचितों के बच्चे पढ़ते हैं, सरकार उन्हें भी पांच किलो राशन वाले वोटर बनाना चाहती है। देश का संविधान सबको शिक्षा और समानता का अधिकार देता है, जबकि ऐसे आदेश मौलिक अधिकारों का हनन हैं। इन विद्यालयों के बंद होने से यहां अध्ययनरत बच्चों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा तथा उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ी रहेगी। उन्होंने लोगों ने स्कूलों के युग्मन के खिलाफ जन आंदोलन चलाने की अपील की। उन्होंने स्कूलों के मुख्य द्वार पर निष्प्रयोज्य स्कूल नाम से एक बैनर लगाते हुए 'स्कूल तुम बहुत याद आओगे' के साथ विनम्र



श्रद्धांजलि का बैनर लगाकर ग्रामीणों के साथ विद्यार्थियों ने पुष्पार्चन किया। विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों व ग्रामीणों ने विद्यालयों के युग्मन के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस मौके पर उत्कर्ष वर्मा, जयसिंह वर्मा, उमाशंकर वर्मा, शिवेंद्र वर्मा, राकेश वर्मा, राम अकबाल, पवन कुमार, सत्य नारायण, मोलहे अंसारी, नाजिम, इसरार, शिवभोला यादव, प्रेमचंद्र, प्रेम सागर मौर्य, विक्रम, दीपू सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### खड़े ट्रक में पीछे से घुसी बाइक, युवक घायल



**कानपुर।** बिल्हौर के उत्तरी गांव में जीटी रोड पर एक हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार बाइक रोड किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कन्नौज जनपद के खसौटिया गांव निवासी विश्वनाथ प्रताप सिंह पुत्र बाबूराम बाइक से नगर के वैत पुरवा गांव आए थे। रात में वे कन्नौज की ओर लौट रहे थे। उत्तरी बंबा के निकट जीटी रोड पर उनकी तेज रफ्तार बाइक रोड के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और विश्वनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने युवक को उठाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को हैलट अस्पताल कानपुर के लिए रेफर किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### पति-पत्नी के 16 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई





**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में जनपद के सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया तथा महिला हेल्प डेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 6, औरास, आसीवन, हसनगंज, गंगा घाट से 1-1, बांगरमऊ, सोहरामऊ, कोतवाली सदर से 2-2 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में शिल्पी श्रीवास्तव पत्नी डाक्टर आशीष श्रीवास्तव (परिवार परामर्श केन्द्र समिति प्रभारी) एवं सलाहकार डॉक्टर असरार अली, डॉक्टर समीर अहमद तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी महिला हेल्प डेस्क, अवनीश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, शिखा, दुर्गेश, नीलम, प्राची चौहान, मीनू, लक्ष्मी वर्मा, सेविका, तरुण, नीतू का विशेष योगदान रहा।

### बूथों पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम

**उन्नाव।** प्रत्येक माह प्रसारित होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम "मन की बात" कार्यक्रम के 124वीं कड़ी का सीधा प्रसारण जिले के सभी बूथों पर सुना गया। इस दौरान पीएम मोदी कार्यक्रम की शुरुआत शुभांशु शुक्ला से की। कहा कि शुभांशु जैसे ही अंतरिक्ष से धरती पर कदम रखा, पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पूरा देश गर्व से भर उठा। कहा अगस्त 2023 में चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के बाद साइंस और स्पेस को लेकर देश में नया माहौल बना। इसे लेकर बच्चों में जिज्ञासा जागी है। अब छोटे-छोटे बच्चे भी कहते हैं कि हम भी स्पेस में जाएंगे। प्रधानमंत्री ने लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने की बात कही। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बूथ नंबर 267 अकरम पुर में सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, नगर महामंत्री नीरज शुक्ला के साथ शक्ति केंद्र संयोजक सर्वेश गुप्ता आवास पर मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना।

### पीड़ित ने अपनी जमीन बचाने के लिए जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के मोहल्ला गोंडा टोला निवासी प्रतिष्ठित चिकित्सक राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली और अराजक तत्वों की दबंगई के चलते अपनी ही भूमि पर निर्माण कार्य नहीं कर पा रहे हैं। मोहल्ले के ही कुछ दबंग उनकी जमीन से जबरन रास्ता निकालना चाह रहे हैं। पीड़ित चिकित्सक ने जिलाधिकारी को पत्र सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला गोंडा टोला निवासी डॉक्टर आरिफ मंसूरी पुत्र स्वर्गीय अब्दुल गफ्फार द्वारा जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि करीब 4 साल पहले उसने नगर के मोहल्ला नसीम गंज में गाटा संख्या 1636 में से एक प्लाट का बैनामा करवाया था। बैनामा के समय उसके प्लाट का रकबा पूरा था। प्लाट के आगे से गंदा नाला गुजरा है। इस 4 साल के अंतराल में नाले के उस पार के भूमाफियाओं ने कूड़ा कचरा और मिट्टी डालकर नाले के बड़े भूभाग पर अवैध रूप से कब्जा कर अपनी जमीन में मिला लिया। जिससे नाले के बहाव से धीरे-धीरे उनकी जमीन कटती चली गई। इधर चिकित्सक मंसूरी ने जब अपने प्लाट पर निर्माण कार्य शुरू किया तो उनकी जमीन करीब चार मीटर कम निकली। बावजूद इसके मोहल्ले के ही कुछ दबंग उनकी निजी जमीन से रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे उनकी जमीन का रकबा काफी कम हो जाएगा।

# कोतवाली प्रभारी ने छात्रा को समय से पहुंचाया समीक्षा अधिकारी की परीक्षा दिलाने

विश्ववार्ता संवाददाता

**सफीपुर उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने एक बार फिर मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए अपनी जिम्मेदारी से बढ़कर एक कार्य कर मिसाल पेश की है।

लखनऊ के जानकीपुरम निवासी इंजीनियरिंग कालेज में मेस प्रभारी मुरारी सिंह की पुत्री ऋषिका सिंह समीक्षा अधिकारी के पद पर आवेदन किया था। रविवार को परीक्षा देने आई थी। कस्बे के मियागंज मार्ग पर रेलवे क्रासिंग बंद होने की वजह से परीक्षा केंद्र समय से नहीं पहुंच पा रही थी। परीक्षा में केवल तीन मिनट शेष रह गए और अभ्यर्थी सफीपुर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज केंद्र की ओर दौड़ लगाते हुए पहुंचने का प्रयास कर रही थी, तभी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने निकले कोतवाली प्रभारी त्रिपाठी की नजर उस पर पड़ी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने तत्काल अपनी सरकारी गाड़ी रोकी और अभ्यर्थी को उसके अभिभावक सहित गाड़ी में बैठाकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। तत्परता और संवेदनशीलता के चलते अभ्यर्थी समय रहते केंद्र पर पहुंच सकी और उसका पेपर छूटने से बच गया। अभ्यर्थी के पिता ने बताया कि सेंटर चूक के कारण वह ब्रह्मनगर स्थित स्वर्णलता इंटर कालेज पहुंच गए। जिससे वह विलंब हो गए। राजकीय इंटर कालेज सफीपुर पहुंचने की जानकारी पर वह केंद्र पहुंचने के लिए निकले लेकिन क्रासिंग बंद होने के कारण गाड़ी आगे नही जा सकी। समय मात्र 3 मिनट ही बचा था तभी कोतवाली प्रभारी ने अपने वाहन से सेंटर भेजा। अभ्यर्थी एवं उसके अभिभावक ने त्रिपाठी के इस मानवीय सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भी इस कार्य की सराहना की है।



# भिंनकीपुर धाम पर्यटन के नक्शे में हुआ शामिल

विश्ववार्ता संवाददाता



**सफीपुर उन्नाव।** जनपद उन्नाव के हनुमान भक्तों के लिए बड़ी खुशखबरी है। विकास खण्ड सफीपुर की ग्राम पंचायत मेथी टीकुर स्थित प्रसिद्ध आस्था स्थल भिंनकीपुर धाम को अब पर्यटन के नक्शे पर शामिल किया गया है। क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर के प्रयासों से यह कार्य संभव हो पाया है।

विधायक दिवाकर द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में भिंनकीपुर धाम के सौंदर्यीकरण को सम्मिलित करते हुए इसकी संस्तुति कर दी है। मंत्री द्वारा इस संबंध में विधायक को पत्र भेजकर सूचना भी दी गई है। इस उपलब्धि पर विधायक बंबा लाल दिवाकर ने पर्यटन मंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि भिंनकीपुर धाम क्षेत्रीय जनता की आस्था का प्रमुख केंद्र है, और इसके विकास से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। धाम के महंत स्वामी राम स्वरूप ब्रह्मचारी समेत क्षेत्र के सनातन धर्म प्रेमियों और हनुमान जी के भक्तों ने विधायक का आभार जताते हुए इस पहल की सराहना की। भिंनकीपुर धाम के सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और यह धाम आने वाले समय में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकेगा।

# सीआरएम मशीन से 1.38 करोड़ उड़ाने वाले गैंग से पुलिस ने कराया रुपये उड़ाने का ट्रायल

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** किदवई नगर पुलिस ने कैश जमा और निकासी मशीन से पलक झपकते ही करोड़ों रुपए उड़ाने वाले गैंग को 20 घंटे की रिमांड पर लेने के बाद बड़ा खुलासा किया है। पांचों शातिरों के पास से पुलिस ने 11.80 लाख रुपए और 4.5 ग्राम सोना बरामद किया है। इसके साथ ही सीआरएम मशीन से रुपए उड़ाने का ट्रायल भी कराया। शातिरों ने पलक झपकते ही मशीन खोलकर कैश उड़ा दिया। पुलिस और बैंक कर्मी भी यह देखकर दंग रह गए। इसके बाद पुलिस ने पांचों शातिरों को जेल भेज दिया। इसमें एक कंपनी का भी कर्मचारी शामिल था, इस वजह से उसे सीआरएम मशीन खोलने में एक्सपर्ट है। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि सीआरएम मशीन में छेड़छाड़ करके 1 करोड़ 38 लाख उड़ाने वाले पांच आरोपियों को कोर्ट से 20 घंटे की रिमांड पर लिया था। शनिवार सुबह 10 बजे से रविवार शाम 6 बजे तक की रिमांड थी।

पूछताछ के दौरान पांचों आरोपियों देवकी नगर यशोदा नगर नौबस्ता निवासी विपिन दीक्षित उर्फ लल्ला, सीओडी कॉलोनी चकेरी निवासी सुधांशु जैसवार उर्फ अमन, बिठूर निवासी दीपक जायसवाल, दो सगे भाई स्वर्ण जयंती विहार थाना सेन पश्चिम पारा निवासी अंकित त्रिपाठी उर्फ गोलू और आशीष त्रिपाठी को पूछताछ के बाद रविवार दोपहर को जेल में दाखिल कर दिया। पुलिस ने इन पांचों के पास से 11.80 लाख रुपए कैश और 4.5 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किया। अब तक पुलिस मामले में 38 लाख की बरामदगी कर चुकी है। डीसीपी साउथ ने बताया कि रिमांड के दौरान शातिरों से कई अहम जानकारी सामने आई है। शातिरों ने सिर्फ कानपुर ही नहीं, दिल्ली, मुंबई और उत्तर प्रदेश के कई जिलों से बैंकों को अब तक 15 करोड़ से ज्यादा का चूना लगाया है। शातिर सीआरएम मशीन का पलक झपकते ही कैश बॉक्स खोलकर रकम उड़ा देते थे। रिमांड के दौरान शातिरों से सीआरएम मशीन खुलवाकर ट्रायल लिया गया तो बैंक, एजेंसी और पुलिस के अफसर दंग रह गए। जेल भेजे गए अंकित और आशीष सगे भाई हैं। इसके अलावा पांचों में गहरी दोस्ती है। दीपक जायसवाल के मशीन खोलने में एक्सपर्ट होने का फायदा उठाते हुए पूरा प्लान अंकित ने तैयार किया और फिर पांचों ने घूम-घूम कर देश भर में सीआरएम मशीनों से कैश उड़ाना शुरू कर दिया था। उन्होंने मशीनों से रकम तो उड़ाई लेकिन बैंक और एजेंसी को भनक तक नहीं लगी कि कैश गया कहां। अब पकड़े जाने पर अन्य मामलों का भी खुलासा हुआ है। किदवई नगर सीआरएम मीशन से 1 करोड़ 38 लाख की बड़ी रकम उड़ाई गई थी। अगले दिन भारी मात्रा में कैश गायब होने पर बैंक और एजेंसी ने जांच शुरू की तब सीसीटीवी फुटेज से सामने आया कि शातिरों ने पहले कैश जमा किया। इसकी एंट्री उनके खाते में हो गई फिर इसके बाद उसमें पहले से पड़ा हुआ और अपना पूरा कैश उड़ा दिया।

डीसीपी साउथ ने बताया कि 16 जून 2025 को हिटाची पेमेंट सर्विसेज में फ्रॉड एंड रिस्क यूनिट के अफसर घनश्याम ओमर ने किदवई नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कंपनी की ओर से लगाई गई जी-ब्लाक किदवई नगर स्थित बैंक आफ बड़ौदा की सीआरएम मशीन से शातिरों ने 21 मार्च 2025 से 24 अप्रैल 2025 तक 1 करोड़ 38 लाख रुपए उड़ा दिया था। कंपनी ने जब इसकी जांच की तो सामने आया कि कुछ व्यक्तियों ने सीआरएम मशीन के जरिए अपने बैंक अकाउंट में रुपए जमा किया, लेकिन कुछ ही देर में मशीन से छेड़खानी करके सारी रकम को निकाल लिया। पुलिस ने जांच की तब सामने आया कि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा युवक बिठूर निवासी मदनलाल का बेटा दीपक जायसवाल है। दीपक हिटाची पेमेंट सर्विसेज कंपनी में ही कस्टोडियन था और उसे मशीन खोलने की पूरी जानकारी थी।



# पूर्वी यूपी में बारिश की संभावना, नगर में होगी मध्यम वर्षा

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर जारी है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उमस है। 28 से 30 जुलाई तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर समेत कई जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में भारी वर्षा हो सकती है।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डा. एस एन सुनील पांडे ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस समय बारिश का दौर जारी है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग ने बताया कि आज और कल उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश देखने को मिल सकती है। भारतीय मौसम विभाग के अपडेट के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 28 से 30 जुलाई तक और कानपुर मण्डल सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले चार दिनों के दौरान बादलो की आवाजाही के साथ हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, बलिया और आसपास के इलाकों में अत्यधिक बारिश के साथ 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा भी चल सकती हैं। इसके अलावा 40 से अधिक जिलों में बादलों की आवाजाही के बीच वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आज बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, आगरा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में भारी वर्षा हो सकती है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. सुनील पांडेय बताया कि पूर्वी मध्य प्रदेश में बना उच्च दबाव पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है। इसके 28 जुलाई तक कमजोर होकर निम्न दबाव वाले क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है। इस प्रभाव से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आगामी दो दिन में अच्छी वर्षा होने की संभावना है।



# चोरों ने दो घरों से लाखों के जेवर और नकदी किया पार, परिवार वाले सोते रहे घर के बाहर

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** बिल्हौर थाना क्षेत्र के महिगवां गांव में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। चोर लाखों रुपए की नगदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। दोनों घरों में परिवार वाले बाहर सो रहे थे और सुबह जागने पर उन्हें चोरी का पता चला।

पहले मामले में रामसेवक सावन मास के चलते अपनी विवाहित बेटी के घर सावनी देने गए थे। उनकी पत्नी सोमवती और दोनों बेटे अंकित व नागेश घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे थे। चोर घर के पिछले हिस्से से दीवार फांदकर अंदर घुसे। उन्होंने कमरे का ताला तोड़कर बक्सा उठा लिया। सुबह खोजबीन करने पर बक्सा घर से 200 मीटर दूर उमेश की झोपड़ी के पास बिखरा हुआ मिला। बक्से में रखे पायल, पेटी, नथुनिया सहित एक लाख से अधिक रुपए के जेवरात गायब थे। दूसरे मामले में उस घर से लगभग 200 मीटर दूर रहने वाले दुर्गा और उनकी पत्नी अर्चना भी घर के बाहर सो रहे थे। चोर घर के पिछले हिस्से से दीवार फांदकर अंदर घुसे। उन्होंने मुख्य दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और कमरे में रखा बक्सा उठाकर फरार हो गए।

रात में जब दुर्गा ने मोबाइल चार्जिंग के लिए दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो वह बंद था। घर के अंदर कमरे के दरवाजे खुले पड़े थे। खोजबीन करने पर उनका बक्सा घर से 100 मीटर दूर नागेश्वर की बगीचे के पास मिला। बक्से का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे दस हजार रुपए गायब थे। सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घरों में हुई चोरी की जांच शुरू करी। कानपुर कमिश्नरेट के बिल्हौर सर्किल क्षेत्र में चोरी, लूट और छिनैती की घटनाएं लगातार हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस अक्सर इन मामलों में केवल औपचारिक कार्रवाई करती है। अधिकांश चोरी की घटनाओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता। इससे कुछ दिनों बाद मामला ठंडा पड़ जाता है। इस कारण चोरों को पकड़े जाने का डर कम रहता है और वे नई वारदातों को अंजाम देते रहते हैं।



# अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने मनाया तीज पर्व

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** रविवार को सुहागिन महिलाओं ने हरियाली तीज का पूजन कर अपने पति की दीर्घायु की मंगल कामना की। भगवान गौरी-शंकर की आराधना का महापर्व, अखंड सौभाग्य व सुहाग के प्रतीक आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम के उत्सव के रूप में मनाया गया।

सुहागिन महिलाओं ने हरियाली तीज के अवसर पर पूजा-अर्चना कर अपने घर में वरिष्ठ जनों को श्रृंगार व भोजन सामग्री के साथ दान किया। इसके साथ ही मिट्टी से बने शिव परिवार का पूजन किया। सुहागिनों ने उपवास रखकर आशीर्वाद लिया। शुक्ल पक्ष की तृतीया यानी रविवार को पति के अखंड सौभाग्य और सर्वमंगल की कामना से सुहागिनों ने तीज का व्रत रखा। दिन भर के व्रत के बावजूद साजन के रंग में रंगी सुहागिनों के चेहरे उत्साह और उल्लास में दमकते रहे। घरों में अकेले या सामूहिक रूप से पूजन किया गया। पूजन के बाद बायना निकालकर महिलाओं ने दिन में सावन और तीज गीत गाकर झूला झूलकर आनंद लिया। इससे पहले शनिवार को महिलाओं ने श्रृंगार और पूजन के सामान की खरीदारी की तो हाथों में मेहंदी और पैरों में महावर लगाई। साथ ही अन्य श्रृंगार सामग्रियों का प्रयोग कर तीज से पूर्व श्रृंगार किया। तीज पर भी महिलाओं ने आभूषणों के साथ नए वस्त्र पहने और श्रृंगार करके पूजन किया। हाथों में मेहंदी रचाए महिलाओं ने झूले झूलकर तीज के त्योहार का आनंद लिया। सुहागिनों ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए पूरे दिन का उपवास रखा।



### करंट की चपेट में आकर विद्युत कर्मी गंभीर रूप से घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवर खेड़ा निवासी प्राइवेट विद्युत कर्मी विजय 26 पुत्र अशर्फीलाल आज रविवार दोपहर क्षेत्र के ग्राम पतसिया समीप उच्च क्षमता के विद्युत पोल पर चढ़कर लाइन दुरुस्त कर रहा था। तभी वह अचानक तेज करेंट की चपेट में आकर नीचे जमीन पर आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य विद्युत कर्मी उसे आनन फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते हैं कि इसके पूर्व विद्युत कर्मी विजय बहादुर ने दूसरे पोल पर दो बार कंट्रोल रूम को सूचना देकर आपूर्ति रुकवाई थी। किंतु तीसरी बार उसने विद्युत उपकेंद्र के कंट्रोल रूम से बिना सिड डाउन लिए वह पोल पर चढ़ गया।

# कृषि वैज्ञानिक ने खेतो पर जाकर किसानों को प्राकृतिक खेती की बारीकियां समझाई

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि विज्ञान केंद्र कानपुर देहात के कृषि वैज्ञानिक डॉ. खलील खान विकासखंड सरवनखेड़ा के गांव जसवापुर में प्रगतिशील कृषक नरोत्तम कुशवाहा के खेत पर पहुंचे और प्राकृतिक खेती के अवयवों के बारे में वैज्ञानिक पद्धतियों की बारीकियां बतायीं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती में देशी गाय के गोमूत्र और गोबर से जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, आग्नेयास्त्र, ब्रह्मास्त्र, दसपर्णीय, डिकम्पोज़र आदि बनाकर खेती में प्रयोग किया जाता है।

डॉ. खान ने बताया कि इस खेती से फसल की लागत में भी कमी होना स्वाभाविक है। बाजार में प्राकृतिक खेती के माध्यम से पैदा किये गये उत्पादों की कीमत भी दुगुनी प्राप्त होती है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने बताया कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से फल-सब्जी की खेती बहुत अच्छे तरीके से की जा सकती है तथा इनकी गुणवत्ता भी अच्छी होती है। डॉ. खान ने कहा कि प्राकृतिक रूप से खेती करके हम फल, वृक्ष एवं सब्जी की खेती में प्राकृतिक कृषि के महत्वपूर्ण घटक, आच्छादन के माध्यम से खरपरतवारों को रोकने के साथ ही पानी की आवश्यकता बहुत कम कर सकते हैं।



## एक नजर

### प्राचीन सिद्ध मंदिर में रूद्राभिषेक के बाद चलता रहा भंडारा

**बीघापुर उन्नाव।** बारासगवर पवित्र सावन मास के रविवार को गांव गनेशी खेड़ा स्थित प्राचीन सिद्ध श्री सोमनाथेश्वर महादेव के दरबार मे परम्परागत रुद्राभिषेक, सुन्दर काण्ड पाठ, कन्या भोज बाद दोपहर से शाम तक भव्य भंडारा आयोजित हुआ। श्री सोमेनाथेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित चौथे धार्मिक आयोजन में धर्मानुरागी शिव भक्तों ने भोलेनाथ के दरबार मे माथा टेककर भंडारे का दिव्य प्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष जीत बहादुर सिंह ने चतुर्थ धार्मिकोत्सव में शामिल सभी शिव भक्तों का आभार व्यक्त किया। धार्मिकोत्सव में मुख्य रूप से शिवनायक सिंह, बृजेन्द्र प्रताप सिंह 'राजू', रमेश कुशवाहा, कौशलेंद्र, शिव प्रताप, बिक्की, राजन, मोनू, शिवमूर्ति आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बस की टक्कर से ई रिक्शा यात्री घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव देवखरी निवासी विजय दयाल 50 पुत्र हरी आज रविवार की सुबह अपनी विवाहित बेटी को त्योहारी देने जनपद हरदोई के थाना कासिमपुर अंतर्गत ग्राम हिया गया था। वह दोपहर बाद ई-रिक्शा से वापस अपने घर लौट रहा था। तभी गंज मुरादाबाद कस्बे में पीछे से आ रही रोडवेज बस ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा के नीचे दबकर विजय दयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने ई रिक्शा सीधा कर उसे बाहर निकाला और सरकारी एंबुलेंस से बांगरमऊ की सीएचसी में भर्ती कराया।

"स्कूल बचाओ अभियान" बना जन आंदोलन | बहरी सरकार को जगाने के लिए आप ने चलाया ढपोरशंखों को जगाओ, शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान

# यूपी में डबल इंजन नहीं, ढपोरशंखों की सरकार है : कुलदीप यादव

विश्ववार्ता संवाददाता

» 27000 स्कूल बंद कर, 27308 शराब की दुकानें खोल रही है योगी सरकार : तुषार श्रीवास्तव

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने ₹ढपोरशंखों को जगाओ शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान₹ चलाकर बिछिया ब्लॉक के खोरी गांव स्थित बंद किए गए सरकारी विद्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन दर्ज किया।

जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि योगी सरकार 27000 शराब की दुकानें खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है, आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी, इसलिए आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आवाहन पर योगी सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करने उतर आई है। आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। इस अनोखे अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अभिभावक और बच्चों ने,बंद किए गए सरकारी प्राथमिक विद्यालय खोरी बिछिया पर जाकर शंख और थाली बजाकर इस "ढपोरशंख सरकार" को जगाने का प्रतीकात्मक प्रयास किया। इससे पहले जिलाध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी, सरकारी स्कूलों को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, जबकि भाजपा स्कूल बंद करने में लगी है। एक तरफ सरकार प्रदेश में 27,308 शराब की दुकानें खोल चुकी है, वहीं दूसरी तरफ 27,000 से अधिक स्कूल बंद किए जा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा यह डबल इंजन नहीं, ढपोरशंखों की सरकार है, जो बच्चों को अनपढ़ बनाकर रखना चाहती है। इसलिए अब समय आ गया है कि जनता खुद उठ खड़ी हो और इन ढपोरशंखों को जगाए।





जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन स्कूलों को बंद करने की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है, जिन पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। लेकिन यह केवल आंशिक राहत है। यदि जनता की आवाज़ नहीं उठी तो सरकार दोबारा इन्हें बंद करने की कोशिश करेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उन बच्चों को अनपढ़ रखना चाहती है, जो आर्थिक रूप से कमजोर तबकों से आते हैं, ताकि आगे चलकर वो सवाल न पूछ सकें, हक न मांग सकें और आजीवन केवल वोट बैंक बने रहें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए कहा कि "बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ मत कीजिए। स्कूल बंद करने का निर्णय तुरंत वापस लीजिए।

इस मौके पर जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और उत्तर प्रदेश के बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए तब तक संघर्ष करेगी, जब तक सरकार इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी 2 अगस्त को लखनऊ के इको गार्डन में ऐतिहासिक स्कूल बचाओ आंदोलन₹ करेगी।

> सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ आप ने ढपोरशंखों को जगाओ शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान चलाकर उन्नाव में किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

> आप प्रदेश प्रभारी, सांसद संजय सिंह के आवाहन पर कार्यकर्ताओं ने सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ किया प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष ललित वाल्मीकि ने कहा कि पार्टी द्वारा जारी नंबर- 75 0004 0004 पर मिस्ड कॉल करके आप भी इस क्रांति का हिस्सा बनिए और इन बच्चों के स्कूल इन्हें वापस दिलाइए। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से बिछिया ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अधिवक्ता प्रदीप यादव, यूथ विंग जिलाध्यक्ष दीपू कुमार, यूथ विंग जिला महासचिव भानू प्रकाश, नफीस खान, सार्थक यादव, नीर यादव सहित कई लोग शामिल हुए।

## एक नजर

### समाजसेवी ने दिव्यांगों को वितरित किया ट्राई साइकिल



अमेठी। विकास खंड तिलोई क्षेत्र के युवा समाजसेवी हाजी महताब खान द्वारा रविवार को अपने निवास स्थल अकबरपुर फर्शी में पूर्व में पंजीकृत आर्थिक रूप से कमजोर, यतीम, गरीब दिव्यांगों को निशुल्क ट्राई साईकिल वितरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाजी अकबाल चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक हाजी अकबाल खान ने आये हुए दिव्यांगों को निशुल्क ट्राई साईकिल देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अमेठी क्षेत्र के दूर दराज के गांवों से आये हुए सैकड़ों गरीब दिव्यांगों को ट्राई साईकिल वितरण के साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी रखने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी उनके अच्छे कार्यों के लिए हाजी अकबाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा उन्हें मानवता अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी महताब खान ने कहा कि मैं आजीवन गरीब जरुरतमंदो की सेवा में सदैव हाजिर रहूँगा। इस अवसर पर युवा सपा नेता भुवनेश प्रताप सिंह,अवधेश त्रिपाठी,जैनुल हसन,गोपी बाजपेयी,नफीस फौजी,परवेज अहमद,आदिल लतीफ बंटी, वसीक पठान,अजमल खान,मनीष सिंह,सत्यम त्रिवेदी,राजेन्द्र यादव आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### अमेठी में आरओ-एआरओ परीक्षा में 13 केंद्रों पर 5376 परीक्षार्थी हुए शामिल



अमेठी। जिले में रविवार को आरओ-एआरओ परीक्षा (समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी) कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और पूर्ण पारदर्शिता के बीच सम्पन्न हुई। परीक्षा का आयोजन 13 परीक्षा केंद्रों पर किया गया, जिसमें कुल 5376 परीक्षार्थी शामिल हुए।परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हुई। इसके अतिरिक्त 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को केंद्रों पर तैनात किया गया था, ताकि परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो।परीक्षा की तैयारी और निगरानी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने परीक्षा पूर्व ही विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया था। परीक्षा सुबह 9:30 बजे समय से शुरू की गई, जिसमें परीक्षार्थियों की उपस्थिति और प्रवेश की प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हुई नकल रोकने के लिए विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीधे की गई। सीसीटीवी फुटेज के जरिए हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी गई।जिला प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश थे कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता या तकनीकी चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारी पूरे दिन भ्रमणशील रहे और निरंतर निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखा।अमेठी प्रशासन की इस कार्यप्रणाली की सराहना परीक्षार्थियों और अभिभावकों द्वारा की गई। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जिससे जिले की प्रशासनिक सजगता और पारदर्शिता की एक मिसाल पेश हुई।

### ‘मन की बात’ के 124वें संस्करण का सामूहिक श्रवण



अमेठी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत ‘मन की बात’ कार्यक्रम के 124वें संस्करण को आज तिलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पीढ़ी ग्राम पंचायत के बूथ संख्या 333 व 334 पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों व महिलाओं ने सामूहिक रूप से सुना।कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक श्रवण कर उन्हें आत्मसात करने का संकल्प लिया। ‘मन की बात’ के इस अंक में विकसित भारत के निर्माण, सामाजिक समरसता, जनसहभागिता और नवाचार जैसे विषयों पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को सभी ने प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 'मन की बात' केवल संवाद नहीं बल्कि जन-जन को जोड़ने वाला एक सशक्त माध्यम है, जो देश को एक नई दिशा देता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उठाए गए विचार आज प्रत्येक नागरिक के जीवन को प्रेरित कर रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक भवानी दत्त दीक्षित द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि “देश की एकता, संस्कृति और विकास यात्रा को दिशा देने वाले इस जनसंवाद से हम सबको नई प्रेरणा मिली है। प्रधानमंत्री का यह संवाद गांव-गांव, जन-जन तक ऊर्जा का संचार करता है।”इस मौके पर राम प्रसाद जी, कृष्ण जी, गऊदीन यादव जी, शिव नारायण यादव जी, राम संजीवन जी, सैन बहादुर जी, रामफेर यादव जी समेत अनेक गणमान्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और विकसित भारत 2047 के संकल्प में सहभागी बनना था। उपस्थित जनसमूह ने ‘मन की बात’ के बाद चर्चा कर प्रधानमंत्री के विचारों को अपनी दिनचर्या में उतारने का भी संकल्प लिया।

# जगदीशपुर-गौरीगंज मार्ग को फोर लेन बनाने की मांग तेज

» विधायक ने सीएम समीक्षा बैठक में रखा प्रस्ताव



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित पीडब्ल्यूडी, पर्यटन एवं नगर विकास विभाग की देवीपाटन और अयोध्या मंडल की समीक्षा बैठक में अमेठी जिले के विकास से जुड़ा एक अहम मुद्दा उठा। गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने इस बैठक में जगदीशपुर से गौरीगंज तक फोर लेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

विधायक ने बताया कि यह मार्ग जिले का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जो टिकरिया इंडस्ट्रियल एरिया से होकर गुजरता है और इस पर प्रतिदिन भारी संख्या में बड़े वाहनों के साथ आमजन का भी आवागमन होता है। सड़क की चौड़ाई सीमित होने के कारण यहां आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। प्रस्तावित फोर लेन निर्माण की अनुमानित लागत करीब 650 करोड़ रुपये बताई गई है।

विधायक ने फोर लेन सड़क को आगे सर्किट हाउस और मनीपुर तक विस्तार देने का भी सुझाव दिया है, जिससे नवोदय विद्यालय, विकास भवन, डीएफओ कार्यालय, पुलिस लाइन, जिला कारागार समेत अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों तक पहुंचने में आमजन को सुविधा हो सके। इस विस्तार हेतु अतिरिक्त 200 करोड़ रुपये की मांग भी बैठक में रखी गई।

साथ ही, विधायक ने एक नए रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण की भी आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक गतिविधियों और प्रशासनिक महत्त्व को देखते हुए यह परियोजना समय की मांग है। यह प्रस्ताव अगर स्वीकृत होता है तो न केवल आवागमन में सुगमता आएगी, बल्कि गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई रफ्तार मिलेगी। बैठक में शामिल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस पहल से क्षेत्रीय जनता को बड़ी उम्मीदें जुड़ी हैं, जो वर्षों से इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग कर रही है।

# अनिरुद्धाचार्य का बयान घोर निंदनीय : सांसद

## लालगंज में सोलर एनर्जी शोरूम का भव्य उद्घाटन



» मैं भी कांग्रेस का एक साधारण कार्यकर्ता, मेरे लिए जनता सर्वोपरि : के एल शर्मा

» महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी समाज के लिए खतरनाक संदेश : सांसद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज,रायबरेली।** अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा रविवार को लालगंज पहुंचे।रायबरेली से लेकर लालगंज तक कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

श्री शर्मा एक सोलर एनर्जी शोरूम के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में सांसद केएल शर्मा ने प्रख्यात कथावाचक अनिरुद्धाचार्य द्वारा महिलाओं को लेकर की गई विवादास्पद टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अनिरुद्धाचार्य कोई पारंपरिक कथावाचक नहीं हैं, बल्कि वे पूरी तरह से टीवी की उपज हैं। उनका बयान न केवल महिलाओं का अपमान है, बल्कि समाज में गलत संदेश भी फैलाता है। इसकी हर स्तर पर निंदा होनी चाहिए।

छांगुर बाबा प्रकरण पर पूछे गए सवाल के जवाब में सांसद ने कहा कि मामला पुलिस की निगरानी में है और जांच के बाद दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून से ऊपर नहीं माना जा सकता। शोरूम उद्घाटन समारोह के बहाने सांसद का यह दौरा जनसंपर्क और राजनीतिक संदेशों से भी भरपूर रहा, जिसमें उन्होंने कई मुद्दों पर स्पष्ट रुख अपनाकर राजनीतिक हलकों में चर्चा छेड़ दी।

कार्यक्रम के दौरान सांसद ने कहा कि मैं भी कांग्रेस का एक साधारण कार्यकर्ता हूं और मेरे लिए जनता सर्वोपरि है। उन्होंने संगठन और कार्यकर्ताओं के सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर कई कांग्रेस नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें नकुल दुबे, जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, निर्मल शुक्ला, दीपेंद्र गुप्ता, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, महेश प्रसाद शर्मा, सिद्धार्थ त्रिवेदी, आकर्षण द्विवेदी, धर्मेंद्र सिंह, केके तिवारी, कामता गौड़, अजय प्रताप सिंह, पंकज सिंह और राजेंद्र सिंह चौहान प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## आज निकलेगी बाल्हेमऊ से विशाल कांवड़ यात्रा

**लालगंज, रायबरेली।** श्रावण मास की पावन बेला में शिवभक्तों का उत्साह चरम पर नजर आया, जब रविवार शाम बाल्हेमऊ गांव से पारंपरिक भव्यता और धार्मिक उल्लास के साथ विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। डीजे की भक्तिमय धुनों पर झूमते-नाचते कांवड़िए कस्बे से होते हुए डलमऊ गंगा घाट की ओर रवाना हुए, जहां सोमवार को वे मां गंगा से पवित्र जल लेकर भगवान बालेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। यह यात्रा 'जय त्रिकाल महाकाल पद कांवड़ यात्रा समिति' के संयोजन में आयोजित की गई। भगवान बाल्हेश्वर धाम से प्रारंभ होकर यह यात्रा कस्बे में पहुंची, जहां नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शिवभक्तों का भव्य स्वागत किया। पूरे मार्ग को भगवा ध्वज, धार्मिक नारों और शिव भक्ति के गीतों से पवित्र बना दिया गया।यात्रा का विशेष आकर्षण शिव तांडव पर आधारित भव्य झांकियां रहीं, जिन्हें बाहर से आए कलाकारों ने प्रस्तुत किया।

# अमेठी पुलिस ने दो शातिर बाइक चोर गिरफ्तार



» चोरी की तीन मोटरसाइकिल छह इंजन व कटर बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अमेठी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की तीन मोटरसाइकिल, छह गाड़ियों के इंजन और कटर मशीन समेत कई पार्ट्स बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में एक कुख्यात चोर और दूसरा वाहन मिस्त्री है, जो मिलकर बाइक चोरी और उनके पुर्जों की कटिंग कर बिक्री करते थे।

यह कार्रवाई कोतवाली अमेठी क्षेत्र के डेढ़ पसार गांव के पास रविवार शाम चेकिंग के दौरान की गई। पुलिस संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा पूछताछ में उनकी बाइक चोरी की निकली, जिसके बाद दोनों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई।

पूछताछ में सलमान नामक युवक ने कबूल किया कि वह एक शातिर चोर है और अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली समेत कई जिलों से बाइक चोरी कर चुका है। उस पर विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। दूसरा आरोपी प्रीतम वर्मा, पेशे से वाहन मिस्त्री है और संग्रामपुर क्षेत्र में उसकी दुकान है। सलमान द्वारा चुराई गई गाड़ियां उसी दुकान पर लाकर कटर मशीन से काटी जाती थीं और उनके पुर्जे कबाड़ के रूप में बेचे जाते थे।

दोनों आरोपी संग्रामपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और एक सुनियोजित तरीके से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चुराई गई गाड़ियों को रात के समय दुकान में काटा जाता था, जिससे पहचान न हो सके।इस पूरे मामले का खुलासा अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने रविवार को पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान किया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है और इनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है। पुलिस की इस सफलता से क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

# जब सूखा पीपल हुआ फिर से जीवित ग्रामीणों में दिखी गहरी आस्था



» गिरा पड़ा था तीन वर्षों से, अचानक खड़ा होकर दिखाईं हरी कोपलें

**रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमालपुर कस्बे के समीप रेलवे लाइन के पास एक अद्भुत और आस्था से जुड़ी घटना ने क्षेत्रवासियों को हैरत में डाल दिया है। तीन साल पहले गिरा और सूखा पड़ा एक पीपल का पेड़ अचानक दोबारा खड़ा हो गया और उसमें नई कोंपलें फूटने लगीं। इस घटना को चमत्कार मानते हुए ग्रामीणों में आस्था की लहर दौड़ गई और देखते ही देखते वहां पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन होने लगा।स्थानीय लोगों के अनुसार यह पीपल का पेड़ रायबरेली-प्रयागराज रेलखंड के निकट स्थित था, जो तीन वर्ष पहले अचानक गिर गया था। गिरने के बाद पेड़ को सूखा मानकर उसकी शाखाएं काट ली गई थीं और केवल तना ही ज़मीन पर पड़ा था। शुक्रवार को अचानक ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी तो देखा कि सूखा और गिरा तना न सिर्फ सीधा खड़ा हो गया है, बल्कि उसमें से हरी कोपलें भी निकल रही हैं। इस दृश्य को देखकर लोग हैरान रह गए और इसे दैवीय चमत्कार मानते हुए पूजा-अर्चना शुरू कर दी। शनिवार को ग्रामीणों ने मौके पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## बोर्ड में घरेलू उपकरण लगाते समय करंट की चपेट में आकर महिला झुलसी

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के जोगापुर बरिगांव की रहने वाली एक महिला रविवार को करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गई। उसे फौरन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गांव निवासिनी महिला रजाना (46) घर में बिजली उपकरण को स्विच बोर्ड में लगा रही थी, तभी करंट की चपेट में आकर वह बुरी तरह से झुलस गई। हालत बिगड़ने पर परिवारीजनों ने फौरन उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां महिला को गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# अहियारायपुर में नाले के निर्माण कार्य का भूमि पूजन

» नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ, क्षेत्रवासियों ने किया भव्य स्वागत



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 2 स्थित मोहल्ला अहियारायपुर में लंबे समय से प्रतीक्षित नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर द्वारा विधिवत भूमि पूजन व नारियल फोड़कर किया गया। यह नाला श्री छोटे लाल सोनकर के आवास से लेकर टी.एन. स्कूल, अहियारायपुर तक बनाया जाएगा।

अध्यक्ष सोनकर ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को गति देने का प्रयास जारी है। जन समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु परिषद निरंतर सक्रिय है और पारदर्शिता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। अध्यक्ष के आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौके पर एकत्र हो गए और उनका माला पहनाकर एवं करतल ध्वनि से भव्य स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि कपिल सोनकर, पूर्व सभासद अजीत मौर्य, मोनू, रमेश तिवारी, विनय तिवारी, के.सी. सोनकर, डॉ. राजेंद्र वर्मा, विश्वनाथ मिश्र, अंशु सोनकर, जगजीवन मिश्रा, अमरजीत श्रीवास्तव, राघवेंद्र मिश्रा, सोनू सिंह, राहुल, संतोष श्रीवास्तव, अभिषेक सोनकर, बबलू सोनकर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण श्रीवास्तव (दीपू भैया) ने बताया कि पालिका अध्यक्ष ने प्रत्येक वार्ड में जनहितकारी कार्यों के लिए संकल्पित हैं और शीघ्र ही अन्य आवश्यक विकास कार्यों को भी प्रारंभ किया जाएगा।

# थम नहीं रहा हरे पेड़ों का कटान,फिर चला हरियाली पर आरा

» बराबर का सहभागी बना पुलिस व वन विभाग





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** एक ओर जिला प्रशासन धरती को हरा भरा रखने का अभियान चला करोड़ों की संख्या में पेड़ लगाने का संकल्प ले रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकारी अमले के सहयोग से हरियाली पर आरा चलाया जा रहा है। लगातार मामले उजागर होने के बाद भी वन माफियाओं व जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्यवाही होती नहीं दिख रही है।आखिर ऐसी क्या मजबूरी है।तहसील तिलोई के अंतर्गत सेमरौता कस्बे में सरेआम बेखौफ कारोबारी महुआ के फलदार वृक्ष पर आरा चला रहे थे ।उच्चाधिकारियों से हुई शिकायत पर कारोबारी की धर पकड़ के बजाय सरकारी अमला लकड़ी को ठिकाने लगवाने में जुट नजर आए ताकि सुबूत मिटाया जा सके।

रविवार को सबेरे सेमरौता कस्बे में रायबरेली महराजगंज मार्ग पर सड़क के किनारे ही हरे व फलदार पेड़ों पर आरआर चलने का मामला सामने आया। एक ओर सरकार 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान चलाकर लोगों को प्रकृति से जोड़ने की पहल करती फिर रही है। इस मुहिम के तहत हज़ारों लोग आज अपनी माताओं की स्मृति में पौधारोपण कर रहे हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि वहीं सेमरौता कस्बे में रविवार को हरे-भरे वृक्षों का बेरहमी से कत्ल कर दिया गया। बकायदा पेड़ों को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ले जाया गया, और जिम्मेदार अधिकारी इसे केवल ‘एक सामान्य बात’ मानते हुए पेड़ कटाई को पेड़ रोपाई का बहाना बना रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार पेड़ लगाने की बात कर रही है, तो फिर कटान करने वालों पर कठोर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? वन क्षेत्राधिकारी ज़हीर मिर्ज़ा ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी, मगर जिलाधिकारी स्तर पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

एक ओर वृक्षारोपण, दूसरी ओर कटान– सवाल ये है कि क्या ये दोहरा रवैया ही पर्यावरण संरक्षण की नीति बन चुकी है? शिवरतनगंज व इन्हौना थाना क्षेत्र इन दिनों अवशिष्ट लकड़ी कटान का मुफीद ठिकाना बना हुआ है। यहां आए दिन चोरी छिपे हरे पेड़ों के कटान का गोरखधंधा फल फूल रहा है।

## हरियाली तीज पर ‘सखी ग्रुप’ के आयोजन में नीलम वर्मा बनीं तीज क्वीन



» गीत-संगीत और खेलों से गूंज उठा उत्सव, प्रतियोगिताओं में दी झलक प्रतिभा की

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** श्रावण मास की पावन तीज पर 'सखी ग्रुप' द्वारा आयोजित हरियाली तीज उत्सव में शनिवार को महिला शक्ति का पारंपरिक, सांस्कृतिक और सौंदर्यपूर्ण स्वरूप देखने को मिला। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक हरे परिधान, मेहंदी और चूड़ियों से सजकर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना व शिव-पार्वती पूजन से हुई। सखी ग्रुप की सदस्याओं—रेनू यादव, कंचन उपाध्याय, गुंजन कक्कड़, श्वेता वर्मा, सपना अग्निहोत्री व सुरभि कपूर—ने सभी अतिथियों का रोली, पान व पुष्प से स्वागत किया।

मुख्य आकर्षण रहे मेहंदी प्रतियोगिता, तीज क्वीन चयन, पारंपरिक गीत-नृत्य, रैंप वॉक और खेल गतिविधियां। प्रीति श्रीवास्तव, सोनी कपूर व बीना मिश्रा ने लोकगीतों से समां बांधा, जबकि दीप्ति मिश्रा, प्रीति गुप्ता व पूजा मिश्रा के नृत्यों ने तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में मधुमिता चक्रवर्ती, रीमा शुक्ला, आकांक्षा श्रीवास्तव, अर्चना सोनकर, सुलेखा यादव, प्रीति यादव सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# श्रीराम कथा में माता शबरी की भक्ति का हुआ भावपूर्ण वर्णन



» प्रेम, प्रतीक्षा व परमार्थ की जीवंत मिसाल हैं माता शबरी, कथा व्यास अम्बरीष जी महाराज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** श्री दैवी संपद मंडल आश्रम, श्री राधा कृष्ण मंदिर, छोटी बाजार में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन मंगलवार को प्रभु प्रेमाश्रम, सिरौली बरेली से पधारे प्रख्यात राम कथा व्यास अम्बरीष महाराज ने माता शबरी के जीवन प्रसंग को अत्यंत भावुक शैली में प्रस्तुत किया। उनकी वाणी से निकली कथा श्रोताओं के हृदय को छू गई और वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया।

महाराज श्री ने कहा कि माता शबरी प्रेम और प्रतीक्षा की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने गुरु मतंग ऋषि के वचनों का पालन करते हुए वर्षों तक भगवान श्रीराम की प्रतीक्षा की और हर दिन अपने आश्रम को स्वच्छ रखकर यह मानती रहीं कि प्रभु आज आएंगे। अंततः प्रभु श्रीराम शबरी के आश्रम पहुंचे और उन्होंने श्रद्धा से अर्पित बेरों को प्रेमपूर्वक स्वीकार किया। यह प्रसंग दर्शाता है कि ईश्वर को प्राप्त करने के लिए भक्ति, समर्पण और निष्कलंक प्रेम ही पर्याप्त है।

उन्होंने कहा कि शबरी की कथा यह भी सिखाती है कि जाति-पाति, आडंबर या बाह्य आचरण से अधिक महत्वपूर्ण है हृदय की पवित्रता और भक्ति की सच्चाई। जब प्रेम सच्चा हो, तो प्रभु स्वयं साधक के द्वार पर आते हैं। इससे पूर्व कथा प्रारंभ होने से पूर्व संस्था के अध्यक्ष स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज ने व्यास पूजन कर कथा की विधिवत शुरुआत कराई। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जा रही है, जिसमें नगर व आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सहभागी हो रहे हैं।

प्रभु भक्त मंटू शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर स्वामी विज्ञानानंद गिरी जी महाराज, स्वामी शिवानंद जी, पुजारी सौरभ शुक्ल शास्त्री, ठाकुर सिंह, गंगा प्रसाद, मंटू शुक्ला, अनुज शुक्ल सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।कथा के समापन पर भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण हुआ। श्रद्धालु भावविभोर होकर प्रभु श्रीराम की भक्ति में लीन दिखाई दिए।

**लापरवाही** प्रधानमंत्री आवास योजना बनी कागजों की दिखावटी राहत

# बारिश में ढहा गरीब का मकान, महीनों से फाइलों में अटका है आवेदन

» पीड़ित ने लगाई गुहार लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने नहीं ली सुध



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज, रायबरेली।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को छत देने का दावा भले ही सरकारें जोरशोर से करती हों, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। ताजा मामला लालगंज नगर क्षेत्र के घोसियाना मोहल्ले का है, जहां शुक्रवार दोपहर बारिश के दौरान एक गरीब मजदूर का जर्जर मकान भरभराकर ढह गया। हादसे में जान की तो कोई हानि नहीं हुई, लेकिन पीड़ित परिवार की पूरी गृहस्थी मलबे में तब्दील हो गई।

घोसियाना निवासी राजेश कुमार सोनकर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ वर्षों से कच्चे और जर्जर दो कमरों के मकान में रह रहे थे। शुक्रवार दोपहर बारिश के बाद अचानक उनका एक कमरा गिर गया। सौभाग्य था कि घटना से कुछ ही क्षण पहले राजेश उस कमरे से बाहर निकले थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।राजेश ने बताया कि उसने 17 फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन आज तक न तो किसी अधिकारी ने मौका मुआयना किया और न ही कोई जानकारी दी गई। अब जब उसका आशियाना पूरी तरह ढह गया है, तो उसके पास रहने की कोई सुरक्षित जगह नहीं बची है।

गृहस्थी का सारा सामान भी मलबे में दबकर खराब हो चुका है। पीड़ित ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी कर जैसे-तैसे परिवार का पेट पालता है और अब घर टूटने के बाद खुले आसमान के नीचे जीवन गुजारने को मजबूर है। राजेश ने प्रशासन से तत्काल मदद और आवास योजना के तहत मंजूरी की मांग की है, ताकि वह अपने बच्चों को बारिश और धूप से बचा सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के कई मामले नगर क्षेत्र में पहले भी सामने आ चुके हैं, लेकिन अफसरशाही की लापरवाही और प्रक्रिया की धीमी रफ्तार से जरूरतमंदों को समय से लाभ नहीं मिल पा रहा। सवाल उठता है कि आखिर जब घर ढहने के बाद ही कार्रवाई होनी है, तो योजना का उद्देश्य क्या रह जाता है?अब देखना है कि प्रशासन कब जागेगा और गरीब को दोबारा छत दिलाने के लिए कौन पहल करता है।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया संविदाकर्मी, गंभीर

**लालगंज, रायबरेली।** बिजली विभाग की घोर लापरवाही एक बार फिर सामने आई है, जहां खंभे पर चढ़कर विद्युत फॉल्ट सुधार रहे एक संविदाकर्मी हाई टेंशन करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसा लालगंज क्षेत्र के बेनी माधवगंज में शुक्रवार को हुआ। जानकारी के अनुसार, संविदा पर कार्यरत लाइनमैन सुजीत पुत्र राधाचरण एक खंभे पर चढ़कर विद्युत आपूर्ति में आई खराबी को सुधार रहा था। इसी दौरान अचानक वह हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। हादसे में वह बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने सुजीत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने बताया कि युवक के शरीर पर गंभीर जलन है और गिरने से अंदरूनी चोटें भी आई हैं। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## एक नजर

### बिना कार्ड के एटीएम से पैसे निकालें

अगर आप अपने साथ डेबिट कार्ड ले जाना भूल गए हैं या आपको कार्ड चोरी होने का डर है तो भी आप बिना एटीएम कार्ड के सुरक्षित लेनदेन कर सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने यूनो कैश के जरिए ग्राहकों को बिना डेबिट कार्ड के एटीएम से नकदी निकालने की सुविधा दी है।नो कैश के जरिए आप न केवल भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से पैसे निकाल सकते हैं। यह सुविधा 2019 में शुरू हुई और अब इसे और बेहतर बनाया गया है। देशभर के 16,500 से ज्यादा भारतीय स्टेट बैंक एटीएम पर यह सर्विस उपलब्ध है। इस सुविधा के जरिए एक दिन में अधिकतम 20,000 रुपए ही निकाले जा सकते हैं। एक ट्रांजेक्शन में अधिकतम 10,000 रुपए और न्यूनतम 500 रुपए निकाले जा सकते हैं। एप से ट्रांजैक्शन जनरेट करने के बाद 4 घंटे के लिए ही वैलिड होता है।

### पहली बार दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबला

FIDE विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल का पहला गेम जॉर्जिया के बटुमी में कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख के बीच ड्रॉ रहा। यह पहली बार है जब इस टूर्नामेंट के फाइनल में दो भारतीय खिलाड़ी आमने-सामने हैं। दिव्या ने 25 चालों के भीतर जीत की स्थिति बनाने की कोशिश की, लेकिन हम्पी ने दिव्या की छोटी-छोटी गलतियों का फायदा उठाकर गेम ड्रॉ करवाया। दूसरा गेम रविवार को खेला जाएगा, जिसमें हम्पी सफेद मोहरों से खेलेंगी। यदि यह मुकाबला भी बराबरी पर रहा, तो विजेता का फैसला टाईब्रेकर में कम समय की बाजियों के जरिए होगा। वर्ल्ड रैपिड चैंपियन हम्पी का इस ड्रॉ के बावजूद पलड़ा भारी माना जा रहा है, क्योंकि वह पहले गेम में काले मोहरों से खेली थीं। दो गेम के इस क्लासिकल शतरंज फॉर्मेट में अगले और अंतिम गेम में हम्पी को सफेद मोहरों का फायदा मिलेगा।

### फाइव स्टार होटल के जिम से वेट मशीन चुराई

हरियाणा की एक महिला पहलवान पर किर्गिस्तान में चोरी का आरोप लगा है। पहलवान किर्गिस्तान में अंडर-20 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप खेलने के लिए गई थी। यहां उस पर एक अन्य महिला पहलवान के साथ होटल के जिम से वजन मापने वाली मशीन चुराने का आरोप है। जिम में लगे CCTV कैमरे में भी पूरी घटना कैद हुई है। इसका खुलासा इंटरनेशनल रेसलिंग एसोसिएशन (IWA) की शिकायत में हुआ है। IWA की तरफ से इंडियन रेसलिंग एसोसिएशन को लेटर भेजा गया है। जिसमें बताया गया है कि चोरी करने वाली एक महिला पहलवान हरियाणा से है। विवाद सामने आने पर हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने कहा- एक महिला पहलवान हरियाणा की रहने वाली है। उससे इस मामले में बात की गई है तो उसने बताया कि भार मापने वाली मशीन होटल प्रबंधन से पूछकर अपने कमरे में लेकर गई थीं। उन्होंने इसे अफवाह बताया है।

### एशिया कप- भारत-पाकिस्तान का 14 सितंबर को महामुकाबला

क्रिकेट का एशिया कप 2025 UAE में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। दोनों के बीच 14 सितंबर को पहला मैच होगा। अगर दोनों टीमें सुपर-4 स्टेज में पहुंची तो यहां भी दोनों के बीच 21 सितंबर को भी मुकाबला हो सकता है। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा। एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इसकी जानकारी दी है। टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से चौथा टी-20 तीन विकेट से जीता

## सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़त, जम्पा के तीन विकेट, इंग्लिश-ग्रीन के अर्धशतकों से मिली जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टी-20 में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। बासेटेरे में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों जोश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन की अर्धशतकीय पारियों ने टीम को जीत दिलाई। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट खोकर 206 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



**वेस्टइंडीज की खराब शुरुआत**

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। सात ओवर में 67 रन पर चार विकेट गिर चुके थे। इसके बाद शेरफेन रदरफोर्ड (31), रोवमैन पॉवेल (28), रोमारियो शेफर्ड (28), और जेसन होल्डर (26) ने उपयोगी पारियां खेलकर टीम को 200 के पार पहुंचाया।

**एडम जम्पा रहे सफल गेंदबाज**

ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 54 रन देकर 3 विकेट लिए। आरोन हार्डी, सीन एबॉट, और जेवियर बार्टलेट ने 2-2 विकेट हासिल किए।

**जोश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन की शानदार बल्लेबाजी**

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। ओपनर मिचेल मार्श दूसरी गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद जोश इंग्लिश ने पहले ग्लेन मैक्सवेल और फिर कैमरन ग्रीन के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं।

इंग्लिश और मैक्सवेल ने दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों पर 66 रन जोड़े। फिर इंग्लिश और ग्रीन ने तीसरे विकेट के लिए 24 गेंदों पर 63 रन की साझेदारी की। इंग्लिश ने 30 गेंदों पर 51 रन, मैक्सवेल ने 18 गेंदों पर 47 रन, और ग्रीन ने 36 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने 3 विकेट लिए।

## भारतीय टेबल टेनिस को लगातार चैंपियन देने के लिए एक व्यवस्था की जरूरत : दिग्गज अंचता शरत कमल



अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल का मानना है कि भारतीय टेबल टेनिस को युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद करने के लिए एक सुस्पष्ट प्रणाली की आवश्यकता है। हालांकि हाल के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं लेकिन 43 वर्षीय शरत का कहना है कि दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने वाली प्रणाली के बिना केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है। शरत ने बताया, ''हम एक-दो सितारों पर निर्भर नहीं रह सकते, हमें एक ऐसी संरचना की आवश्यकता है जो लगातार चैंपियन तैयार करे।'' उन्होंने कहा, ''युवा प्रतिभाएं तो बहुत हैं लेकिन मुख्य समस्या बदलाव के दौर की है... जब तक हम सही व्यवस्था नहीं अपनाते, हम जूनियर चैंपियन को सीनियर चैंपियन बनते नहीं देख पाएंगे।'' भारत ने 2024 एशियाई चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक जीते जिसमें आयहिका और सुतीर्था मुखर्जी ने महिला युगल में ऐतिहासिक पहला पदक जीता जबकि महिला टीम स्पर्धा में भी पहली बार कांस्य पदक मिला। पेरिस ओलंपिक में महिला टीम पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची और प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की रोमानियाई टीम को हराया। एकल मुकाबलों में मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला दोनों ही प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं। शरत ने कहा, ''असली चुनौती निरंतरता की है। एक पदक को दो होना चाहिए और उसे पांच या छह तक बढ़ाना होगा।'' शरत के अनुसार यह निरंतरता एक व्यवस्थित योजना से आएगी जिसकी शुरुआत 11 साल की उम्र के बच्चों से होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''2036 को देखते हुए हमें उन बच्चों से शुरुआत करनी होगी जो अभी 11 या 12 साल के हैं। हम सभी इसी दिशा में प्रयास कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही एक व्यवस्थित बदलाव देखेंगे।'' भारतीय ओलंपिक संघ के खिलाड़ी आयोग के उपाध्यक्ष शरत ने नए खेल विधेयक की भी प्रशंसा की जिसमें खिलाड़ियों को तवज्जो देने वाला ढांचा है। विधेयक के डोपिंग रोधी प्रावधानों पर शरत ने एक बेहद जरूरी बदलाव की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, ''इस बार सिर्फ खिलाड़ियों को ही सजा नहीं मिलेगी बल्कि कोच और अन्य संलिप्त लोगों को भी सजा मिलेगी। अक्सर खिलाड़ी ही पकड़ा जाता है जबकि अन्य बिना जांच के चलते रहते हैं। अब यह बदलाव होगा।

# अब फ्री नहीं रहेगा यूपीआई, अठन्नी-चवन्नी के ट्रांजेक्शन पर भी लगेगा चार्ज

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने संकेत दिया है कि यूपीआई लेनदेन अब हमेशा के लिए मुफ्त नहीं रहेगा। सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के चलते यह सेवा फिलहाल निशुल्क है, लेकिन लंबे समय तक इसे चलाना संभव नहीं है. आरबीआई अब यूपीआई को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना चाहता है। इस बयान से संकेत मिलता है कि आने वाले समय में यूपीआई पर मामूली शुल्क लगाया जा सकता है, जिससे फ्री डिजिटल ट्रांजैक्शन का दौर समाप्त हो सकता है।

यूपीआई के जरिए धड़ाधड़ लेनदेन करने वाले ग्राहक और दुकानदार जान लें कि अब इससे फ्री में लेनदेन खत्म होने वाला है. इसका कारण यह है कि यूपीआई के जरिए फ्री में लेनदेन की प्रक्रिया को समाप्त करने को लेकर



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बड़ा संकेत दिया है. उनका कहना है कि डिजिटल भुगतान को पूरी तरह से फ्री बनाए रखना दीर्घकालिक रूप से संभव नहीं है।

वर्तमान में सरकार बैंकों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स को सब्सिडी दे रही है, ताकि यूपीआई यूजर्स को फ्री में सर्विस मिलती रहे. लेकिन, भविष्य में इस व्यवस्था में बदलाव होने की संभावना अधिक है और लेनदेन के बदले लोगों को चार्ज भी देना पड़ सकता है.

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पेमेंट सिस्टम को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाना बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा, "कोई भी सिस्टम तब तक टिकाऊ नहीं हो सकता, जब तक उसकी लागत की पूर्ति न हो. अभी सरकार ही सब्सिडी के जरिए खर्च उठा रही है, लेकिन यह स्थिति ज्यादा समय तक नहीं चल सकती." यूपीआई का इस्तेमाल भारत में तेजी से बढ़ रहा है. पिछले दो वर्षों में यूपीआई ट्रांजैक्शन्स में दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है. फिलहाल, प्रतिदिन 60 करोड़ से अधिक ट्रांजैक्शन यूपीआई के माध्यम से हो रहे हैं. सरकार ने डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए अब तक इसे मुफ्त रखा, लेकिन अब आरबीआई की नजर इस सेवा को आत्मनिर्भर बनाने पर है.

# अगस्त में बैंक 14 दिन बंद रहेंगे

## 5 रविवार-2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 7 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा

**नई दिल्ली।** अगले महीने यानी अगस्त में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 14 दिन बैंक बंद रहेंगे। 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 7 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

ऐसे में अगर आपको अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं। यहां देखें अगस्त महीने में आपके राज्य और शहर में बैंक कब-कब बंद रहेंगे...

**15 से 17 अगस्त तक लगातार 3 दिन बैंक बंद**

15 से 17 अगस्त तक देश के ज्यादातर जगहों पर लगातार 3 दिन बैंकों में कारोबार नहीं होगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को जन्माष्टमी/कृष्ण जयंती और 17 अगस्त



को रविवार के चलते बैंक बंद रहेंगे। वहीं असम में 23 से 25 अगस्त तक बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

**ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम**

आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और ATM के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

# इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में डबल धमाका

## पियाजियो का दो दमदार थ्री-व्हीलर लॉन्च

**नई दिल्ली।** पियाजियो ने भारत में दो नए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर मॉडल, आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स लॉन्च किए हैं. ये वाहन लंबी रेंज, दमदार बैटरी और स्मार्ट फीचर्स से लैस हैं. ईवी बाजार में क्रांति लाते हुए ये मॉडल किफायती, पर्यावरण अनुकूल और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हैं.

भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की मांग तेजी से बढ़ रही है. पर्यावरण के प्रति जागरूकता और ईंधन लागत की बचत की सोच अब आम हो चुकी है. ऐसे में पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने दो नए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर मॉडल आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स को बाजार में उतारा है. ये दोनों मॉडल विशेष रूप से भारतीय परिस्थितियों और ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं.



पियाजियो व्हीकल्स के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डिएगो ग्राफी का कहना है कि भारत में ईवी की मांग बढ़ने के साथ ही उनका उद्देश्य टिकाऊ और आजीविका सुधारने वाले वाहन तैयार करना है. वहीं, कंपनी के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट अमित सागर ने कहा कि ग्राहक अब ऐसी गाड़ी चाहते हैं जो लंबी दूरी चले, कम खर्च करे और तकनीक में भी अव्वल हो और यही गुण इन नए मॉडल्स में देखने को मिलते हैं.

यह मॉडल 9.55 किलोवॉट की पावर के साथ आता है और एक बार चार्ज करने पर 236 किमी तक की दूरी तय कर सकता है. इसमें बूस्ट मोड, क्लाइंब असिस्ट और स्मार्ट 4जी टेलीमैटिक्स जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे एक स्मार्ट सवारी बनाते हैं.

# राहुल बोस @58, 5 साल तक मां से थप्पड़ खाए

## अनिल कपूर ने दबाया गला, निर्भया केस पर बोले- दोषियों को सुधरने का मौका मिलना चाहिए



राहुल बोस हिंदी सिनेमा के जाने-माने एक्टर हैं। चमेली, प्यार के साइड इफेक्ट्स और चेन कुली की मेन कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने काम किया है। राहुल की सबसे खास बात यह है कि वे अपनी फिल्मों के हिट या फ्लॉप होने की परवाह नहीं करते। उन्हें लीक से हटकर और अलग सोच वाली फिल्में करना ज्यादा पसंद है। राहुल सिर्फ एक एक्टर या निर्देशक ही नहीं, बल्कि एक एथलीट भी हैं। साल 1998 में वे भारत की पहली राष्ट्रीय रग्बी टीम का हिस्सा थे, जिसने एशियन रग्बी फुटबॉल यूनियन चैम्पियनशिप जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। इसके अलावा वे इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष भी हैं। सैफ अली खान के पिता और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मंसूर अली खान पटौदी ने राहुल को क्रिकेट की ट्रेनिंग भी दी थी। राहुल बोस का जन्म कोलकाता में हुआ था। शुरुआती कुछ साल वहीं बिताने के बाद उनका परिवार मुंबई शिफ्ट हो गया। मुंबई में उन्होंने कैथेड्रल एंड जॉन कॉनन स्कूल से पढ़ाई की। आगे की पढ़ाई के लिए राहुल अमेरिका जाना चाहते थे, लेकिन जब उन्हें वहां एडमिशन नहीं मिला, तो उन्होंने मुंबई के सिडेनहैम कॉलेज में एडमिशन ले लिया। राहुल बोस ने पहली बार एक्टिंग तब की था, जब वे सिर्फ छह साल के थे। उन्होंने स्कूल के नाटक टॉम, द पाइपर्स सन में मुख्य किरदार निभाया था। हालांकि, यह कोई प्रोफेशनल एक्टिंग नहीं थी। 1987 में मां के निधन के बाद राहुल ने रेडिफ्यूजन में कॉपीराइटर के तौर पर काम किया। इसी दौरान वे फिल्मों और स्टेज पर एक्टिंग किया करते थे। फिर साल 1994 में इंग्लिश, अगस्त से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इंग्लिश भाषा में बनी यह फिल्म देव बेनेगल के निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी। इस फिल्म को करने के बाद राहुल का पूरा झुकाव एक्टिंग में ही करियर बनाने पर हो गया। ऐसे में उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी थी। 'मुझे अपनी पहली फिल्म में बैठने के लिए कुर्सी नहीं दी गई थी। मैं लीड एक्टर था। मैंने कभी स्ट्रगल नहीं किया। मैं सीधे स्टेज से लीड रोल निभाने चला गया और फिल्म में कोई एक्ट्रेस भी नहीं थी, केवल मैं ही था। फिर भी मुझे सेट पर कभी कुर्सी नहीं दी गई। कभी-कभी मैं सड़क के डिवाइडर या पैरापेट पर बैठ जाता था, जैसे कि कोई समस्या ही नहीं है, लेकिन बाकी लोगों के पास हमेशा कुर्सियां होती थीं सिवाय मेरे।



# ट्रोलर्स बोले- शादी कर लो बूढ़ी हो रही हो

## जरीन खान ने ट्रोलर्स को फटकार लगाते हुए कहा- इससे फिर जवान हो जाऊंगी

एक्ट्रेस जरीन खान ने एज शेमिंग कर रहे उस ट्रोलर को फटकार लगाई है, जिसने उन्हें कहा है कि शादी कर लो बूढ़ी हो रही हो। एक्ट्रेस ने ट्रोलर को जमकर फटकार लगाई और शादी पर भी अपनी राय रखी। जरीन खान ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा है, 'हाय, मैंने कुछ कमेंट्स पढ़े हैं, अपने वीडियो पर, अपनी पोस्ट पर। एक कमेंट है, जो बहुत ज्यादा अलग था। पता है कौन सा 'शादी कर लो बूढ़ी हो रही हो', तो क्या शादी करने के बाद मैं फिर से जवान हो जाऊंगी। इसका आखिर मतलब क्या है (हंसते हुए)।' आगे एक्ट्रेस ने कहा है, 'मुझे समझ नहीं आता कि ये हमारी कंट्री में ही है या यूनिवर्सल प्रॉब्लम है। किसी तरह शादी को हर चीज का सोल्यूशन माना जाता है। अगर एक इंसान जिंदगी में फोकस नहीं है, काम-धंधा नहीं कर रहा, तो परिवार का सोल्यूशन होता है कि उसकी शादी करवा दो। ये सोल्यूशन कैसे हो सकता है। एक इंसान जो खुद की जिम्मेदारी नहीं उठा पा रहा, निहत्थे का ख्याल नहीं रख पा रहा है, उसके ऊपर तुम एक और जिम्मेदारी लाद दो। वो तो अपनी जिंदगी भी खराब करेगा और सामने वाले की भी। तो मुझे नहीं लगता इससे काम बनेगा।' जरीन ने आगे कहा है, 'फिर अगर बच्चा हाथ से निकल गया, जैसा कि हमारी सोसाइटी में हमारे पेरेंट्स के लिए सबसे ज्यादा डरने वाली बात होती है कि बच्ची हाथ से निकल गई। तो उसका भी सोल्यूशन यही है कि शादी करवा दो। शादी कोई मैजिक है क्या। जहां से मैं देख रही हूं आजकल ज्यादातर शादियां 2-3 महीने से ज्यादा नहीं चल रहीं। मुझे तो बिल्कुल नहीं दिख रहा कि शादी हर प्रॉब्लम का सोल्यूशन है।' इस वीडियो के साथ कैप्शन में जरीन ने लिखा है, 'अब ये और शादी का लड्डू नहीं है, ये अब शादी का लॉलीपॉप बन गया है। आपका क्या ख्याल है।' बताते चलें कि सलमान खान के साथ वीर से डेब्यू करने वालीं जरीन खान आखिरी बार साल 2021 की फिल्म हम भी अकेले तुम भी अकेले में नजर आई हैं।

# 'सैयारा गर्ल' अनीत पड्डा मुंबई एयरपोर्ट पर बोलीं -'मुझे अभी बहुत शर्म आ रही है'



फिल्म 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। दो हफ्तों में ही फिल्म ने वर्ल्डवाइड करीब 300 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इसी बीच शनिवार को फिल्म की लीड एक्ट्रेस अनीत पड्डा को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। वह सिंगापुर जाते हुए नजर आईं। बताया जा रहा है कि फिल्म की टीम एक छोटी सेलिब्रेशन ट्रिप पर जा रही है। सेलेब्रिटी फोटोग्राफर स्नेहजाला के मुताबिक, फिल्म की टीम सिंगापुर में फिल्म की सक्सेस का जश्न मनाने की प्लानिंग की है। एयरपोर्ट पर अनीत ने कुछ समय के लिए मीडिया से बात की। उन्होंने नीली शर्ट, ब्लैक कैप और फेस मास्क पहना था। जब फोटोग्राफर्स ने अनीत से मास्क हटाने को कहा, तो उन्होंने थोड़ी देर के लिए ऐसा किया लेकिन फिर मास्क वापस पहनते हुए बोलीं – "मुझे अभी बहुत शर्म आ रही है।" इसके बाद भी जब फोटोग्राफर्स ने कहा, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए मना कर दिया। अनीत को इससे पहले 23 जुलाई को मुंबई में एक सैलून के बाहर स्पॉट किया गया था। मास्क पहने अनीत भीड़ और फोटोग्राफर्स को देखकर घबरा गईं और तुरंत कार में बैठ गईं। उन्होंने एक फैन के साथ सेल्फी क्लिक करवाने से भी मना कर दिया था। फिल्म के निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स के साथ OTT रिलीज के लिए डील साइन कर ली है, लेकिन थिएटर में फिल्म की अच्छी कमाई को देखते हुए डिजिटल प्रीमियर को फिलहाल टाल दिया गया है।

# सलमान खान को पिता की सीख न मानने का पछतावा

## कहा- बार-बार दोहराई जाने वाली गलतियां आदत बन जाती हैं




सलमान खान ने हाल ही में पिता सलीम खान की दी हुई सीख को देरी से मानने पर पछतावा जाहिर किया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि बार-बार गलतियां दोहराने से ये आदत बन जाती हैं। हाल ही में सलमान खान ने अपने ऑफिशियल X (पहले ट्विटर) अकाउंट पर लिखा है, 'वर्तमान हमारा पास्ट बन जाता है और पास्ट ही हमारा भविष्य बन जाता है। वर्तमान एक तोहफा है, इसलिए इसके साथ अच्छा करें। बार बार दोहराई जाने वाली गलतियां आदत बन जाती हैं और फिर ये किरदार बन जाती हैं। किसी और को दोष मत दीजिए। कोई भी आपको वो करने के लिए मजबूर नहीं कर सकता, जो आप नहीं करना चाहते हैं। मेरे पिता ने मुझसे ये कहा था और ये कितना सच है। काश मैं ये पहले सुन लेना, लेकिन अब भी देर नहीं हुई है।' जब सलमान की एक्टर बनने की ख्वाहिश सुनकर सलीम खान ने उन्हें गधा कह दिया था। दरअसल, सलमान के पिता उन्हें एक्टर नहीं बल्कि क्रिकेटर बनाना चाहते थे। इसके लिए सलीम साहब ने पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर सलीम दुर्रानी को सलमान का ट्रेनर बना दिया। सलमान को क्रिकेट में रुचि नहीं थी लेकिन वो अच्छा खेलते थे। एक दिन उनके पिता उनका मैच देखने स्टेडियम आए। सलमान जानते थे कि अगर उन्होंने अच्छी परफॉर्मेंस दी तो उन्हें हमेशा क्रिकेट खेलना पड़ेगा। सलमान रोजाना 9 बजे के स्कूल टाइम से महज आधे घंटे पहले सुबह उठा करते थे लेकिन अगर वो क्रिकेट खेलते तो इसके लिए उन्हें सुबह 5 बजे उठना पड़ता। ये सोचकर सलमान ने जानबूझकर पिता के सामने इतनी खराब परफॉर्मेंस दी की उन्हें क्रिकेट से हटा दिया गया। कुछ समय बाद सलमान ने 1989 की फिल्म बीवी हो तो ऐसी से एक्टिंग करियर की शुरुआत की। सलमान को इस फिल्म में अपनी परफॉर्मेंस इतनी बुरी लगी कि वो चाहते थे कि फिल्म फ्लॉप हो जाए और इसे कोई न देखे। पहली फिल्म से नाखुश होकर सलमान ने अपने पिता सलीम खान से विनती की कि वे एक फिल्म बनाकर उन्हें दोबारा लॉन्च करें। लेकिन सलीम खान ने जवाब दिया- "इंदौर से मुंबई आकर मैंने कभी घोड़े पर पैसे नहीं लगाए, फिर गधे पर कैसे लगा सकता हूं"

## एक नजर

### जिला बॉक्सिंग संघ की बैठक में शामिल हुए पुलकित सिंह, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**सुलतानपुर।** जिला बॉक्सिंग संघ सुलतानपुर की कार्यकारिणी बैठक रविवार को नगर के कमला नेहरू सामाजिक विज्ञान संस्थान स्थित अंबेडकर सभागार में सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष, युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी पुलकित सिंह ने की। बैठक में जिले भर से आए खिलाड़ियों एवं संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलकित सिंह द्वारा खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन एवं सम्मान के साथ हुई। उन्होंने जिले के बॉक्सिंग खिलाड़ियों को मेडल, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनकी मेहनत की सराहना की। अपने संबोधन में पुलकित सिंह ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि खिलाड़ियों की जरूरतों और संसाधनों की पूर्ति के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। खिलाड़ी अपने खानपान और फिटनेस पर विशेष ध्यान दें ताकि उनका स्टैमिना मजबूत बना रहे। खेल में हार-जीत मायने नहीं रखती, लेकिन हर मैच को फाइनल समझकर पूरे आत्मविश्वास से प्रदर्शन करें, सफलता निश्चित मिलेगी उन्होंने कहा। बैठक में संघ के अन्य पदाधिकारियों ने भी विचार साझा किए और आने वाले आयोजनों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। पुलकित सिंह की मौजूदगी से खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और जोश देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर खिलाड़ियों ने भी जिला बॉक्सिंग संघ के प्रयासों और अध्यक्ष पुलकित सिंह के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



### विद्यालय मर्ज के विरोध में आप का प्रदर्शन

**कादीपुर-सुलतानपुर।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेशचंद्र गौतम एडवोकेट के नेतृत्व में क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गौरा बीबीपुर में प्राथमिक विद्यालयों के मर्ज किए जाने के विरोध में ढपोर शंखों को जगाओं, स्कूल बचाओ, अभियान के अंतर्गत विरोध प्रदर्शन किया गया। रविवार को आयोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र एवं अध्यापकों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया। प्राथमिक विद्यालय के मर्ज के विरोध में लोगों ने शंख एवं थालियां बजाकर सरकार के इस निर्णय का जमकर विरोध किया। इस मौके पर वंशराज दुबे, अनिल कोरी, कुलदीप यादव, साहिल कुमार तिवारी,संगम अग्रहरि सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फरार आरोपी गए जेल

**कादीपुर-सुलतानपुर।** पुलिस पार्टी पर हमला करने के मामले में चार वर्षों से फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के सरैया मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत के धनाहत पुर गांव में वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत प्रधान के पद के लिए हुए उप चुनाव के दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया था। जिसमें पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। रविवार को उप निरीक्षक राज नारायण यादव ने घटना के दो आरोपियों धनपतपुर गांव के मगधु एवं भेजू को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### पुरानी रंजिश में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**कादीपुर-सुलतानपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के बनकेगांव फुटेहरी के रामकृष्ण की विपक्षियों से पुरानी राजेश चल रही थी। आरोप है कि शनिवार को रात लगभग साढ़े आठ बजे विपक्षी उनके घर पर आए। गाली गलौज देते हुए लाठी-डंडा एवं चाकू से हमला बोल दिया। जिससे रामकृष्ण ,उनकी मां शोभावती एवं पत्नी शारदा को काफी चोट आई। वह तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़ति रामकृष्ण की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजमणि, अमित कुमार एवं राममूरत के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती को भगाने का आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र की पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को पुलिस टीम ने नामजद आरोपित को दबोचतकर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है, जहां निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के भगौतीपुर शेखनपुर निवासी रामजीत यादव पुत्र स्व. राम मिलन यादव उसकी 21 वर्षीय बहन को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित युवक के अनुसार, उसकी बहन घर में रखे जेवरात व लगभग 20 हजार रुपये नकद भी साथ ले गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रामजीत यादव के विरुद्ध मई माह में नामजद मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को पुलिस टीम ने दियरा बाजार स्थित गोमती नदी पुल के पास से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, कांस्टेबल जनार्दन यादव एवं शिवम त्रिपाठी शामिल रहे। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### धम्मौर में बूढ़नमाता की मूर्ति खंडित, क्षेत्र में तनाव

**सुलतानपुर।** थाना धम्मौर क्षेत्र के हाजीपट्टी गांव में शनिवार रात एक बेहद संवेदनशील घटना ने पूरे इलाके को तनावग्रस्त कर दिया। गांव के बाहर स्थापित बूढ़नमाता की प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया, जिसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना पर धम्मौर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। वहीं, कूढ़धाम मंदिर के प्रबंधक आनंद चैतन्य भी दर्जनों समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद हाजीपट्टी गांव और आसपास के इलाके में तनाव का माहौल व्याप्त है। एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और हालात पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बूढ़नमाता की यह मूर्ति वर्षों से गांव की आस्था का प्रतीक रही है और ऐसी हरकत न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है, बल्कि शांति व्यवस्था के लिए भी खतरा बन सकती है। धम्मौर पुलिस के अनुसार, घटना की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं, पूरे क्षेत्र में संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।



# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़ी ट्रक से टकराई कार, महिला की मौत, छह घायल

## दिल्ली से बिहार जा रहे थे यात्री, चालक की हालत गंभीर, अयोध्या में चल रहा इलाज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हलियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक्सप्रेसवे के 85वें किमी पर एक तेज रफ्तार कार पीछे से खड़ी ट्रक में जा टकराई, जिससे कार में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत छह लोग घायल हो गए। चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे अयोध्या के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के अनुसार, बिहार के समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर गांव निवासी नवनीत (19) अपने परिवार और एक मित्र के साथ दिल्ली से बिहार जा रहे थे। कार में नवनीत के भाई विपिन (25), हिमांशु (21), बहन कुमारी जया (17), माता नीलू (55) और साथी प्रेम (23) सवार थे। वाहन को कन्नौज जिले के सौरिक थाना क्षेत्र के खेड़ा रायपुर निवासी चालक दीपू चला रहा था। रविवार को जब कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 85 किमी के करीब पहुंची, तभी वह अचानक सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपीडा कर्मियों की सहायता से सभी घायलों को तत्काल कुमारगंज सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने नीलू देवी (55) को मृत घोषित कर दिया। चालक दीपू की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिसे बेहतर इलाज के लिए अयोध्या रेफर किया गया है। अन्य घायलों का भी उपचार जारी है। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया है।

### सांप के डसने से किसान की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**सुलतानपुर।** जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। रविवार की सुबह खेत में चरी काटने गए एक किसान की सांप के डसने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, बालमपुर ग्राम पंचायत के पूरनपुर निवासी नरसिंह (55) रोज की तरह सुबह मवेशियों के लिए चरी काटने खेत में गए थे। इसी दौरान घास में छिपे एक विषैले सांप ने उन्हें पैर में डस लिया। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने की प्रक्रिया शुरू की। कोतवाल अखंड देव मिश्र ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक ही दिन में नींद की झपकी से दो हादसे

» एक ट्रक में थी लकड़ी, दूसरे में प्याज, दोनों पलटे, चालक घायल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार को दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए, जिनका कारण चालकों को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। दोनों ही मामलों में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गए। एक ट्रक लकड़ी से लदा था जबकि दूसरे में प्याज भरे हुए थे।



पहला हादसा सुबह किमी 153.6 के पास हुआ, जब गुजरात से आजमगढ़ जा रहा एक लकड़ी लदा ट्रक चालक की झपकी के चलते पलट गया। ट्रक का अगला हिस्सा सड़क से उतरकर नीचे चला गया। चालक मोहन (34) निवासी टोंक, राजस्थान और सहचालक सुखी राम सोनी (23) इस हादसे में बाल-बाल बच गए। उन्हें किसी तरह की गंभीर चोट नहीं आई। हादसे के बाद सड़क पर लकड़ियां बिखर गईं, जिन्हें श्रब्ठ मशीन की मदद से हटाया गया। सुरक्षा के लिहाज से सेफ्टी कोन लगाए गए और दोनों लेन पर यातायात सामान्य रूप से चलता रहा।

दूसरा हादसा कुछ ही घंटे बाद किमी 148 पर हुआ। नासिक से सिलीगुड़ी जा रहा प्याज लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर डठब्ठ तोड़ते हुए सड़क के नीचे पलट गया। इस ट्रक को गुरदासपुर, पंजाब निवासी लखविंदर सिंह (44) चला रहे थे। उनके साथ हरजीत सिंह (52) भी सवार थे। दोनों को मामूली चोटें आईं। घायलों को तत्काल सीएचसी दोस्तपुर भेजा गया। सहायक सुरक्षा अधिकारी राम जगत तिवारी ने बताया कि वे पेट्रोलिंग टीम के साथ 5 मिनट के अंदर मौके पर पहुंच गए थे। ट्रक को खाली कराने के बाद बाहर निकाला जाएगा। घायलों का इलाज चल रहा है।

# किसानों के आमरण अनशन का मामला गरमाया, डीएम से मुलाकात के बाद मिला आश्वासन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

» एसडीएम लंभुआ की कार्यशैली पर उठे सवाल, कार्रवाई की मांग पर अड़े किसान

**सुलतानपुर।** लंभुआ एसडीएम के रवैये से क्षुब्ध किसानों ने रविवार शाम जिलाधिकारी कुमार हर्ष से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। किसानों ने आरोप लगाया कि एसडीएम गामिनी सिंगला द्वारा दमनकारी नीतियां अपनाई जा रही हैं, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा है।

डीएम ने किसानों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन हिंद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात सिंह ने जानकारी दी कि किसान संगठन के पदाधिकारियों ने 23 जुलाई से आमरण अनशन शुरू किया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 के एक पुराने विवाद में किसानों पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर उन्हें धारा 129 जी के तहत दो-दो लाख रुपये के निजी मुचलके भरने का आदेश दिया गया। किसानों का आरोप है कि उन्हें दो दिन तक अदालत में बैठाकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। अनशन के दौरान कई किसानों की तबीयत बिगड़ गई, उनका शुगर लेवल गिर गया और कुछ को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस बीच राजनीतिक दलों ने भी किसानों का समर्थन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने फोन पर अनशनरत किसानों से बातचीत की। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर के पुत्र से बात कराई, जिन्होंने संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। संयुक्त किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भी धरनास्थल पहुंचे और किसानों को समर्थन दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम और एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे।

लंभुआ कोतवाल के आग्रह पर डीएम से फोन पर वार्ता कराई गई, जिसमें डीएम ने किसानों को वार्ता के लिए बुलाया। सोमवार को किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मुलाकात की और विस्तृत रूप से अपनी समस्याएं रखीं। हालांकि, किसानों की प्रमुख मांग एसडीएम लंभुआ के विरुद्ध कार्रवाई अब तक पूरी नहीं हुई है। किसान नेताओं का कहना है कि वे संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में आगे की रणनीति तय करेंगे और मांगों पर निर्णय आने तक आंदोलन की संभावना बनी रहेगी।

# चोरी का ई-रिक्शा 18 घंटे में बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जिले की जयसिंहपुर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए चोरी गए ई-रिक्शा को महज 18 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।



थाना जयसिंहपुर क्षेत्र में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 297/25, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के अंतर्गत एक ई-रिक्शा की चोरी की गई थी। पुलिस अधीक्षक डा. विनीत जायसवाल द्वारा चलाए जा रहे वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मात्र 18 घंटों में ई-रिक्शा बरामद कर लिया। इस मामले में सहबान उर्फ शाहबनी पुत्र सबिर, निवासी विरसिंहपुर, थाना जयसिंहपुर, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया ई-रिक्शा बरामद कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हीरालाल यादव,कांस्टेबल पंकज कुमार,कांस्टेबल अजय यादव शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई जारी रहेगी।

### सरकारी जमीन से दर्जनों पेड़ काट ले गए आरोपी, प्रधान ने दी तहरीर

**सुलतानपुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के करोमी गांव में सरकारी जमीन पर लगे दर्जनों पेड़ों की अवैध कटान का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान महताब आलम ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ थाने में लिखित तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव की शमशान भूमि पर खड़े शीशम और चिलबिल के करीब दो दर्जन पेड़ काटकर उठा ले जाए गए हैं। ग्राम प्रधान के अनुसार, करोमी गांव निवासी शमशाद अहमद एवं फरियाद पुत्र स्व. मुस्तकीम पर यह गंभीर आरोप है। बताया गया कि उक्त दोनों व्यक्ति न सिर्फ पेड़ काट चुके हैं, बल्कि शेष बचे पेड़ों को भी काटने की फिराक में थे। समय रहते ग्रामीणों को इसकी भनक लगी, तो प्रधान ने तुरंत हस्तक्षेप कर घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रधान महताब आलम ने बताया कि सरकारी भूमि पर पेड़ों की कटाई पूरी तरह अवैध है और इससे ग्राम सभा की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

# रोटरी क्लब का 55वां अधिष्ठापन समारोह मना

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** रोटरी क्लब सुल्तानपुर का 55वां अधिष्ठापन समारोह भव्य रूप से होटल गार्डन व्यू में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंडलाध्यक्ष रोटेरियन केके श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि सह मंडलाध्यक्ष नीरव पांडेय रहे।



समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन व राष्ट्रगान से हुई। पूर्व अध्यक्ष संजय केसरवानी ने क्लब की सामाजिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि रोटरी क्लब ने समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान देकर अपनी विशेष पहचान बनाई है। विजय सेठ ने रोटरी वर्ष 2025-26 के लिए नव-निर्वाचित अध्यक्ष अखिल अग्रवाल और सचिव डॉ. अभिषेक पांडेय को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान "नो प्लास्टिक अभियान" के तहत पर्यावरण अनुकूल बैग का अनावरण किया गया, जिसे आम जनता में निःशुल्क वितरित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक पर निर्भरता कम करना और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। नव-निर्वाचित अध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने रोटरी के उद्देश्यों और वर्ष 2024-25 में किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन साक्षी पांडेय और तनु टंडन ने किया।

» अखिल अग्रवाल बने अध्यक्ष, डा. अभिषेक पांडेय सचिव नियुक्त

समारोह में दो नए कपल सदस्यों प्रमोद मिश्र व नेहा मिश्रा तथा अंकित श्रीवास्तव व आकांक्षा श्रीवास्तव को नीरव पांडेय ने रोटरी पिन पहनाकर सदस्यता प्रदान की। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष डा. रवि त्रिपाठी, पूर्व सचिव रो. वेद जायसवाल सहित बड़ी संख्या में रोटरी सदस्य, सीएमएस डा.आरके मिश्रा, विभिन्न जनपदों से आए चिकित्सक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और रोटरी परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# पयागीपुर रोड को मिला उजाला, नपा अध्यक्ष ने किया रोड लाइट योजना का शुभारंभ

» 47 खंभों पर लगेगी एलईडी लाइट, प्रयाग-अयोध्या राजमार्ग पर दोनों ओर फैलेगा उजियारा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** शहरवासियों को अब अंधेरे सड़कों से निजात मिलने वाली है। नगर पालिका परिषद के एक महत्वाकांक्षी प्रकाश व्यवस्था प्रोजेक्ट की शुरुआत रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने की। उन्होंने नवजीवन हॉस्पिटल से पयागीपुर के बीच सड़क पर रोड लाइट लगाए जाने के कार्य का भूमि पूजन कर विधिवत शुभारंभ किया।



कार्यक्रम का आयोजन वार्ड नंबर 2 के सभासद अखिलेश मिश्रा की पहल पर किया गया। भूमि पूजन के दौरान मंत्रोच्चार के बीच नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने नारियल फोड़कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर अन्य वार्डों से आए सभासदकृदिनेश चौरसिया, मनीष जायसवाल, सुधीर तिवारी, प्रवीण मिश्रा, गिरीश मिश्र, देवानंद, आरिफ, विजय जायसवालकृभी उपस्थित रहे। शुभारंभ के मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंदन सिंह और भाजपा नेत्री उपमा शर्मा ने प्रतीकात्मक रूप से फावड़ा चलाकर कार्य की शुरुआत की। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने जानकारी दी कि इस योजना के तहत प्रयाग-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर कुल 47 खंभों पर अत्याधुनिक एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी, जिससे रात के समय सड़क रोशन रहेगी और लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 2 के पूर्व सभासद संतोष सिंह, अरुण कुमार, श्रवण सिंह, कृष्णदेव मिश्रा, कृष्ण कुमार समेत तमाम स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। यह पहल न केवल क्षेत्र की सौंदर्यता बढ़ाएगी, बल्कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी मील का पत्थर साबित होगी।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. विनीत जायसवाल के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धनपतगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित चल रहे आरोपी विजय प्रताप सिंह उर्फ धर्मवीर सिंह उर्फ गुड्डु को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम जिसमें उपनिरीक्षक सुब्बा यादव के साथ कांस्टेबल सुमित कुमार, सौरभ सिंह व आकाश कुमार शामिल थेकृने रविवार को यह कार्रवाई की। टीम ने आरोपी को कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी वाद संख्या 216/12, अपराध संख्या 405/09, धारा 3(1) उप्र गैंगस्टर एक्ट, थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी से संबंधित है। आरोपी विजय प्रताप सिंह, निवासी मायंग, थाना धनपतगंज, लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने उसे नियमानुसार गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# अकेली महिला से छेड़छाड़ शोर मचाने पर भागा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» महिला ने नामजद तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महिला ने नामजद तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़िता का कहना है कि 22 जुलाई की रात करीब 1 बजे वह अपने छोटे बच्चों और वृद्ध सास के साथ घर में सो रही थीं। उनके पति रोजगार के सिलसिले में बाहर गए हुए हैं। रात में अकील पुत्र मोहम्मद कदीर उनके घर की दीवार फांदकर अंदर घुस आया और बुरी नीयत से उन्हें पकड़कर खींचने लगा। महिला के शोर मचाने पर आरोपी उसे धक्का देकर मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस अकील के घर गई, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। अगले दिन सुबह जब महिला उलाहना देने अकील के घर पहुंची, तो वहां मौजूद अकील और उसकी बुआ रोजीना बानो ने गाली-गलौज करते हुए फौजदारी पर आमादा हो गए। महिला ने किसी तरह अपनी जान बचाकर भागने की बात बताई। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने धमकी दी कि यदि कहीं शिकायत की तो उसे जान से मार देंगे। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की है। गोसाईगंज एसएचओ राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# डा. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर किया श्रमदान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति और देश के मिसाइल मैन डा. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को गोमती मित्र मंडल की ओर से मां गोमती स्वच्छता मिशन के तहत साप्ताहिक श्रमदान आयोजित किया गया। महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी कसौधन के नेतृत्व में नारी शक्ति ने पूरी तत्परता के साथ इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया।



महिलाओं ने तट, कुंड व संपूर्ण परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब हर घर की महिला को माँ गोमती के लिए आंचल फैलाकर याचना करनी चाहिए और इस पवित्र नदी को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। श्रमदान के उपरांत बैठक कर अगले अभियान की रूपरेखा भी तैयार की गई। इस अवसर पर गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने उपस्थित सभी स्वच्छता सैनिकों से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "डॉ. कलाम हमेशा कहा करते थे कि लक्ष्य ऐसा रखो जो असंभव लगे और फिर उसे संभव कर दिखाओ। आज गोमती मित्र मंडल उसी विचारधारा पर कार्य कर रहा है और जनमानस को भी इसी प्रेरणा के साथ जोड़ने का कार्य कर रहा है। श्रमदान में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, महिला मंडल अध्यक्ष शालिनी कसौधन, मिथिलेश पांडे, पल्लवी पांडे, अन्नपूर्णा शर्मा, किरण उपाध्याय, राधा मौर्या, सपना शर्मा, अंजू श्रीवास्तव, देवकी जायसवाल, प्रबंधक राजेन्द्र शर्मा, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, राकेश सिंह दद्दू, राजेश पाठक, मुन्ना सोनी, राकेश मिश्रा, सेनजीत कसौधन, अजीत शर्मा, दीपक मोदनवाल, जयनाथ, राजीव कसौधन, महेश प्रताप, सनी कसौधन, सुजीत कसौधन, रामू सोनी, राज मिश्रा, आनंद वत्स, अभय मिश्रा, अभय सोनी समेत बड़ी संख्या में गोमती मित्र उपस्थित रहे।

**रेडियो कार्यक्रम** जनपद में 1793 बूथों पर सुना गया मन की बात का 124 वां एपिसोड

# मन की बात कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादाई : सुशील त्रिपाठी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। 124 वें एपिसोड को जिले के 1793 बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न डिजिटल माध्यम से कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में कई प्रमुख बातों का उल्लेख किया।



उन्होंने भारत की उपलब्धियों के बारे में बात की। देश और समाज के विकास में लोगों के योगदान को भी सराहा। मन की बात' कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला का जिक्र किया। कहा कि शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी पर पूरा देश गर्व से भर गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने नगर के बूथ संख्या 204 लाल डिग्गी पर शक्ति केन्द्र संयोजक निर्भय सिंह के संयोजन में मन की बात कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादाई होता है। पीएम ने कार्यक्रम में विज्ञान,विरासत और विविधता का संदेश देशवासियों को दिया है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल, सतनाम सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बूथ संख्या 286 पर शक्ति केन्द्र संयोजक राजीव सिंह के संयोजन में मन की बात कार्यक्रम सुना।

इस मौके पर बूथ अध्यक्ष सचिन चोपड़ा,विनोद सिंह,मोहित साहू, ज्ञानेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं जिला उपाध्यक्ष सुनील वर्मा ने बूथ संख्या 347 भांई,आनन्द द्विवेदी बूथ संख्या 120 कादीपुर खुर्द, विवेक सिंह विपिन बूथ संख्या 147 पीढ़ी,राजेश सिंह ने कादीपुर के बूथ संख्या 305, मनोज मौर्या कादीपुर के बूथ संख्या 346, अशोक सिंह बूथ संख्या 345 धम्मौर,प्रदीप शुक्ला इसौली में बूथ संख्या 177 पर मन की बात कार्यक्रम सुना। इसी तरह जिले के 1793 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

## एक नजर

### राज ठाकरे 6 साल बाद उद्धव के घर पहुंचे



**मुम्बई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे रविवार को 6 साल बाद उद्धव ठाकरे के घर मातोश्री पहुंचे। इस दौरान राज ने शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे को गले लगाया और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। इससे पहले आखिरी बार 6 साल पहले 2019 में राज ठाकरे मातोश्री गए थे। उन्होंने उद्धव परिवार को अपने बेटे अमित की शादी में आने का न्योता दिया था। वहीं, औपचारिक रूप से राज 2012 में मातोश्री गए थे। उस समय बालासाहेब ठाकरे बीमार थे। 5 जुलाई को 20 साल बाद उद्धव और राज मुंबई के वर्ली डोम में एक रैली के दौरान साथ नजर आए थे। इस मौके पर दोनों की तरफ से आगे साथ मिलकर राजनीति करने के संकेत दिए गए थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ने अलग पार्टी मनसे बनाई थी। तब दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे।

### गौरीकुंड में लैंडस्लाइड, केदारनाथ रूट बंद

**नयी दिल्ली।** मौसम विभाग ने रविवार के लिए पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश और गुजरात में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तराखंड, पूर्वी मध्य प्रदेश, सौराष्ट्र–कच्छ, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण–गोवा, कर्नाटक, केरल, असम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। शनिवार को रुद्रप्रयाग में रात भर से जारी बारिश के कारण 1600 से ज्यादा चारधाम तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। बारिश के कारण पहाड़ी से बड़े–बड़े पत्थर गिर गए और गौरीकुंड के पास केदारनाथ जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया। अभी भी 700 तीर्थयात्रियों को निकालने की प्रक्रिया जारी है। इधर ओडिशा सरकार ने शनिवार को बालासोर, भद्रक और जाजपुर के अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रखा है। कई नदियां उफान पर हैं, इसलिए निचले इलाकों से लोगों को निकालने को कहा गया है। जलाका और बैतरणी नदी का जलस्तर पहले ही खतरे के निशान को पार कर चुका है, जबकि बालासोर में सुवर्णरेखा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में भी 29 जुलाई तक चार जिलों चंबा, कांगड़ा, मंडी और कुल्लू के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### फूड पॉइजनिंग से 64 छात्राएं अस्पताल में भर्ती

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुरनूल में एक सरकारी बालिका आवासीय स्कूल की 64 छात्राओं को फूड पॉइजनिंग के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि छात्राओं को उल्टी, दस्त और पेट दर्द के लक्षणों के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उनमें से 50 को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। अब इस मामले की जांच की जा रही है।

### कार की टक्कर से ई- रिक्शा चालक की मौत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका इलाके में एक 16 साल के लड़के ने कार से ई–रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में 40 वर्षीय चालक की मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब 11:15 बजे द्वारका नाला रोड पर हुआ। कार में लड़के के साथ उसकी छोटी बहन भी थी। पुलिस के मुताबिक, लड़के ने कार पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे गाड़ी पलट गई और सामने से आ रहे ई–रिक्शा से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल रिक्शा चालक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन सिर में लगी चोटों की वजह से उसकी मौत हो गई। लड़के ने पिता की अनुमति के बिना कार ली थी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 125 और 106 के तहत मामला दर्ज किया है क्योंकि आरोपी नाबालिग है, इसलिए पिता पर भी कार्रवाई की जाएगी। फोरेंसिक टीम ने दोनों वाहन जब्त कर लिए हैं।

### आईएसआई से जुड़ा तस्कर गिरोह पकड़ा

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। अमृतसर रूरल पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों की मदद से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह भारत में हथियार और ड्रग्स भेजने के काम में शामिल था। पुलिस ने इस कार्रवाई में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से काफी मात्रा में हथियार, गोलियां और नकदी बरामद की गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि इनका सीधा संपर्क पाकिस्तान में बैठे ISI एजेंटों से था। पकड़ी गई खेप नव उर्फ नव पंडोरी को सौंपी जानी थी, जो कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का नजदीकी साथी माना जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह नेटवर्क आतंकवाद और गैंगस्टर गिरोहों के गठजोड़ का हिस्सा है।

### थाईलैंड और कम्बोडिया में लड़ाई जारी

**नयी दिल्ली।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद को लेकर रविवार को चौथे दिन भी लड़ाई जारी है। इस खूनी संघर्ष में अब तक 33 लोगों की मौत हो चुकी है और 2 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि उनकी पहल पर दोनों देश युद्धविराम की बातचीत के लिए तैयार हो गए हैं, लेकिन रविवार सुबह प्राचीन मंदिरों के पास फिर से गोलीबारी शुरू हो गई। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता माली सोचेआता ने बताया कि थाई सेना ने सुबह 4:50 बजे मंदिरों के आसपास हमला शुरू किया। वहीं, थाई सेना के उप प्रवक्ता रिचा सुकसुवानोन ने कहा कि कंबोडिया ने सुबह 4:00 बजे गोलीबारी शुरू की। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हन मानेट ने रविवार को कहा कि उनका देश ₹तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम₹ के प्रस्ताव से सहमत है। उन्होंने अपने विदेश मंत्री प्राक सोकहोन को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात करने का आदेश दिया, लेकिन चेतावनी दी कि बैंकॉक कोई समझौता तोड़ने की कोशिश न करे।

### निसार सैटेलाइट 30 जुलाई को लॉन्च होगा

**नयी दिल्ली।** इसरो और नासा की साझेदारी में बने निसार सैटेलाइट की बुधवार 30 जुलाई की शाम 5:40 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्चिंग की जाएगी। 2392 किग्रा. वजनी इस सैटेलाइट को भारतीय रॉकेट जीएसटीवी–एफ 16 से लॉन्च किया जाएगा। इसे 734 किलोमीटर की सन–सिंक्रोनस ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा, जिससे यह रोज एक ही लोकल समय पर एक ही क्षेत्र से गुजर सकेगा। यह मिशन इसरो और नासा के बीच एक दशक से चल रही साझेदारी का बड़ा पड़ाव है। इसरो नासा की साझेदारी के चलते इसे निसार (नासा–इसरो सिंथेटिक अपार्चर राडार) नाम दिया गया है। यह दुनिया का सबसे महंगा अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट है।

# दीवार न होती तो हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में और मौतें होतीं

## चश्मदीदों ने बयां किया मंजर, लाशें पड़ी थीं और लोग ऊपर से दौड़ रहे थे

विश्ववार्ता ब्यूरो

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार के स्थित मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह हुई भगदड़ की घटना में 6 लोगों की मौत हुई और 29 लोग घायल हुए हैं। अपुष्ट सूत्रों ने मृतक संख्या आठ बतायी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने इस हादसे में घायल हुए और मारे गए लोगों के बारे में जानकारी साझा की है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक, हादसे में मारे गए छह लोगों में से चार उत्तर प्रदेश, एक बिहार, और एक उत्तराखंड का निवासी था।

इस हादसे में घायल हुए लोगों ने आपबीती बताई। एक घायल ने बताया कि मैं भगदड़ के दौरान नीचे गिर गया। कुछ लोगों ने बताया कि लड़ाई हो रही थी और इस हादसे के दौरान मंदिर में बहुत भीड़ थी, जिस वजह से मुझे भी चोट आई है।

एक अन्य घायल ने बताया कि वहां बहुत भीड़ थी। किसी ने चिल्लाकर कहा कि शॉर्ट-सर्किट हो गई है। इसके बाद कुछ लोगों ने कहा कि मंदिर में दर्शन संभव नहीं होगा, और इसके बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। घटना के समय बहुत भीड़ थी। अगर दीवार न होती तो बहुत सारे लोग सीधा खाई में गिरते। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बरेली के निवासी आरुष (12), रामपुर निवासी विक्की (18), बाराबंकी निवासी वकील और बदायूं निवासी शांति की मौत हुई है। इसके अलावा बिहार के अररिया निवासी शकल देव (18) और उत्तराखंड के काशीपुर निवासी विपिन सैनी (18 वर्षीय) भी मृतकों में शामिल हैं।



राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें इंद्र (पानीपत, हरियाणा), दुर्गा देवी (दिल्ली), शीतल (रामपुर, उत्तर प्रदेश), भूपेंद्र (बदायूं, उत्तर प्रदेश) अर्जुन (मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश), कृति (मोतीहारी, बिहार), राज कुमार (मोतीहारी, बिहार), अजय (बडियारपुर, बिहार), रोहित शर्मा (मैनपुरी, उत्तर प्रदेश), विकास (बरेली कैंट, उत्तर प्रदेश), काजल (मुरादाबाद), अराधना कुमारी (भागलपुर, बिहार) विनोद शाह (भागलपुर, बिहार), निर्मला (बरेली), विशाल (रामपुर), अनुज (मुरादाबाद), एकांक्षी (धामपुर, उत्तर प्रदेश), संदीप (मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश), रोशन लाल, दीक्षा (रामपुर), अजय कुमार (मुंगेर, बिहार), मनोज शरण (बरेली, उत्तर प्रदेश) शामिल है। इसके अलावा, 23 घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय हरिद्वार में चल रहा है तथा अन्य घायलों के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

एम्स ऋषिकेश के पीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में दुखद हादसा हुआ है। इसमें 6 लोगों की मृत्यु हो गई है और 15 गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर मधुर उनियाल की देखरेख में घायलों का उपचार किया जा रहा है। 15 घायलों में से एक घायल को डिस्चार्ज कर दिया गया है। बाकी लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ज्यादातर घायलों को चेस्ट इंजरी है और कुछ घायलों को मल्टीपल फ्रैक्चर हुआ है। सभी घायलों का इलाज जारी है।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस दौरान भीड़ में से किसी ने मार्ग पर बिजली के तार की अफवाह फैला दी। ऐसे में खुद को करंट से बचाने के लिए लोग भागने की कोशिश करने लगे और भगदड़ मच गई। मंदिर तक पहुंचने के पैदल रास्ता केवल एक ही जो काफी संकरा है। ऐसे में वहां भीड़ लगी रहती है। रविवार सुबह भी ऐसी ही स्थिति थी। ऐसे में जब भगदड़ मची तो कई लोगों को भागने की जगह ही नहीं मिली और वह भीड़ में दब गए। इस बीच एक चश्मदीद का बयान सामने आया है। हादसे का खौफनाक मंजर बयां करते हुए वह रो पड़ी।

# परियोजनाएं सिर्फ सरकारी खर्च नहीं, जनता के विश्वास की पूंजी

## सीएम ने कानपुर, झांसी और चित्रकूट मंडल के जनप्रतिनिधियों संग की विशेष संवाद बैठक



अपने सरकारी आवास पर रविवार को कानपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

विश्ववार्ता ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर कानपुर, झांसी और चित्रकूट मंडल के विधायकों के साथ एक विशेष संवाद बैठक की। यह बैठक केवल विकास परियोजनाओं की समीक्षा का मंच नहीं थी, बल्कि यह लोकतंत्र की उस जीवंत परंपरा का प्रमाण थी, जिसके तहत शासन और जनता के बीच की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी 'जनप्रतिनिधियों' के माध्यम से मुख्यमंत्री जन आकांक्षाओं से मुखातिब हो रहे थे।

मुख्यमंत्री ने संवाद की शुरुआत प्रत्येक सांसद एवं विधायक से सीधे संवाद करते हुए की। उन्होंने उनके निर्वाचन क्षेत्रों की जमीनी परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं, विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक समन्वय पर विस्तार से फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मंडल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मंडल राज्य की औद्योगिक और शैक्षिक रीढ़ तो है ही, साथ ही साथ यह सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का भी केन्द्र है।

बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा मंडल के छह जिलों में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित कुल 1,362 निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की गई, जिनकी अनुमानित लागत 10,914 करोड़ आंकी गई है। इन कार्यों में सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों, बाईपासों, इंटर-कनेक्टिविटी, मिसिंग लिंक रोड, सिंगल कनेक्टिविटी, धार्मिक स्थलों के विकास, सुरक्षा तथा लॉजिस्टिक्स से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव सम्मिलित हैं। इनमें सबसे अधिक कार्य कानपुर नगर में प्रस्तावित किए गए हैं, जहाँ 5,006 करोड़ की लागत से 426 योजनाएं प्रस्तुत हुई हैं। फर्रुखाबाद में 2,476 करोड़ की लागत से 308 कार्य, कानपुर देहात में 1,214 करोड़ के 336 कार्य, कन्नौज में 1,076 करोड़ के 98 कार्य, इटावा में 620 करोड़ के 128 कार्य और औरैया में 524 करोड़ लागत से 66 विकास प्रस्ताव सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि संबंधित जनप्रतिनिधियों से विमर्श कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए और समयबद्ध ढंग से कार्यों की शुरुआत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इन परियोजनाओं को केवल सरकारी खर्च का विवरण न मानते हुए उन्हें 'जनता के विश्वास की पूंजी' बताया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए, उनका पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और सतत निगरानी के माध्यम से समयबद्ध पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग को निर्देशित किया कि नगर विकास विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से संबंधित शिलापट्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधि के नाम अंकित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कानपुर मंडल को 'विकास का अग्रदूत' करार देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में यह मंडल न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणास्पद मॉडल के रूप में उभरेगा।

मुख्यमंत्री ने झांसी और चित्रकूट मंडल के जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की परिस्थितियों, जनअपेक्षाओं और विकासात्मक प्राथमिकताओं के विषय में व्यक्तिगत रूप से संवाद किया।



**शिष्टाचार भेंट**

लखनऊ में रविवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

# तेजस्वी महुआ से लड़े तो हम भी राघोपुर से लड़ जायेंगे

एजेंसी

**पटना।** आरजेडी और परिवार से बाहर चल रहे राजद चीफ लालू यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप वैशाली की महुआ विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। इस बीच एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में जब तेज प्रताप से पूछा गया कि तेजस्वी यादव के दो सीटों से चुनाव लड़ने की चर्चा चल रही है। वो महुआ की सीट से भी चुनाव लड़ सकते हैं। जिसके जवाब में तेज प्रताप ने कहा कि अगर तेजस्वी महुआ से लड़ेंगे, तो हम भी राघोपुर से लड़ जाएंगे। जब इस तरह का माहौल बनेगा, तब का तब देखा जाएगा। राजनीति और परिवार दोनों अलग-अलग हैं। उनके इस बयान के बाद से लालू यादव की टेंशन बढ़ सकती है।



» तेज प्रताप बढ़ाने लगे लालू यादव की टेंशन

महुआ सीट से आरजेडी के कैंडिडेट उतारने के सवाल पर तेज प्रताप ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो वहां की जनता राजद प्रत्याशी को हराकर भेजेगी। उन्होने कहा कि महुआ की जनता सब देख रही है। वहां मेडिकल कॉलेज किसकी वजह से बना है। रोड, अस्पताल की व्यवस्था हम किए। लड़-भिड़कर बनवाए, नहीं तो कहीं और शिफ्ट होने जा रहा था। हमारे तो मेनीफेस्टो में भी था। परिवार से दूर चल रहे तेज प्रताप ने कहा कि हम तो अपने तरीके से परिवार को एकजुट किए हैं। हम चाहते हैं कि बातचीत हो, सभी का सम्मान हो।

# अपराध की चिंता तो एनडीए छोड़ें चिराग

## नीतीश सरकार की आलोचना पर प्रशांत किशोर ने घेरा

एजेंसी

**लखीसराय।** जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने चिराग पासवान पर निशाना साधा है। उन्होंने लोजपा नेता चिराग पासवान के बिहार में बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर दिए बयान पर तंज किया। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें इतनी ही चिंता है तो एनडीए छोड़ कर सरकार से अलग हो जाएं और बिहार की जनता की आवाज बनें। शनिवार को चिराग पासवान ने बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति को कमजोर बताते हुए नीतीश सरकार के कामकाज की आलोचना की थी।



प्रशांत किशोर ने चिराग पासवान के बयान पर कहा कि जो भी बिहार की चिंता करता है, वो बढ़ते अपराध-भ्रष्टाचार का समर्थन नहीं कर सकता है। यह जनता का दबाव है कि एनडीए के सहयोगी दलों को भी आवाज उठाना पड़ रहा है। चिराग पासवान को अगर लगता है कि बिहार की कानून व्यवस्था ठीक नहीं है तो उन्हें एनडीए सरकार से अलग हो जाना चाहिए। बिहार की जनता की आवाज बनना चाहिए। बिहार की जनता की लड़ाई लड़नी चाहिए। यह सही नहीं है कि एनडीए में रहें भी और उसकी शिकायत भी करें।

इससे पहले सूर्यगढ़ा बाजार के पब्लिक हाई स्कूल मैदान में हुई जनसभा में प्रशांत किशोर ने कहा कि इस बार अपने बच्चों का चेहरा देखकर वोट कीजिए। इस साल बिहार की बदहाली की आखिरी दिवाली और छठ होगी। छठ के बाद सूर्यगढ़ा के युवाओं को 10-12 हजार रुपये की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा।

# पुणे रेव पार्टी में एकनाथ खडसे के दामाद गिरफ्तार

## शरद गुट के नेता बोले– कार्रवाई के पीछे राजनीतिक साजिश

एजेंसी

**पुणे।** पुणे पुलिस ने शनिवार देर रात एक रेव पार्टी पर छापेमारी में एनसीपी (एसपी) नेता एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर को गिरफ्तार किया है। अपार्टमेंट से गांजा, शराब और हुक्का जब्त किया गया है। कुल सात लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। सभी आरोपियों को क्राइम ब्रांच ऑफिस से कोर्ट ले जाया गया है।

दामाद की गिरफ्तारी पर खडसे ने कहा- पुलिस की कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद तो नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे ने कहा कि यह छापा उन लोगों के लिए संदेश है, जो सरकार के खिलाफ बोलते हैं। प्रांजल, एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति हैं। रोहिणी एनसीपी (एसपी) की महिला यूनिट की प्रदेश अध्यक्ष हैं।



पुणे पुलिस को खराड़ी इलाके में एक स्टूडियो अपार्टमेंट में रेव पार्टी की सूचना मिली थी। इसके आधार पर क्राइम ब्रांच ने छापा मारा। पुलिस ने बताया कि पार्टी में मौजूद सभी लोग नशे का सेवन कर रहे थे। ड्रग्स, शराब समेत कई नशीली चीजें जब्त की गई है। सभी 7 आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

प्रांजल खेवलकर शरद पवार पार्टी के विधायक एकनाथ खडसे के दामाद और राष्ट्रवादी पार्टी की महिला प्रदेश अध्यक्ष रोहिणी खडसे के दूसरे पति हैं। अपने पहले पति से तलाक लेने के बाद रोहिणी खडसे ने अपने बचपन के दोस्त प्रांजल से शादी कर ली। खेवलकर और खडसे परिवार मुक्ताई नगर में रहते हैं। उनकी पत्नी रोहिणी खडसे राजनीति में सक्रिय हैं। हालांकि, उनके पति प्रांजल राजनीति से दूर हैं। खेवलकर एक रियल एस्टेट और इवेंट मैनेजमेंट पेशेवर हैं। उनके नाम पर चीनी और ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियां हैं।

**भयावह यादें** बुजुर्ग के मुंह में ठूस दिया बम, दो महीने चली थी मुठभेड़, भुलाये नहीं भूलता वह खौफनाक मंजर

# सूफी दरगाह को आतंकवादियों ने लगा दी थी आग

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में स्थित प्रतिष्ठित चरार-ए-शरीफ दरगाह पर 66 दिनों की घेराबंदी को तीन दशक बीत चुके हैं, फिर भी आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ की भयावह यादें उन निवासियों के मन में अब भी ताजा हैं, जिन्होंने अपने प्राचीन शहर में मौत और तबाही का मंजर देखा था। 11 मई 1995 को घेराबंदी का अंत तब हुआ जब चारों तरफ से घिर चुके आतंकवादियों ने हताश होकर दरगाह को आग लगा दी। इससे सूफी संत शेख नूर-उद-दीन नूरानी, जिन्हें नंद ऋषि भी कहा जाता है, की 14वीं शताब्दी की दरगाह, नजदीकी मस्जिद और आसपास के क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया, तथा हजारों निवासियों ने अपने घर और आजीविका खो दी।

गुलाम हसन खादिम जैसे स्थानीय लोग आज भी उस घटना को याद करके सिहर उठते हैं जब पाकिस्तानी आतंकवादी मस्त गुल ने घेराबंदी तोड़ने का प्रयास कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति के मुंह में ग्रेनेड ठूंस दिया था। इस घटना ने कई अन्य लोगों की जिंदगी को भी पूरी तरह से बदल दिया। लखादिम ने गहरी सांस लेते हुए विद्वान बुजुर्ग नूर मोहम्मद फतेह खान की बहादुरी को याद किया, जिन्होंने दरगाह के अंदर छिपे आतंकवादियों से संपर्क करने का प्रयास किया था।

खादिम ने बताया, 'मुझे अच्छी तरह से याद है कि मस्त गुल ने उनके (खान) मुंह में एक ग्रेनेड ठूंस दिया था और उसकी पिन निकालना चाहता था, लेकिन उन्हें यह चेतावनी देकर छोड़ दिया कि बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है।' उन्होंने कहा, 'इस घटना को चारदीवारी से देख रहे हममें से कई लोग स्तब्ध रह गए।' एक तरफ आतंकियों के आग लगाने के कारण दरगाह और आसपास के घर दहक रहे थे जबकि गुल रहस्यमय तरीके से फरार हो गया। चरार-ए-शरीफ अपनी सूफी परंपराओं से ताकत हासिल करते हुए बहाली के पथ पर आगे बढ़ रहा है।



खादिम ने कहा, 'इस दरगाह के प्रति आस्था, जो मुसलमानों के साथ-साथ कश्मीरी पंडितों द्वारा भी पूजनीय है, केवल बढ़ी है, क्योंकि यह आम धारणा है कि स्थानीय आबादी अधिक प्रभावित होने से इसलिए बच गई क्योंकि आसन्न आपदा का पूरा खामियाजा इस दरगाह ने उठाया है।'

जम्मू-कश्मीर पुलिस के पूर्व महानिदेशक कुलदीप खोड़ा का कहना है कि चरार-ए-शरीफ दरगाह आतंकवादियों और सीमा पार उनके आकाओं के लिए ''आंखों की सबसे बड़ी किरकिरी'' थी। उन्होंने कहा, 'कश्मीर अपनी सूफी परंपरा के लिए जाना जाता है और चरार स्थित दरगाह इसका जीता जागता सबूत है। आईएसआई और आतंकवादी समूहों का हमेशा से इस परंपरा को खत्म करने की साजिश रही है और 1995 में की गई कोशिश भी इसी साजिश का हिस्सा थी।' उस समय 32 वर्ष के रहे गुलाम कादिर याद करते हैं कि पूरे इलाके की 66 दिनों तक घेराबंदी की गई थी। उन्होंने कहा, 'वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल जनरल के.वी. कृष्ण राव के नेतृत्व में शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों की बार-बार की गई अपीलें अनसुनी कर दी गईं, क्योंकि छुपे हुए आतंकवादियों का वहां से निकलने का इरादा नहीं था।' गुलाम कादिर का मानना है कि शहर अब भी उस त्रासदी के जख्मों के साथ जी रहा है। उन्होंने बताया कि भीषण आग में नष्ट हुए कई घरों का कभी भी उचित पुनर्वास नहीं किया गया और 2008 के बाद पुनर्निर्माण के प्रयास कथित तौर पर पूरी तरह से ठप हो गए हैं। एक अन्य स्थानीय निवासी ने बताया कि मुख्य दरगाह का काम अभी पूरा हो ही रहा था कि उपराज्यपाल प्रशासन ने बगल वाली मस्जिद को बंद कर दिया, क्योंकि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की एक टीम ने इसे असुरक्षित घोषित कर दिया था। उन्होंने बताया कि यह एक नई संरचना थी और इसमें खामियां थीं। स्थानीय लोगों ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं, विशेषकर इस तथ्य को देखते हुए कि इस पर काफी धनराशि खर्च की गई है।

# ₹1500 के लिए भैया ही बन बैठे लाडकी बहन

एजेंसी

**मुम्बई।** महाराष्ट्र में आर्थिक रूप से वंचित महिलाओं के लिए बनाई गई लाडकी बहन योजना के तहत 14,000 से ज्यादा पुरुषों ने धोखाधड़ी से पैसे लिए। महिला एवं बाल विकास विभाग के एक ऑडिट में यह खुलासा हुआ है।

14,298 पुरुषों को 21.44 करोड़ रुपए दिए गए, जिन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में हेराफेरी की और खुद को महिला बताकर रजिस्टर करा लिया। यह खुलासा योजना शुरू होने के लगभग 10 महीने बाद हुआ। 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले शुरू की गई यह योजना, भाजपा के नेतृत्व वाले और शिवसेना व राकांपा के महायुति गठबंधन के लिए वोटर्स को लुभाने का जरिया थी।

» ऑडिट में खुलासा– 14,298 पुरुषों ने ₹21.44 करोड़ ठगे

इस योजना के तहत 21 से 65 साल की उम्र की उन महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने दिए जाते हैं, जिनके परिवारों की सालाना कमाई 2.5 लाख रुपए से कम है।

स्कैम के खुलासे के बाद डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा, ₹लाडकी बहन योजना गरीब महिलाओं की मदद के लिए शुरू की गई थी। हम उन्हें दिया पैसा वसूल करेंगे।

अगर वे सहयोग नहीं करते हैं, तो आगे कार्रवाई होगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की इसी रिपोर्ट के मुताबिक फर्जी रजिस्ट्रेशन के कारण योजना को पहले ही साल में 1640 करोड़ का नुकसान हुआ है।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com